


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


# जागरण मोर्चा




www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 90 बुधवार, 13 मई 2026 ज्येष्ठ कृष्णा एकादशी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर



### पाकिस्तान में विस्फोटक से भरी ऑटो में धमाका, 8 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम हिस्से में मंगलवार को एक बार फिर भीषण आत्मघाती हमला हुआ। मामले में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में एक हमलावर ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी में धमाका कर दिया। इस घटना में दो सुरक्षा अधिकारियों सहित कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य लोग घायल हुए हैं। पिछले 48 घंटे में यह पाकिस्तान में दूसरा बड़ा आत्मघाती हमला है। जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह धमाका नौरंग बाजार के फाटक चौक पर हुआ। यहां आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे अपने तीन पहिया ऑटो रिक्शा को उड़ा दिया। अधिकारियों के मुताबिक, जान गंवाने वालों में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मी और एक महिला भी शामिल है। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया।

### सुप्रीम कोर्ट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की एंट्री

**नई दिल्ली :** भारतीय न्याय व्यवस्था में आज एक नए युग की शुरुआत हुई है। अब आपको अपने केस की जानकारी के लिए अदालतों के चक्कर काटने या दर्जनों वेबसाइट्स खंगालने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने आम जनता और वकीलों की सहूलियत के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई (AI) का हाथ थामा है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने दो क्रांतिकारी डिजिटल पहल—"सु सहाय" चैटबॉट और "वन केस वन डाटा" को लॉन्च कर दिया है। सोमवार को अदालत की कार्यवाही शुरू होने से पहले एक ऐतिहासिक घोषणा हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने "वन केस वन डाटा" पहल की शुरुआत की। अब तक हाई कोर्ट, जिला अदालत

## नीट परीक्षा रद्द होने पर ओवैसी का सरकार पर निशाना

**दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की तरफ से आयोजित कराई जाने वाली नीट-यूजी 2026 की परीक्षा रद्द कर दी गई है। सामने आया है कि नीट की तीन मई को हुई परीक्षा से पहले ही इसके पेपर के अधिकतर सवाल लीक हो गए थे। इसके बाद जो जांच हुई, उसके नतीजों को मद्देनजर रखते हुए न सिर्फ मेडिकल की इस सबसे बड़ी परीक्षा को रद्द किया गया, बल्कि इसकी जांच सीबीआई को भी सौंप दी गई। इसी के साथ एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसे लेकर सरकार पर निशाना साधा हुए कुछ सवाल किए हैं।



ओवैसी ने इस पर कहा संसद में पास हुए उस कानून का क्या हुआ, जिसके तहत आपने कहा था कि पेपर लीक में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी? फिर पेपर लीक कैसे हो गया? और अब प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कहां है? उन्होंने छात्रों से कहा था कि वे टेंशन न लें। अब वे उन्हें क्या जवाब देंगे? 'मन की बात' में उन्होंने बच्चों से कहा था कि वे चिंता न करें। लेकिन उन छात्रों का क्या, जो पिछले दो वर्षों से तैयारी कर रहे हैं, जिनके माता-पिता ने कोचिंग सेंटरों पर लाखों रुपये खर्च किए हैं? वे इस समय किस दौर से गुजर रहे होंगे? वे गरीब छात्र, जो नीट पास करने का सपना देखते हैं। भाजपा और प्रधानमंत्री को इसका जवाब देना होगा। उन्होंने पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान हुए एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी एसआईआर से जुड़े थे, उन्हें सरकार में अहम पद मिले हैं। उन्होंने बताया कि जो लोग प्रभारी के तौर पर एसआईआर का काम कर रहे थे उन्हें राज्य सरकार का हिस्सा बना लिया गया है।

## पीएम मोदी की गोल्ड-तेल बचत अपील से भड़का विपक्ष

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट संकट के बीच पीएम मोदी ने देशवासियों से एक साल तक सोना न खरीदने और खाने का तेल कम इस्तेमाल करने की अपील की है। वैश्विक संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खर्च घटाने और बचत बढ़ाने की अपील पर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल हमलावर हो गए हैं। वह इसे सरकार की आर्थिक विफलता बता रहे हैं। बीजेपी ने विपक्ष की आलोचनाओं का करारा जवाब दिया है।

दिल्ली में बीजेपी नेता सुधांशु त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के फैसलों का बचाव करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार का काम लोगों को संभावित खतरों के प्रति आगाह करना और व्यवस्था बनाए रखना है। त्रिवेदी ने कहा कि जैसे सुनामी या तूफान की आशंका होने पर



सरकार लोगों को सतर्क रहने की सलाह देती है, उसी तरह वर्तमान वैश्विक हालात में भी सरकार की जिम्मेदारी है कि वह देश को हर संभावित संकट के लिए तैयार रखे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका मतलब लोगों की स्वतंत्रता पर रोक लगाना नहीं है। बीजेपी नेता ने कहा कि मौजूदा समय में हर गांव, शहर, जिले और क्षेत्र में व्यवस्था बनाए रखना बेहद जरूरी हो गया है। उनके मुताबिक, दुनिया जिस तरह आर्थिक, रणनीतिक और ऊर्जा संकट के दौर से गुजर रही है, उसमें सरकार का सतर्क रहना स्वाभाविक है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष हर मुद्दे पर सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते अब उस सीमा तक पहुंच रहा है, जहां यह देशहित के खिलाफ नजर आने लगता है। त्रिवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता जैसे मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष से सीधे सवाल करते हुए कहा कि आज दुनिया का कौन-सा हिस्सा ऐसा है जो किसी न किसी संकट से नहीं जूझ रहा। उन्होंने अमेरिका, यूरोप और मिडिल ईस्ट का उदाहरण देते हुए कहा कि पूरी दुनिया आर्थिक दबाव, ऊर्जा संकट और रणनीतिक अस्थिरता का सामना कर रही है। ऐसे समय में भारत को भविष्य के लिए तैयार करना सरकार की प्राथमिकता है।

## असम में हिमंत बिस्व सरमा दूसरी बार बने मुख्यमंत्री, 4 कैबिनेट मंत्रियों संग ली शपथ

**गुवाहाटी।** असम की राजनीति में मंगलवार का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब हिमंता बिस्वा सरमा ने लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह असम में लगातार दो कार्यकाल तक मुख्यमंत्री बनने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता बन गए। गुवाहाटी में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। विधानसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद, इस शपथ ग्रहण से पूर्वोत्तर राज्य में BJP के नेतृत्व वाले NDA की पकड़ और मज़बूत हुई है।

57 साल की उम्र में, सरमा असम के पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी नेता बन गए हैं, जो लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं। गुवाहाटी के खानापारा स्थित वेटरनरी कॉलेज मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने सरमा और चार अन्य विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ



दिलाई। सरमा के साथ शपथ लेने वाले चार विधायकों में BJP नेता अजंता नेओग और रामेश्वर तेली, AGP के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट (BPF) के चरण बोरो शामिल हैं। नेओग, बोरा और बोरो सरमा के पिछले मंत्रिमंडल का हिस्सा थे, जबकि तेली केंद्रीय मंत्री के तौर पर काम करने के बाद राज्य की राजनीति में लौटे हैं।

पीएम मोदी और NDA के शीर्ष नेता समारोह में शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह से पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार रात गुवाहाटी पहुंचे और BJP तथा NDA के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ शिंह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी समेत कई केंद्रीय मंत्री शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे। हिमंत बिस्व सरमा के शपथ ग्रहण समारोह में बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दोनों उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार मौजूद रहीं। इसके अलावा बीजेपी शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण में पहुंचे। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सरमा और BJP के अन्य नेताओं ने PM मोदी का स्वागत किया।

सर्बानंद सोनोवाल, शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और चिराग पासवान सहित कई केंद्रीय मंत्री भी इस समारोह में शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि इस समारोह में एक लाख से ज़्यादा लोग शामिल हुए। असम विधानसभा चुनावों में BJP के नेतृत्व वाले NDA को ज़बरदस्त जनादेश मिला, और उसने 126 सदस्यों वाले सदन में 102 सीटें जीतीं। अकेले BJP ने 82 सीटें जीतीं, जबकि गठबंधन के सहयोगी AGP और BPF ने 10-10 सीटें हासिल कीं। यह असम में NDA की लगातार तीसरी सरकार है। इस गठबंधन ने पहली बार 2016 में सर्बानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सत्ता संभाली थी। BJP नेता हिमंत बिस्वा सरमा के साथ, चार मंत्रियों दो भगवा पार्टी से और एक-एक उसके सहयोगी दलों AGP और BPF से ने असम की नई सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। जिन्होंने मंत्री पद की शपथ ली, उनमें रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो, अजंता नेओग शामिल हैं।

## मान गया फ्रांस, पर केवल तकनीकी डेटा देगा भारत में होगी राफेल मिसाइलों की मरम्मत

**नई दिल्ली।** राफेल और मिराज-2000 जैसे लड़ाकू विमानों में लगने वाली MICA मिसाइलों की मरम्मत भारत में ही की जा सकेगी। फ्रांसीसी कंपनी MBDA ने भारतीय वायुसेना (IAF) के साथ इस बारे में करार किया है। इसके तहत भारत में ही MICA मिसाइलों का आधुनिकीकरण किया जा सकेगा और साथ ही फ्रांस से खरीदे गए राफेल की भी मरम्मत की जा सकेगी। इस समझौते के लिए अरसे से कोशिशें की जा रही थीं। फ्रांसीसी कंपनी भारत में MICA के रखरखाव और मरम्मत केंद्र स्थापित करेगी।

OPEXNews की एक खबर के अनुसार, MBDA और IAF के इस नए समझौते में भारतीय डसॉल्ट राफेल लड़ाकू विमानों और आधुनिक मिराज 2000 विमानों द्वारा उपयोग की जाने वाली MICA मिसाइलों की मरम्मत और मध्यम स्तर के आधुनिकीकरण के लिए स्थानीय क्षमताओं की तैनाती का प्रावधान है। भारत और MBDA ने MICA हवा से हवा मिसाइल के लिए एक नए समर्थन समझौते की घोषणा की है। इस समझौते के



तहत भारतीय वायु सेना MICA के लिए एक घरेलू मरम्मत केंद्र स्थापित और संचालित करेगी, जबकि MBDA कलपुर्जे, तकनीकी डेटा और ट्रेनिंग देगी।

दरअसल, मिसाइलें रिपेयर नहीं, ओवरहॉल होती हैं। एक बार लॉन्च होने के बाद मिसाइल नष्ट हो जाती है। मरम्मत का मतलब उसके भंडारण (Storage) के दौरान खराबी को ठीक करना या उसकी उम्र बढ़ाने के लिए उसे सर्विस करना है।

भारत वायु सेना ने बताया कि यह सेंटर मिसाइल भंडार को फिर से तैयार करने में लगने वाले समय को कम करेगा और वायु सेना की युद्धक तत्परता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। फ्रांस आवश्यक उपकरण और तकनीकी दस्तावेज उपलब्ध कराएगा और स्थानीय कर्मियों को प्रशिक्षण देगा।

इस सुविधा की स्थापना का निर्णय ऑपरेशन सिंदूर के बाद लिया गया, जिसके दौरान भारत ने लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों और वायु रक्षा प्रणालियों का सक्रिय रूप से इस्तेमाल किया गया था।MICA मिसाइल एक बहुमुखी हवा से हवा में मार करने वाला हथियार है। इसे फ्रांसीसी में कहा जाता है, जिसका शाब्दिक अर्थ है-'अवरोधन, युद्ध और आत्मरक्षा के लिए मिसाइल।

यह एक फ्रांसीसी वायुरोधी मल्टीपल टार्गेट्स वाली हर मौसम में दागो और भूल जाओ वाली लघु से मध्यम दूरी की मिसाइल प्रणाली है, जिसका निर्माण MBDA फ्रांस द्वारा किया गया है।

## नीट यूजी परीक्षा रद्द, 22 लाख से अधिक छात्रों का भविष्य अधर में

**दिल्ली/जयपुर।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट यूजी 2026' को लेकर इस वक्त की सबसे बड़ी खबर आ रही है। एक बार फिर से NTA के कराए गए एग्जाम का पेपर लीक हो गया है। 22 लाख से अधिक छात्रों की मेहनत पर पेपर लीक पानी फेर दिया है। एग्जाम लीक के नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA ने नीट यूजी 2026 की परीक्षा को रद्द फैसला लिया है। अब इस पूरे काले खेल की जांच सीबीआई करेगी।

3 मई को देशभर में आयोजित हुई नीट यूजी परीक्षा अब विवादों के घेरे में है। शुरुआत में जिसे अफवाह बताया जा रहा था,




राजस्थान पुलिस की एसओजी जांच में वो एक कड़वी सच्चाई बनकर सामने आई। जांच में खुलासा हुआ है कि परीक्षा से पहले जो 'गेस पेपर' वायरल हुआ था, उसके 180 में से करीब 120 से 150 सवाल हूबहू मुख्य परीक्षा में आ गए। हैरानी की बात यह है कि केमिस्ट्री के 30 और बायोलॉजी के 90 सवाल सीधे लीक हुए पेपर से मैच कर गए। जांच में सामने आया कि पेपर छपने से पहले ही सवालों का सेट लीक कर दिया गया था। NTA ने इस धांधली को स्वीकार करते हुए परीक्षा निरस्त कर दी है। एजेंसी का कहना है कि हालांकि इससे छात्रों और अभिभावकों को परेशानी होगी, लेकिन सिस्टम पर भरोसा बनाए रखने के लिए परीक्षा रद्द करना ही एकमात्र रास्ता था। अब इस पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश करने की जिम्मेदारी सीबीआई को सौंप दी गई है।

## चेन्नई-अबू धाबी फ्लाइट में टेकऑफ से पहले तकनीकी खराबी, 280 यात्रियों को सुरक्षित तरीके से उतारा गया

**नई दिल्ली।** चेन्नई से अबू धाबी जाने वाली एतिहाद एयरवेज की एक फ्लाइट मंगलवार को टेकऑफ से ठीक पहले तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दी गई। इस दौरान विमान में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई।

एयरबस A320 विमान, जो फ्लाइट EY343 के रूप में संचालित हो रहा था, टेकऑफ की तैयारी में था। इसी दौरान इंजीनियरों ने प्री-टेकऑफ जांच के दौरान हाइड्रोलिक लीक की समस्या का पता लगाया। इस विमान में लगभग 280 यात्री सवार थे, जिन्हें तुरंत सुरक्षित तरीके से डिबोर्ड कराया गया।

तकनीकी खराबी के बाद विमान को 'ग्राउंड पर विमान' (एयरक्राफ्ट ऑन ग्राउंड) घोषित कर दिया गया। इसका मतलब है कि विमान को तब तक उड़ान के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता जब तक पूरी जांच और मरम्मत पूरी न हो जाए। इसके बाद विमान को रनवे से हटाकर पार्किंग बे में वापस ले जाया गया।

शुरुआती रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि टेकऑफ के दौरान विमान के बाएं पंख के पास धुआं या आग जैसी स्थिति देखी गई थी, जिससे एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। एहतियात के तौर पर फायर और रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंची। हालांकि बाद में एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि विमान में किसी भी तरह की आग नहीं लगी थी।

## पीएम की अपील के बाद उड़ी निर्माण बैन की अफवाह, नीति आयोग ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे संकट और आर्थिक दबाव के बीच देश भर में निर्माण कार्यों को लेकर एक बहुत बड़ी अफवाह फैल गई थी। ऐसा दावा किया जा रहा था कि सरकार ने बड़े निर्माण और इमारतों को ढहाने के काम पर दो साल के लिए पूरी तरह से रोक लगा दी है। लेकिन अब नीति आयोग ने इस खबर को पूरी तरह से गलत बताया है। नीति आयोग ने साफ किया है कि उनकी तरफ से निर्माण पर बैन लगाने जैसी कोई भी सिफारिश नहीं की गई है। यह खबर पूरी तरह से बेबुनियाद है और इसका सच्चाई से कोई भी लेना-देना नहीं है। देश की जनता




और ठेकेदारों को ऐसी किसी भी गलत जानकारी पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

नीति आयोग ने इस पूरे मामले पर अपनी स्थिति बिल्कुल स्पष्ट कर दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए आयोग ने 12 मई को छपी एक मीडिया रिपोर्ट का कड़ाई से खंडन किया। आयोग ने बताया कि उन्होंने सरकार को बड़े निर्माण कार्यों या इमारतों को तोड़ने के काम को रोकने के लिए कभी कोई सलाह नहीं दी है। नीति आयोग ने कहा कि यह सिर्फ एक अफवाह है और किसी भी काम को रोकने का कोई आदेश या सुझाव उनकी तरफ से बिल्कुल नहीं दिया गया है। सरकारी कामकाज और देश के विकास से जुड़े सारे काम अपने तय समय और नियम के हिसाब से ही चल रहे हैं।

## तमिलनाडु सरकार का फैसला : 717 शराब की दुकानें होंगी बंद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए राज्य में चल रही शराब की 717 खुदरा दुकानों को अगले दो सप्ताह के भीतर बंद करने का आदेश दिया है। ये सभी दुकानें धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और बस स्टैंडों के 500 मीटर के दायरे में स्थित हैं। मुख्यमंत्री के इस फैसले की जानकारी सूचना और जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर), चेन्नई ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी है।

तमिलनाडु राज्य विपणन निगम (टीएएसएमएसी) वर्तमान में राज्य में कुल 4,765 शराब की खुदरा दुकानों का संचालन कर रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर किये गये विशेष सर्वेक्षण में पाया गया कि इनमें से 717 दुकानें ऐसी जगहों पर संचालित हो रही हैं,



जिससे आम जनता और छात्रों को असुविधा हो रही थी।

विज्ञप्ति के अनुसार, धार्मिक स्थलों के पास स्थित 276 दुकानें, शिक्षण संस्थानों के करीब की 186 दुकानें और बस स्टैंडों के निकट स्थित 255 दुकानों को बंद किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिया है कि इन सभी चिह्नित दुकानों को आगामी दो हफ्तों के भीतर पूरी तरह से बंद कर दिया जाए।

**कार्रवाई** डेनमार्क के साथ सीक्रेट बातचीत कर रहा है अमेरिका

## ग्रीनलैंड पर बिना गोली चलाए होगा अमेरिका का 'सैन्य कब्जा'

**वॉशिंगटन/कोपेनहेगन।** ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर लगातार धमकियां दे रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए खुशखबरी है। अमेरिका नाटो सहयोगी देश डेनमार्क के साथ ग्रीनलैंड में 3 सैन्य अड्डे बनाने को लेकर बातचीत कर रहा है। ये सैन्य अड्डे देश के दक्षिणी हिस्से में बनाए जाएंगे। ग्रीनलैंड यूरोपीय देश डेनमार्क का अर्द्ध स्वायत्त इलाका है। इन सैन्य अड्डों को लेकर डेनमार्क और अमेरिका के बीच कई महीने से बातचीत चल रही थी। डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी दी थी। इसके बाद से ही अमेरिका और अन्य यूरोपीय नाटो देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। इसके बाद अमेरिका और डेनमार्क के बीच में बातचीत शुरू हुई और



अब 3 सैन्य अड्डे बनाने पर सहमति बनती दिख रही है।

अमेरिका डेनमार्क के साथ सीक्रेट बातचीत कर रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच बातचीत आगे बढ़ी है। व्हाइट हाउस ने भी इस बात की पुष्टि की है कि ग्रीनलैंड और डेनमार्क के साथ उनकी उच्चस्तरीय बातचीत जारी है। हालांकि उसने बातचीत का डिटेल नहीं बताया। वहीं डेनमार्क के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'अमेरिका के साथ कूटनीतकि बातचीत जारी है। विदेश मंत्रालय इससे ज्यादा और जानकारी नहीं दे सकता है।'

रिपोर्ट के मुताबिक वाइट हाउस के अधिकारी ने कहा कि अमेरिका सरकार का मानना है कि ये बातचीत सही दिशा में बढ़ रही है। अमेरिका की इच्छा है कि वह ग्रीनलैंड के दक्षिणी हिस्से में 3 नए सैन्य अड्डे बनाना चाहता है। डोनाल्ड ट्रंप के ग्रीनलैंड पर ताकत के बल पर कब्जा करने की धमकी के बाद डेनमार्क के साथ तनाव भड़क उठा था। इससे पहले जनवरी महीने में ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड का 'स्वामित्व' लेना चाहिए ताकि चीन और रूस को वहां से बाहर रखा जाए। उन्होंने कहा कि यह आसानी से हो सकता है या नहीं तो 'सख्त तरीका' अपनाना होगा। BBC की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ने एक प्रस्ताव दिया है जिसके तहत 3 सैन्य अड्डे बनाएं जाएंगे और उस पर लिखा होगा कि यह अमेरिका का संप्रभु इलाका है।

## सनातन धर्म लोगों को विभाजित करता है इसे समाप्त किया जाना चाहिए : उदयनिधि

**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता उदयनिधि स्टालिन ने मंगलवार को दावा किया कि सनातन धर्म लोगों को विभाजित करता है और उन्होंने इसे 'समाप्त' करने का आह्वान किया। उदयनिधि इससे पहले सितंबर 2023 में भी इस तरह का बयान दे चुके हैं। तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में अपने पहले भाषण में द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन ने यह भी कहा कि विपक्ष, तमिल प्रार्थना गीत ''तमिल थाई वझुथु'' को दरकिनार करने के किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देगा।

उन्होंने सदन में अपने भाषण में कहा, ''सनातन धर्म लोगों को विभाजित करता है और उसे निश्चित रूप से समाप्त किया जाना चाहिए।'' इससे पहले



उदयनिधि ने 2023 में भी इसी तरह की टिप्पणी की थी, जिससे एक बड़ा विवाद पैदा हो गया था। उन्हें हिंदू समर्थक संगठनों की आलोचना का शिकार होना पड़ा था और उनके खिलाफ कई मामले भी दर्ज कराए गए थे।

उदयनिधि ने नयी सरकार के हालिया शपथ ग्रहण समारोह के संबंध में एक विशिष्ट शिकायत को उजागर करते हुए कहा कि राज्य के गीत को उसकी पारंपरिक प्राथमिकता के बजाय क्रम में तीसरे स्थान पर धकेल दिया गया।

## एक नजर


नाले की सफाई के बाद जमा गंदगी।

### नाले से निकली गंदगी, सड़क के किनारे जमा

**सैफनी।** नगर में स्थित छितौनी मार्ग पर नाले की सफाई के बाद निकली गंदगी लोगों के जी का जंजाल बन गई है। आसपास के व्यापारी एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन से नाले की सफाई का कार्य चल रहा है। सफाईकर्मी नाले की सफाई के दौरान निकला कीचड़ सड़क पर डाल रहे हैं, लेकिन उसे उठाने की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। सड़क पर कीचड़ पड़ा होने के कारण आने-जाने वाहनों के पहियों से लिपटकर कीचड़ दूर तक फैल रही है। कई दिनों से फैल रही कीचड़ बार-बार पहियों से लिपटने के कारण धूल में परिवर्तित हो गई है। धूल व बदबू के कारण दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके बार-बार कहने पर भी सफाई कर्मचारियों से कूड़ा उठवाने को तैयार नहीं है।

# बरेली को मिली करोड़ों की सौगात

## सिटीज 2.0 के तहत शहर में बदलेगी सफाई व्यवस्था



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर अब जल्द ही नई और आधुनिक सफाई व्यवस्था के साथ नजर आएगा। भारत सरकार की सिटीज़ 2.0 योजना के तहत बरेली की 88.69 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिल गई है। इन परियोजनाओं के जरिए शहर में कचरा प्रबंधन को पूरी तरह हाईटेक और पर्यावरण अनुकूल बनाया जाएगा।

परियोजना के तहत शहर में अत्याधुनिक प्लांट लगाए जाएंगे, जहां गीले कचरे से बायोगैस और जैविक खाद तैयार की जाएगी। इससे कचरे का बेहतर निस्तारण होगा और पर्यावरण को भी फायदा मिलेगा। शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 130 नए सीएनजी आधारित कचरा संग्रह वाहन सड़कों पर उतारे जाएंगे। इन वाहनों के जरिए घर-घर से समय पर कचरा उठाया जाएगा, जिससे लोगों को गंदगी और बदबू की समस्या से राहत मिलेगी। पूरी कचरा प्रबंधन व्यवस्था को स्मार्ट बनाने के लिए जीपीएस, आरएफआईडी, जियो-फेंसिंग और सीसीटीवी आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया जाएगा। इससे यह पता चलता रहेगा कि कौन सा वाहन कहां काम कर रहा है और सफाई व्यवस्था कितनी प्रभावी है। परियोजना के तहत शहर के अलग-अलग इलाकों में बने ढलाव घरों को खत्म किया जाएगा। उनकी जगह व्हीकल टू व्हीकल सिस्टम लागू होगा, जिससे सड़कों पर कूड़े के ढेर कम दिखाई देंगे। साथ ही नए कंपैक्टर और हुक लोडर भी लगाए जाएंगे। वर्तमान में चल रहे 50-50 टीपीडी क्षमता वाले दो कूड़ा ट्रांसफर स्टेशनों को अपग्रेड कर 80 टीपीडी क्षमता का बनाया जाएगा। इससे ज्यादा मात्रा में कचरे का तेजी से निस्तारण हो सकेगा।

### कचरा बीनने वालों को मिलेगा रोजगार और प्रशिक्षण

सिटीज़ 2.0 योजना के तहत अनौपचारिक कचरा बीनने वाले लोगों को भी रोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्हें वेस्ट-टू-आर्ट और वेस्ट-टू-प्रोडक्ट जैसे कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। शहर में फूलों के कचरे के निस्तारण के लिए 1 टीपीडी क्षमता का पुष्प अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बनाया जाएगा। यहां मंदिरों, दरगाहों और घरों से निकलने वाले फूलों को प्रोसेस कर उपयोगी उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा 2 टीपीडी क्षमता का नारियल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र भी स्थापित होगा।परियोजना के तहत सिर्फ मशीनें और प्लांट ही नहीं लगाए जाएंगे, बल्कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाए जाएंगे। बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाए जाएंगे। बरेली स्मार्ट सिटी के सीईओ संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि इन परियोजनाओं से शहर की सफाई व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा और बरेली तेजी से स्वच्छ और स्मार्ट शहर के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। वहीं सिटीज़ 2.0 के टीम लीड मोहम्मद आज़म ने बताया कि अब परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है और जल्द ही काम धरातल पर दिखाई देने लगेगा।

# सीएम ग्रिड योजना में बढ़ेगी सड़कों की चौड़ाई, खर्च होंगे 79.63 करोड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप शहर की यातायात व्यवस्था और लगातार बढ़ते जाम से राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने बड़ा बदलाव किया है। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (सीएम ग्रिड) योजना के चौथे चरण में अब फुटपाथ छोटे बनाए जाएंगे, ताकि सड़क पर वाहनों के लिए ज्यादा जगह मिल सके। नगर निगम को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि पिछले चरणों में चौड़े फुटपाथ बनने से सड़कें संकरी हो गई हैं और ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा है।

नगर निगम अब नई योजना के तहत सड़क की उपयोगी चौड़ाई बढ़ाने पर फोकस कर रहा है। चौथे चरण में करीब 3.25 किलोमीटर लंबी सड़क का कायाकल्प किया जाएगा, जिस पर 79.63 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस परियोजना में सड़क चौड़ीकरण के साथ बिजली के तारों को भूमिगत करने, डिवाइडर, लाइटिंग और सौंदर्यीकरण के कार्य भी शामिल हैं। परियोजना को तीन हिस्सों में बांटा गया है। पहले चरण में सलेक्शन प्वाइंट से शिवाजी चौक होते हुए केजीएन फर्नीचर तक के मार्ग पर 22.95 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

दूसरे चरण में स्वयंवर बारात घर से शिवाजी चौक और श्रीराम जानकी मंदिर तक के हिस्से को 30.23 करोड़ से संवारा जाएगा। वहीं, तीसरे हिस्से में आईवीआरआई रोड से रतन स्वीट्स होते हुए स्वयंवर बारात घर तक के मार्ग पर 26.45 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

### सड़कों के चौड़ीकरण से लोगों को होगा सीधा लाभ

सड़क पर वाहनों की आवाजाही आसान हो जायेगी। जाम और अतिक्रमण की समस्या में कमी आने की उम्मीद है। बाजार क्षेत्रों में ट्रैफिक दबाव घटेगा और आधुनिक लाइटिंग और भूमिगत बिजली लाइन से शहर का लुक बदलेगा। राजेंद्र नगर क्षेत्र को नया व्यावसायिक स्वरूप मिलेगा। फुटपाथ छोटे करने के फैसले पर कुछ लोगों ने चिंता भी जताई है। उनका कहना है कि पैदल चलने वालों की सुविधा प्रभावित हो सकती है। हालांकि नगर निगम का दावा है कि सड़क की स्थिति और जरूरत के हिसाब से ही डिजाइन तैयार किया जाएगा।

- जाम से राहत के लिए तैयार किया नगर निगम ने नया प्लान
- राजेंद्रनगर को आधुनिक कारोबारी हब के रूप में विकसित करने की तैयारी

जहां सड़कें अधिक संकरी हैं, वहां फुटपाथ की चौड़ाई कम करने का प्लान तैयार किया जा रहा है। इससे ट्रैफिक संचालन बेहतर होगा और लोगों को जाम से राहत मिलेगी।
–संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त

# नवादा में पत्थरबाजी से दहशत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- कार्रवाई न होने पर लोगों में आक्रोश

**बदायूं।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की नवादा चौकी इलाके में लगातार हो रही पत्थरबाजी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। आरोप है कि पुलिस की ढिलाई के चलते पत्थरबाजों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में हुई एक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक ही परिवार के कई लोग खुलेआम पत्थरबाजी करते दिखाई दे रहे हैं।

मामला बिजलिया मोहल्ला, आरिफपुर नवादा का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मोहल्ले का रहने वाला अरमान पुत्र मोहम्मद आए दिन विवाद कर लोगों के घरों पर पथराव करता है। आरोप है कि उसके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी इस घटनाक्रम में शामिल रहते हैं। वायरल वीडियो में भी कई लोग बेखौफ होकर ईंट-पत्थर चलाते नजर आ रहे हैं। बीती रात अरमान और उसके परिवार के लोगों ने पप्पू, पवन, फूलश्री, चमेली और सुदामा के घरों पर जमकर पथराव किया। अचानक हुई पत्थरबाजी से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में छिपने को मजबूर हो गए।स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाकर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल कायम किया जाए।

# बरेली में आंधी-बारिश ने मचाई तबाही, शहरभर में गिरे पेड़-होर्डिंग्स

जागरण मोर्चा कार्यालय


बरेली में आई आंधी से कार से ऊपर गिरा पेड़। –जागरण मोर्चा


आंधी से दुकानों के गिरे बोर्ड। –जागरण मोर्चा

**बरेली।** मंगलवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे शहर में अफरा-तफरी मचा दी। करीब 20 मिनट चली तेज आंधी में जगह-जगह पेड़, होर्डिंग्स और बिजली के पोल धराशायी हो गए। कई इलाकों में सड़कें बाधित हो गईं, जबकि बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। हालांकि बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत जरूर मिली।

सुबह करीब साढ़े दस बजे आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग ने पहले ही तेज बारिश और आंधी की संभावना जताई थी। आंधी इतनी तेज थी कि दामोदर स्वरूप पार्क में एक पोल गिर गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। पोस्टमार्टम हाउस रोड और तहसील गेट पर भी बड़े पेड़ सड़क पर गिर पड़े।आंधी के दौरान सेटेलाइट पुल की सर्विस रोड पर एक विशाल पेड़ गिर गया। वहीं विकास भवन के पास सड़क से गुजर रही कार पर पेड़ गिरने से कार क्षतिग्रस्त हो गई। शाहजहांपुर रोड पर भी एक अन्य कार पेड़ की चपेट में आ गई। राहत की बात रही कि दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई। संजय नगर के होली चौराहे के पास बंटी ठाकुर वाली गली में तेज आंधी के चलते पीपल का विशाल पेड़ दो मकानों पर गिर पड़ा। हादसे में मकानों को भारी नुकसान पहुंचा। वहीं स्टेडियम के सामने एक कार पर पेड़ गिरने से कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ों को हटाने का काम शुरू कराया।तेज हवाओं के कारण कलक्ट्रेट रोड पर लगा बड़ा साइन बोर्ड एक तरफ झुक गया। हादसे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने रोड की एक लेन पर यातायात रोक दिया। वहीं बरेली कॉलेज के पास नगर निगम बाजार की दीवार भी भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था। आंधी का असर देहात क्षेत्रों में भी देखने को मिला। सिरौली के मोहल्ला साहूकारा में बिजली का पोल गिर गया। फतेहगंज पश्चिमी में सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। रिठौरा में निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

### बिजली व्यवस्था हुई ध्वस्त

तेज आंधी और बारिश के चलते शहर से लेकर गांव तक बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई। कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। बिजली विभाग की टीमें फॉल्ट तलाशने और आपूर्ति बहाल करने में जुटी रहीं। वहीं मुरादाबाद और रोजा के बीच ओएचई लाइन क्षतिग्रस्त होने से रेल यातायात भी प्रभावित रहा। तेज बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। सुबह 11 बजे तापमान करीब 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम सुहाना होने से लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन आंधी से हुए नुकसान ने प्रशासन की तैयारियों पर सवाल भी खड़े कर दिए।

# सपा नेता के करीबी की हिस्ट्रीशीट खुली

जागरण मोर्चा कार्यालय

- धोखाधड़ी और हत्या के प्रयास सहित 14 मुकदमे हैं दर्ज

**बरेली।** नवाबगंज नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष शहला के पति और समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता शिवपाल यादव के करीबी माने जाने वाले डॉ. ताहिर पर आखिरकार पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। नवाबगंज पुलिस ने डॉ. ताहिर की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक उन पर धोखाधड़ी, लूट, मारपीट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर धाराओं में कुल 14 मुकदमे दर्ज हैं। हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद अब पुलिस उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखेगी। इस कार्रवाई के बाद जिले की राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डॉ. ताहिर के खिलाफ दर्ज पुराने मुकदमों की फाइलें फिर से खंगाली जा रही हैं। कई मामलों में जांच की स्थिति और कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की गई है। पुलिस यह भी देख रही है कि किन मामलों में आरोप पत्र दाखिल हुए और किन मामलों में जांच लंबित रही। अधिकारियों का मानना है कि गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों पर निगरानी बढ़ाना जरूरी है ताकि भविष्य में किसी भी बड़ी वारदात को रोका जा सके।डॉ. ताहिर का नाम पहले भी जिले की राजनीति में बड़े विवाद की वजह बन चुका है। बताया जाता है कि समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौर और उनके परिवार पर एक ही दिन में 44 मुकदमे दर्ज कराए गए थे। उस समय इस कार्रवाई को लेकर भाजपा नेताओं ने जमकर विरोध किया था और राजनीतिक दबाव में मुकदमे दर्ज कराने के आरोप लगाए थे। अब पुलिस उसी दौर के मामलों और रिकॉर्ड को भी दोबारा खंगाल रही है। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जिले में अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिन लोगों का आपराधिक इतिहास गंभीर है, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## सपा नेता के पिता के निधन पर जताया शोक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** विधानसभा क्षेत्र के गांव अहमदगंज में सपा नेता ब्रजेश यादव के पिता पृथ्वीपाल सिंह के आकस्मिक निधन का सुनकर परिवार का दुख साझा करने के लिए सपा के वरिष्ठ नेता सतीश प्रेमी पूर्व प्रदेश कॉर्डिनेटर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार दोपहर बाद गांव पहुंचे।

उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए बातचीत की, और परिजनों के दुःख को सुना, और शोक व्यक्त किया। इस दौरान कल्याण सिंह यादव, एड. विवेक यादव, बबलेश यादव, कपिलदेव, प्रकाश प्रजापति, जयवीर सिंह, हरपाल सिंह, सत्यराम सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्कूल प्रतियोगिता में छात्रों का उत्साह

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच मॉडल प्रतियोगिता व स्वच्छता संबंधी नाटक प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस दौरान समिति द्वारा प्रतिभागियों समेत स्कूल के स्टाफ को सम्मानित किया गया।

स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मॉडल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान व गणित के मॉडल को प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 7 के पीयूष यादव ने ज्वालामुखी मॉडल के बारे में अपनी प्रस्तुति दी जिस पर उसे समिति के द्वारा प्रथम पुरस्कार, कक्षा 7 की अंजलि ने स्टार फिश के बारे में बताया उन्हें द्वितीय पुरस्कार, कक्षा 6 के दिव्यांशु ने गणित विषय में कोणों के प्रकार के बारे में बताया उन्हें समिति द्वारा तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। समिति की अध्यक्ष आशु वार्ष्णेय ने विद्यालय व बच्चों की प्रस्तुति देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवरसेन ने समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की निर्मला कुमारी, मधु वार्ष्णेय, निर्मला वार्ष्णेय, राजेश वार्ष्णेय, साधना वार्ष्णेय, आशु वार्ष्णेय, प्रतिमा वार्ष्णेय व रेखा तथा विद्यालय की चित्रा, उमेश चंद्र, हिमानी वार्ष्णेय, हेमलता, अंजुम बुशरा, विकास कुमार समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रामगंगा पार करते समय डूबकर युवक की मौत

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली क्षेत्र के धिमरपुरा के पास रामगंगा पार से खरबूजा केलर वापस अपने घर लौट रहे युवक की गंगा में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस सूचना के बाद मौके पर पहुंच गई और गोताखोरों की मदद से काफी प्रयास के बाद शव को बाहर निकाला गया। परिजनों ने बताया कि हमारी खरबूजा और तरबूज की फसल गंगा पार खेतों में उगाई थी। धर्मवीर (22)पुत्र रघुवीर खेत से तरबूज लेकर लौट रहा था कि गंगा के गहरे पानी में जाने से डूब गया और मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**विरोध** सपा सांसद आवास के निकट महिलाओं का क्रमिक प्रदर्शन तीसरे दिन जारी

# महिला आरक्षण रोकने वालों के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के तहत वर्ष 2029 से लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा ऐतिहासिक विधेयक लाया गया, लेकिन सपा, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों एवं सम्मान के प्रति अपनी नकारात्मक मानसिकता को उजागर किया। इसी के विरोध में महिला जन-आक्रोश अभियान के अंतर्गत विपक्षी सांसद के विरुद्ध क्रमिक कार्यक्रम के तीसरे दिन बदायूँ लोकसभा के सपा सांसद आदित्य यादव के आवास के निकट लक्ष्मीबाई चौक, डीएम चौराहा, बिसौली विधानसभा की महिला कार्यकर्ताओं एवं भाजपा पदाधिकारियों द्वारा महिलाओं के राजनीतिक भागीदारी के समर्थन में धरना-प्रदर्शन किया गया तथा सपा के खिलाफ नारेबाजी की गई।

जिला उपाध्यक्ष सरिता वार्ष्णेय ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी देने वाला ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर अपनी महिला विरोधी सोच को उजागर किया है। जिला उपाध्यक्ष सीमा राठौर ने कहा भाजपा सरकार महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन विपक्ष को महिलाओं का बढ़ता सम्मान और सशक्तिकरण स्वीकार नहीं हो रहा है। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अमिता उपाध्याय ने कहा लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय देश की मातृशक्ति को मजबूत करने वाला कदम है। आगे कहा महिलाएं विपक्ष की नकारात्मक राजनीति का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दे रही हैं। जिला मंत्री रचना शंखधार ने कहा महिला जन-आक्रोश अभियान केवल एक प्रदर्शन नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की आवाज है। देश की महिलाएं अब महिला विरोधी मानसिकता रखने वाले दलों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा रीना राघव, मंडल उपाध्यक्ष रेनू अग्रवाल, अनीता शंखधार, प्रवेश सिन्हा, संगीता रस्तोगी, कृष्ण गुप्ता, सुलक्षणा पाठक, विनीता पाठक, प्रवेश नन्ही, रफिकन, सीमा, कौशल्या, सीमा, अम्सवती, मैना, राजरानी, प्रीति, सुरना देवी, आरती, धनदेवी, रामप्यारी, सुशीला कपूर, अनीता मिश्रा, देवकी, नीता शर्मा, सर्वेश शर्मा, मंजू पाराशरी, राजकुमारी, बबली, गुड्डू, भगवती, लक्ष्मी, माया, जयवंती, जय साहू प्रेमलता दिवाकर, गुड्डी राघव, नीलू मिश्रा, ममता श्रीवास्तव, रेखा, ललित शाक्य, रेखा उपाध्याय, आदि मातृशक्ति उपस्थित रही।

## कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के दोषी को सुनाई पांच साल की सज़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** बिलारी क्षेत्र के कुख्यात बदमाश को विशेष न्यायालय ने गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाते हुए पाँच साल दस माह के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर पाँच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। थाना बिलारी के तत्कालीन थाना प्रभारी गजेंद्र त्यागी ने 14 अप्रैल 2020 को ग्राम थांवला निवासी अबरार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले की सुनवाई एडीजे पंचम अविनाश चंद्र मिश्रा की अदालत में संपन्न हुई। अदालत ने मंगलवार को दोनों पक्षों के गवाहों और साक्ष्यों का संज्ञान लेते हुए अबरार को जेल भेज दिया।

# ट्रैक्टर चालक की औरैइया में हार्टअटैक से हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- शराब गोदाम के पास आया हार्ट अटैक, केबिन में मृत मिला चालक
- औरैया में पोस्टमार्टम के बाद पुठी सराय पहुंचा शव, गांव में शोक

**बदायूं।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव पुठी सराय निवासी ट्रक चालक कल्याण सिंह उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र राजपाल दिन रविवार को बरेली से ट्रक में शराब लेकर जनपद औरैइया गए थे जहां शराब के गोदाम के पास ट्रक को खड़ा किया तभी अचानक हार्टअटैक आने से कल्याण सिंह की मौत हो गई।

गोदाम पर काम करने वाले कर्मचारियों ने चालक को आवाज दी। जब ट्रक चालक का कोई जवाब नहीं मिला तो ट्रक के केबिन के अंदर घुसकर देखा तो ट्रक चालक मृत अवस्था में ड्राइवर सीट पर थे। चालक की मौत की खबर सुनकर शराब के ठेकेदार सहित सभी लोगों के हाथ पैर फूल गए तभी शराब ठेकेदार ने औरैइया पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक कल्याण सिंह निवासी गांव पुठी सराय का पोस्टमार्टम कराया और परिवार वालों को इसकी सूचना दी परिवार वाले वाहन मौके पर पहुंच गए दिन सोमवार किसान परिवार वाले चालक का शब्द लेकर घर पर पहुंचे जहां गांव मैं स्थित श्मशान भूमि में अंतिम संस्कार किया।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर-9412252847 7906815587, 9758444242




पहाड़ी गेट बिजलीघर के यार्ड में बिजली लाइनों को चेक करते जेई, कर्मचारी। -जागरण मोर्चा



बारिश होने से बाजार नसरूल्लाह खां में जलभराव। -जागरण मोर्चा



सुपर मार्केट में गिरे हुए फ्लैक्स को हटाते मजदूर। -जागरण मोर्चा

# पांच मिनट का तूफान, कर गया लाखों का नुकसान

## गिरे पेड़ और बिजली के पोल, सड़कों पर मकानों- दुकानों के गिरे छज्जे

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पांच मिनट के तूफान आने से लाखों का नुकसान हो गया। कहीं बिजली के पोल, पेड़, मकानों, दुकानों के छज्जे, फ्लैक्स भी गिर गए। इसके अलावा बाग में आम, अमिया गिर गई। इनके गिरने से किसानों को नुकसान हुआ। साथ ही पूरे शहर की बिजली भी चौपट हो गई। तेज आंधी के बीच हो रही बारिश से शहर की सड़कों पर जलभराव की स्थिति हो गई।


मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे मौसम का रूख बदल गया। अचानक से आसमान पर काले बादल घिर आए। स्थिति यह हो गई कि दिन में अंधेरा छा गया। इसके बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ तूफान भी आया। तूफान आने से दुकान-मकान के छज्जे उखड़कर गिर गए। वहीं दूसरी ओर बिजली के पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए।पोलों के क्षतिग्रस्त होने से पूरे शहर की बिजली ठप हो गई। काफी देर तक बिजली नहीं आने लोगों ने नजदीकी बिजलीघर पर फोन करना शुरू कर दिए। कई मकानों लगे सोलर पैनल तक गिर गए। हालांकि कहीं पर भी किसी तरह के हताहत होने की सूचना नहीं है।



झमाझम होती बारिश। -जागरण मोर्चा



शाहबाद गेट स्थित सुपर मार्केट के गिरे हुए फ्लैक्स। -जागरण मोर्चा



दिन में अंधेरा होने से गुजरते वाहन। -जागरण मोर्चा

### शाहबाद गेट पर गिरे पेड़, दबे वाहन

तूफान आने से शाहबाद गेट पर पेड़ गिर गए। जिनमें लोगों के चार पहिया वाहन भी दब गए। बारिश रूकने के बाद लोगों ने जेसीबी की सहायता से पेड़ों को हटवाया। स्टार चौराहा होटल डी लाइट के सामने लग्जरी कार पेड़ के नीचे दब गई। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। स्थानीय लोगों और कार स्वामी ने जेसीबी की सहायता से दबी हुई कार को बाहर निकलवाया। इसके अलावा शाहबाद गेट स्थित सुपर मार्केट की दुकानों के आगे लगे बिजली के बोर्ड उखड़ गए। इनके उखड़ने से बड़ा हादसा होने से टल गया।

### दिन में छा गया अंधेरा, जलाई लाइटें

मंगलवार की सुबह 9 :30 बजे मौसम का मिजाज बदलने से दिन में अंधेरा छा गया। अंधेरा छाने से लोग दुपहिया, चार पहिया वाहनों की लाइटें जलाकर ही गुजरे। इसके बाद अचानक से बारिश शुरु हो गई।

### पहाड़ी गेट क्षेत्र की 7 बजे सुचारु हुई बिजली

तूफान आने से शहर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। शाहबाद गेट, नवाबगेट क्षेत्र की बिजली एक बजे सुचारु हुई। लेकिन चार बिजली के पोल गिरने से पहाड़ी गेट क्षेत्र की बिजली 7 बजे सुचारु हुई। बिजली मुल्ला एरम, पक्का बाग, पीला तालाब, घेर हसन खां, कैथ का पेड़ समेत कई मोहल्लों में बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

### आज भी आंधी, बिजली के आसार

मौसम विभाग के अनुसार आज भी आंधी, तूफान, ओलावृष्टि होने के आसार है। इसलिए गरज चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश :33 .0 से 40 .0व 23 .0 से 26 .0 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इस दौरान पूर्वान्ह 7 .21 को सापेक्षिक आर्द्रता 50 से 80, दोपहर बाद अपरान्ह 2 .21 से 40 से 50 प्रतिशत रहेगा। हवा 1 .0-15 .0 किमी घंटे की गति से चलने का अनुमान है।

## एक नजर



घायल बाइक सवार को उपचार देते स्वास्थ कर्मी।

### शाहबाद में बाइकों की भिड़ंत में एक जख्मी

**शाहबाद।** मंगलवार सुबह थाना क्षेत्र के भौंरकी जदीद गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसको उपचार के लिए शाहबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार भौंरकी जदीद निवासी योगेंद्र अपने रिश्तेदार को आसफपुर छोड़कर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के पास पहुँचा, सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में योगेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल अवस्था में योगेंद्र को इलाज के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने घायल का उपचार किया।

### घर में घुसकर महिला के कपड़े फाड़ने और मारपीट करने का आरोप, केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के जयडोली गांव की निवासी पिंकी पत्नी करतार सिंह ने थाने पर तहरीर देकर गांव के ही राजू सिंह के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। पिंकी का आरोप है कि बीती दस मई की शाम 7 बजे राजू सिंह उसके घर में घुस आया और उसके साथ मारपीट करते हुए कपड़े फाड़ दिए। और बदसलूकी करने लगा। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दीं। महिला का आरोप यह भी है कि राजू सिंह ने गंदी गंदी गालियां देते हुए फरसे से उसके सिर पर वार किया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए और राजू सिंह मौके से भाग गया। पिंकी का आरोप है कि इसके बाद राजू सिंह के परिवार के पुरुषोत्तम और राजेश ने उसके घर में घुसकर तोड़ फोड़ की और बच्चों के साथ लाठी डंडों से मारपीट भी की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

### एएसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा मंगलवार की परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारियों का टर्नआउट चेक कर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम ( लाइब्रेरी), कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण किया। उसके बाद पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए गए।



तूफान आने के बाद दिन में छाया अंधेरा। -जागरण मोर्चा

## जिला अस्पताल पर बढ़ी डीजल की उधारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में दिन वा दिन डीजल की उधारी बढ़ती जा रही है। ज्यादा बढ़ने से फीलिंग स्टेशन से डीजल देने का मालिक मना कर सकता है।सप्ताह भर पहले ही रामपुर-स्वार रोड सूर्या फीलिंग स्टेशन से 200 लीटर डीजल मंगवाया है।

जिला अस्पताल में बिजली की सप्लाई के 33 केवीए का स्वतंत्र फीडर है। लेकिन मंगलवार को तूफान आने के कारण पूरे शहर की बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई।जिला अस्पताल में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जनरेटर चला। काफी देर तक बिजली नहीं आने पर सीएमएस ने एक्सईएन तकनीकी को फोन कर जानकारी ली। जिस पर एक्सईएन ने बताया कि अभी लाइट आने पर करीब एक घंटे का समय और लगेगा। जिला अस्पताल में लगातार जनरेटर चलने से अस्पताल प्रशासन की धड़कनें बढ़ गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि फीलिंग स्टेशन से डीजल की उधारी बढ़ती जा रही हैं। अस्पताल में सप्लाई के लिए 33 केवीए का स्वतंत्र फीडर है।

## शाहबाद में आंधी तूफान ने मचाई तबाही, आफत बनकर बरसी बारिश

- आम की फसल को भारी नुकसान, बागवानों के लटके चेहरे

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** मंगलवार सुबह अचानक शाहबाद क्षेत्र में भारी तूफान और आंधी आने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। कई जगहों पर पेड़ टूटकर सड़कों पर गिर गए, जिसके कारण यातायात भी बाधित हुआ। वन विभाग ने सड़कों पर पड़े पेड़ो को हटाया। वहीं आंधी तूफान में कई खंभे उखड़ गए।

नगर के मोहल्ला क़स्सवान में आंधी में उखड़े खंभे और टीन शेड मारुति वैन पर गिर पड़े, जिसके कारण मारुति वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही साथ कई जगहों पर टीन शेड उखड़कर सड़कों और गलियों में जा गिरा। तूफान के कारण आंवला चौराहे स्थित ढाबे का पूरा नक्शा ही बदल गया, पूरा ढाबा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक आए आंधी तूफान ने जन जीवन को मुश्किल में डाल दिया। आसपास के क्षेत्र में भारी बारिश के चलते जलभराव की स्थिति भी बन गई। हालांकि प्रशासन लोगो की मदद में जुटा रहा।



तूफान में मारुति वैन पर गिरा विद्युत पोल। -जागरण मोर्चा

### आम के उत्पादकों को सबसे अधिक नुकसान

मंगलवार को अचानक आए आंधी तूफान में आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आम के बागवानों के चेहरे लटक गए। आम के बागों में पेड़ो को नीचे अच्छे आमों का ढेर देखने को मिला। आम के बागवान इकरार खां ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को शाहबाद क्षेत्र में आए भयंकर आंधी तूफान के कारण उनके बाग में लगभग 50 प्रतिशत फसल बर्बाद हो गई, जिसके कारण उन्हें लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। पेड़ो को देखकर लग रहा है जैसे सभी पेड़ आमों से खाली हो गए है।



शाहबाद में आंधी तूफान के कारण बर्बाद पड़ी आम की फसल। -जागरण मोर्चा

# पुलिस की गोली लगने से गोकश हुआ घायल



घायल को ले जाती पुलिस। -जागरण मोर्चा

- अजीमनगर थाना क्षेत्र का मामला,कराया अस्पताल में भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस की गोली लगने से गोकश घायल हो गया। पुलिस ने उसको गिरफ्तार करने के बाद जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। इस मामले में पुलिस ने चार अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी टांडा के नेतृत्व में थाना अजीमनगर पुलिस सूचना को मिली कि अभियोग उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त आज फिर गोकशी की घटना को अंजाम देने के लिए रतनपुराशुमाली के कच्चे रास्ते से पर घूम रहे हैं, उनके पास अस्लहे भी है। सूचना पर थाना अजीम नगर पुलिस टीम को चेकिंग के दौरान मुरसेना रोड से आने वाले कच्चे रास्ते पर दो मोटरसाइकिल पर सवार चार व्यक्ति आते दिखाई दिए।

थाना अजीम नगर पुलिस द्वारा टॉर्च से इशारा कर रोकने का प्रयास किया, तो दोनों मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर भागने लगे तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में आरोपी अकील पुत्र अतीक निवासी ग्राम नगलिया आकिल थाना अजीम नगर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गए।आरोपी के कब्जे से गोवंशीय पशुओं को बांधने व काटने के उपकरण,तमंचा मिला।एक बाइक बिना नंबर प्लेट रंग काला बरामद हुई। पुलिस ने घायल गोकश को अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि बचे आरोपियों को पुलिस तलाश कर रही है।

### जानवरों के अवशेष मिलते ही पुलिस कर देती मुठभेड़

लोगों में चर्चा कि जिले में जानवरों के काटने का काम तेजी के साथ चल रहा है । जिसको पुलिस रोकपाने में नाकाम साबित हो रही है। सोमवार को जंगल में जानवरों के अवशेष मिलने सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। उसके बाद पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। दर्ज करने के कुछ घटों के बाद ही पुलिस ने मुठभेड़ में एक गोकश को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। जिससे यह अन्दाजा लगाया जा सकता है कि पुलिसकर्मियों को जानवरों के अवशेष मिलने पर सक्रिय हो जाती है,हालांकि अभी तक पुलिस जानवरों के काटन को रोकपाने में नाकाम साबित हो रही है।

सख्ती | सभी वाहनों से वसूला 3 .20 लाख का जुर्माना,मचा हड़कंप

# मॉडिफाइड साइलेंसर और ओवरलोड वाहनों पर चला प्रशासन का डंडा, सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने अभियान चलाया। डीएम अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में परिवहन विभाग की टीमों ने देर रात्रि से सुबह तक सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने थाना टांडा क्षेत्र में एक बुलेट मोटरसाइकिल में मॉडिफाइड साइलेंसर लगा पाए जाने पर उसे सीज कर दिया गया। वहीं तीन अन्य वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगे मिलने पर उनके खिलाफ भी सीज की कार्रवाई की गई।इसके अलावा शाहाबाद मंडी क्षेत्र में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक विशेष रात्रिकालीन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 6 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया, जिन्हें तत्काल सीज कर दिया गया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर 2 बसों का चालान भी किया गया।पूरे अभियान के दौरान कुल 3.20 लाख का जुर्माना लगाया गया।

जनपद के सभी चेक पॉइंट्स पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और संदिग्ध वाहनों की लगातार जांच की जा रही है।जिला प्रशासन ने साफ किया है कि मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, ओवरलोडिंग यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करते एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव। -जागरण मोर्चा

# मेहनत, लगन से बनती है संस्थान की पहचानः डॉ.सुनीता

## धूमधाम से मनाया गया महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव, प्रतिभा अलंकरण समारोह

जागरण मोर्चा, कार्यालय


राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित अलंकरण समारोह छात्राओं को दिए पुरस्कार। -जागरण मोर्चा


समारोह में बोलती प्राध्यापक प्रोफेसर सबीहा परवीन।

**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव, प्रतिभा अलंकरण समारोह में प्राचार्य सुनीता ने महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में बेहतर परिणाम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह हमारे महाविद्यालय का एक विशेष अवसर है, जब हम पूरे वर्ष की उपलब्धियों का उत्सव मनाते हैं और साथ ही भविष्य के लिए नई ऊर्जा का संचार करते हैं। महाविद्यालय की आत्मा हैं। आपकी मेहनत, लगन और रचनात्मकता ही इस संस्थान की पहचान बनाती है। अकादमिक उपलब्धियों के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक, और सामाजिक गतिविधियों में आपकी भागीदारी ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर प्रभा शर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सम्भल फैसल शाह खान, एडवोकेट समाज सेवी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वन्दना गीत, अतिथि स्वागत के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

प्राचार्य डॉ. सुनीता ने प्राध्यापकों द्वारा महाविद्यालय के अतिथियों को बुके एवं बैज लगा कर स्वागत किया गया। उसके बाद महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गई जिसमें वर्ष भर किए गए प्राध्यापकों की उपलब्धियों, विभागीय प्रतियोगिताओं एवं महाविद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं ज़ैनब, उर्मिला, आध्या शर्मा, आंचल, रश्मि पाठक एमए द्वितीय वर्ष, प्रतिभा काला बीए तृतीय वर्ष, मुनिरा रिज़वान, अंबिका काला बीएससी तृतीय वर्ष, वार्षिक क्रीड़ा चैम्पियन आसमा बी, उप चैम्पियन निखत, बीए प्रथम सेमिस्टर को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या द्वारा प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### प्रतिभा अलंकरण समारोह में यह रहे शामिल

प्राध्यापक प्रोफेसर सबीहा परवीन, डॉ. नागेन्द्र पाल, डॉ. सोनू पूरी, डॉ. वन्दना राठौर, डॉ. प्रीति लता, डॉ. मनोरमा चौहान, डॉ. मोहम्मद कासिम, डॉ. जया कुमारी, डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. यामिनी, डॉ. टिकेंद्र, डॉ. योगेश, शिक्षणेत्तर कर्मचारी डॉ. रजनी बाला, कल्पना, ज्योति, केशव, शांति पाल, सुरेंद्र, शुभम, विमला, विनीश मौजूद रहे।

### निशा फातिमा एवं गिरिजेश सैनी की गजल ने ध्यान किया केन्द्रित

छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। निशा फातिमा एवं गिरिजेश सैनी ने गज़ल की मधुर प्रस्तुति से सबका ध्यान केंद्रित किया। गौरी धीमान ने भजन से सबका मन मोह लिया। मानसी राज ने एकल नृत्य और वैष्णवी कौशिक, मुस्कान सागर, प्रिया भारती, मानसी राज, प्रियंका, खुशी आर्य ने समूह नृत्य से सभागार में बैठे सभी दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। महाविद्यालय सभागार में उपस्थित हर चेहरे पर उत्साह और उमंग देखते बन रहा था। इसके बाद महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं को महाविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता युवा महोत्सव, हिन्दी दिवस, मिशन शक्ति, सड़क सुरक्षा, हर घर तिरंगा, पर्यावरण समिति, महाविद्यालय गौरव, अनुशासन समिति, सांस्कृतिक क्लब आदि में स्थान प्राप्त करने वालीं छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया।

# वार्ता न होने पर पालिका में दूसरे दिन भी धरना जारी, नारेबाजी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



पालिका प्रांगण में दूसरे दिन भी धरने पर बैठे कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद में चल रहे कर्मचारियों की वार्ता न होने पर पालिका में दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। गुस्साएं कर्मचारियों का कहना है कि सोमवार को पालिका प्रशासन ने संघ के पदाधिकारियों को बुलाया गया। लेकिन मंगलवार को प्रशासन से कोई वार्ता नहीं हुई। इसी के चलते दूसरे दिन भी कर्मचारियों का धरना जारी रहा।

जटिल सात सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की मांगे है। जिलाध्यक्ष राकेश दुली ने बताया कि 7 मई को एक ज्ञापन अधिशासी अधिकारी को सौंपा गया था। जिसमें सफाई कर्मचारियों की वेतन और अन्य समस्याओं की मांग है पालिका प्रशासन ने संघ से समय मांगा था। लेकिन 72 घंटे से अधिक का समय गुजरने पर समाधान नहीं हुआ है। इसलिए अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। इसलिए दूसरे दिन भी कर्मचारियों का धरना जारी रहा। धरना देने वालों में प्रेमराज, श्याम बाबू, प्रहलाद बाबू, श्याम मोहन, राजेश, रतन, किशनलाल, विमला देवी, ऊषा देवी, रीना, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# उधार के रुपये मांगने पर कारोबारी को दी जान से मारने की धमकी

- पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार, कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मसवासी।** उधार दिए गए रुपये वापस मांगना एक बुजुर्ग कारोबारी को भारी पड़ गया। आरोप है कि रुपये मांगने पर आरोपी पक्ष ने पहले गाली-गलौज की और फिर दुकान पर पहुंचकर धमकियां दीं। इतना ही नहीं, फोन पर भी जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए आरोपी पक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

तहसील स्वार के मोहल्ला काशीपुर निवासी यामिन पुत्र नजाकत ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मानपुर उत्तरी में प्लास्टिक और गल्ले का कारोबार करते हैं। उनकी जान-पहचान बिजारखाता निवासी जामिल अहमद से थी। करीब पांच वर्ष पहले जामिल अहमद ने परेशानी बताकर उनसे 25 हजार रुपये उधार लिए थे। पीड़ित का आरोप है कि कई साल बीत जाने के बाद जब उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी पक्ष भड़क गया। आरोप है कि मंगलवार सुबह करीब आठ बजे जामिल अहमद उनकी दुकान पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए हंगामा करने लगा। घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद होने की बात कही गई है। आरोप है कि कुछ देर बाद जामिल अहमद का पुत्र सकलेन भी मौके पर पहुंच गया और बुजुर्ग कारोबारी को धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार आरोपी पक्ष फोन पर भी लगातार धमकियां दे रहा है और झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कह रहा है। यामिन ने बताया कि वह उम्र दराज व्यक्ति हैं और रोजाना रात के समय मानपुर उत्तरी से स्वार अपने घर आते-जाते हैं।

लगातार मिल रही धमकियों से वह और उनका परिवार दहशत में है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पक्ष के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। स्थानीय व्यापारियों ने भी मामले में निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को सुरक्षा दिलाने की मांग की है।

# अब्दुल्ला आजम पासपोर्ट मामले में बहस जारी

- आरपीएस स्कूल में बीईओ बिजनौर की हुई मुख्य परीक्षा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए न्यायालयों में सपा नेता आजम खां,अब्दुल्ला आजम के कई मामलों में सुनवाई हुई। सेशन कोर्ट में अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में सात साल की सजा के खिलाफ अपील मामले सरकारी अधिवक्ता हुई। जो लगातार जारी है न्यायालय में अगली सुनवाई के लिए 14 मई नियत की है।

दिसंबर अब्दुल्ला आजम को सात साल की सजा सुनाते हुए 50 हजार रुपये की जुर्माना लगाया था। जिसके खिलाफ अब्दुल्ला आजम के वकील ने सेशन कोर्ट में अपील दायर की थी। जिस पर लगातार सुनवाई जारी है। मजिस्ट्रेट कोर्ट में मंगलवार को रामपुर पब्लिक स्कूल में बिजनौर में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा की मुख्य परीक्षा हुई। इस मामले में आजम खां, डॉ.तजीन फात्मा, बीएसए ऑफिस का तौसीफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज है।

### शत्रु सम्पत्ति मामले में सुनवाई अब 29 को

- मजिस्ट्रेट कोर्ट में जारी है आजम परिवार की सुनवाई

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां के परिवार से जुड़े कई मुकदमों में सुनवाई हुई। न्यायालय ने मामलों की सुनवाई के लिए अलग-अलग तारीख नियत की है। मंगलवार को मजिस्ट्रेट कोर्ट में शत्रु सम्पत्ति, आरपीएस, पड़ोसी से मारपीट मामलों की सुनवाई। सपा नेता आजम खां, डॉ.तजीन फात्मा, अब्दुल्ला आजम, विधायक नसीर अहमद खां, आले हसन, बीएसए कार्यालय का कर्मचारी तौसीफ इन मामलों में नामजद है। आरपीएस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा की मुख्य परीक्षा हुई। इसमें अगली सुनवाई 29 को होनी है। जबकि शत्रु सम्पत्ति से जुड़े तीनों मुकदमों की आजम खां के अधिवक्ता की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसके बाद सुनवाई 29 मई तक टाल दी गई है। पड़ोसी से मारपीट करने के मामले में 27 मई को सुनवाई होगी।

### किशोरी का अपहरण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सैफनी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 21 अप्रैल को दोपहर करीब 1 बजे प्रार्थी अपनी पत्नी और पुत्री के साथ घर में सो रहा था। नींद खुलने पर उसकी पुत्री घर में नहीं मिली और वह उसका मोबाइल फोन भी साथ ले गई थी।परिजनों ने रिश्तेदारों व आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। वहीं पीड़ित ने बदायूं जिले के थाना दातागंज क्षेत्र के ग्राम गदरौली निवासी सत्यवीर पुत्र दिवारी उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर आरोप लगाया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था और मामले की जांच शुरू कर थी। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में पोक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गईं।इस दौरान किशोरी को भी बरामद कर मेडिकल परीक्षण भेज दिया गया दिया। वही दिन मंगलवार को पुलिस ने आरोपी सत्यवीर को दनियापुर-सैफनी मार्ग स्थित अमरूद के बाग के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि आरोपी का चालान कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**तकनीक** — एक खेत में कई फसलें, कम लागत में ज्यादा मुनाफे का नया फार्मूला

# मजबूत मिट्टी ही भविष्य की खेती की पहचानः सचिव

जागरण मोर्चा कार्यालय



खेत में जानकारी लेते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के सचिव जगदीश कुमार का कृषि विज्ञान केंद्र, धमोरा दौरा खेती के भविष्य की नई दिशा तय करने वाला साबित हुआ। उन्होंने वैज्ञानिकों को सुझाव देते हुए कहा कि अब खेती का फोकस केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि किसानों की आय, मिट्टी की सेहत और कम लागत वाली टिकाऊ खेती पर भी बराबर ध्यान देना होगा।

धमोरा केंद्र में वर्ष 2022 से चल रहे प्राकृतिक खेती, जैविक खेती और परंपरागत खेती के परीक्षणों का निरीक्षण करते हुए सचिव ने कहा कि किसानों को खेती का सिर्फ उत्पादन नहीं, बल्कि उसका पूरा आर्थिक मॉडल समझाना जरूरी है। उन्होंने इन परीक्षणों का सामाजिक एवं आर्थिक विश्लेषण कराने के सुझाव दिए ताकि किसानों को व्यवहारिक और लाभकारी खेती का मॉडल मिल सके। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही समृद्ध खेती की असली नींव है।

इसी क्रम में ऑर्गेनिक कार्बन की जांच को जरूरी बताते हुए वैज्ञानिकों को मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान देने को कहा।सह-फसल मॉडल को बताया भविष्य की खेती निरीक्षण के दौरान गन्ने के साथ उर्द, मूंग, लोबिया, भिंडी और मक्का जैसी सह-फसलों की बेहतर स्थिति देखकर सचिव ने इसे खेती की नई क्रांति बताया।

उन्होंने कहा कि एक खेत में कई फसलें लेने का मॉडल किसानों की आय बढ़ाने के साथ जोखिम भी कम करेगा और भविष्य में यही खेती का सबसे सफल तरीका बनेगा।सचिव ने ढैंचा जैसी हरी खाद को बढ़ावा देने की बात कहते हुए सुझाव दिया कि खेती को रसायन आधारित पद्धति से निकालकर प्राकृतिक संतुलन आधारित मॉडल की ओर ले जाना समय की मांग है।

### मक्का उत्पादन को बताया लाभकारी विकल्प

मक्का उत्पादन को लेकर उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान की अपेक्षा मक्का किसानों के लिए अधिक लाभकारी विकल्प बन सकता है। साथ ही उन्होंने मक्का के सुरक्षित भंडारण और नमी नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मक्का में नमी की मात्रा 14 प्रतिशत से कम रखना गुणवत्ता बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है।इस दौरान धान की सीधी बुवाई तकनीक, उन्नत प्रजातियों के चयन और आधुनिक कृषि तकनीकों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सचिव ने कृषि विज्ञान केंद्र के नवाचारों और अनुसंधान कार्यों का सोशल मीडिया एवं किसान समूहों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर गांव-गांव तक पहुंचाने पर जोर दिया।भ्रमण के दौरान उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह, डॉ. मयंक कुमार राय, डॉ. सुनीता पंत, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. अनुज बंसल, डॉ. हमवीर सिंह, डॉ. आर.एन. सिंह एवं बी.एस. नेगी सहित कई वैज्ञानिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप


कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### संस्था ने मनाया नर्सिंग डे

**रामपुर।** मदद एक आस फाउंडेशन के द्वारा कार्यालय पर नर्सिंग डे मनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा नर्स का हॉस्पिटल में मरीज के प्रति मधुर व्यवहार रखना एवं अच्छी देखभाल करना मानवता का कार्य है।फ़ाउंडेशन के द्वारा 12 नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा,जिला अध्यक्ष संचित कपूर, रेखा राजपूत, ममता सोनी, बीना अग्रवाल, कमल चावला, रेनू सक्सेना आदि उपस्थित रहे।



नीलावेणी कृष्णा स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल प्राचार्य। -जागरण मोर्चा

### नीलावेणी कृष्णा स्कूल में मनाया नर्सिंग दिवस

रामपुर। बरेली हाईवे स्थित थाना शहजादनगर में नीलावेणी कृष्णा स्कूल आफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नाइटिंगल के संघर्ष और चिकित्सा क्षेत्र में किए गए प्रयासों की सराहना की। इस दौरान स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर एक नाटक मंचन भी किया गया। कैसे समाज में चिकित्सा के क्षेत्र में जागरूकता फैलाई जाए। इस पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्राचार्य हिना गुप्ता, संग्राम सिंह राना, विनय कुमार तिवारी समेत स्टॉफ मौजूद रहा।

### बच्चों का डॉक्टर ने किया चेकअप



**रामपुर।** व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को मदद-एक आस' संस्था एवं 'दीप डेंटल क्लिनिक' के संयुक्त तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं जरूरतमंदों की सहायता करना था। इस अवसर पर दीप डेंटल क्लीनिक के चिकित्सक डॉ विक्रम दीप सिंह एवं डॉक्टर दीपाली जैन ने बच्चों एवं अभिभावकों के दांतों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया।बच्चों को समय समय पर ब्रश करने एवं संतुलित आहार लेने से संबंधित जानकारी भी दी। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। आई चेकअप शिविर में नेत्र विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच की गई तथा जरूरतमंदों को मुफ्त परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गईं।विद्यालय प्रबंधन ने संस्था एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### टीनशेड तोड़कर सरिया-सीमेंट स्टोर में चोरी, एक लाख की नकदी पार

**स्वार।** नगर के रामपुर मार्ग स्थित साबरी ट्रेडर्स सरिया-सीमेंट स्टोर में सोमवार की रात चोरों ने टीनशेड तोड़कर धावा बोल दिया। चोर स्टोर के अंदर रखी करीब एक लाख रुपये की नकदी और पानी की मोटर चोरी कर ले गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।नगर निवासी मोहम्मद फईम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार रात अज्ञात चोर उनकी दुकान की छत पर लगे टीनशेड को तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने दराज़ में रखी करीब एक लाख रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया और साथ ही पानी की मोटर भी चोरी कर ले गए।सोमवार सुबह दुकान पर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।पुलिस ने पूछताछ के लिए एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया है। कोतवाल अनुपम शर्मा ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।


खजुरिया थाने का निरीक्षण करने जाती सीओ बिलासपुर -जागरण मोर्चा

### सीओ बिलासपुर ने थाना खजुरिया का किया निरीक्षण

**रामपुर।** मंगलवार को क्षेत्राधिकारी बिलासपुर द्वारा थाना खजुरिया का त्रैमासिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध , त्यौहार आईजीआरएस रजिस्टर, ऑर्डर बुक, जनशिकायती , मालमुकदमाती , मिशन शक्ति रजिस्टर, फ्लाई शीट, रजिस्टर नबंर-8 व अन्य अभिलेखों तथा थाना परिसर में बने थाना कार्यालय, जीडी कार्यालय, हवालात, मालखाना, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर सैल, सीसीटीएनएस कक्ष, भोजनालय, आगन्तुक कक्ष, शौचालय व विवेचना कक्ष आदि का मुआयना कर साफ- सफाई को चेक कर संबंधित को निम्न आदेश-निर्देश दिए।थाना स्तर पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को गम्भीरतापूर्वक, गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया जाए । जनसुनवाई पोर्टल ( आईजीआरएस) पर लंबित प्रार्थना पत्रों को समयावधि में निस्तारित किया जाए।अपराध रजिस्टर का अवलोकन कर लंबित विवेचनाओं के शीघ्र गुण-दोष के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये । भूमि-विवाद सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण किया जाए।थाना परिसर की साफ-सफाई तथा अभिलेखों के रखरखाव एवं उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टि व थाने पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरे को सुचारू रूप से क्रियाशील रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## एक नजर

### 63 अधिवक्ताओं को किया बहाल

**रामपुर।** बार एसोसिएशन द्वारा एल्डर कमेटी के 63 अधिवक्ताओं की सदस्यता कर दी गई थी। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने बार अध्यक्ष, महासचिव पर आरोप लगाते हुए बार कौंसिल से शिकायत की थी। कि उनका पक्ष सुने बिना 24 मार्च को सदस्तयता खत्म कर दी गई। जिसके बाद बार कौंसिल ने बार अध्यक्ष को भेजे पत्र में तीन अधिवक्ताओं ने प्रार्थन पत्र देकर बताया कि चार-चार तीन-तीन सौ रुपये का वार्षिक शुल्क बार एसोसिएशन में जमा करा दिया गया है। सभी अधिवक्ताओं की सदस्यता बहाल होने के बाद अधिवक्ताओं ने बार कौंसिल के फैसले का स्वागत करते खुशी जाहिर की है।

### अलग, अलग हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से ई रिक्शा सवार पांच लोग घायल

**मिलक।** मंगलवार को सांय के लगभग 4 बजे नेमचंद ग्राम खमरिया थाना मिलक का शिवांश ग्राम रठौडा थाना मिलक रेखा निवासी ग्राम ऐमी थाना मिलक यशपाल निवासी ग्राम सिगरा थाना मिलक सहित पांच लोग मिलक से अपने गांव को ई-रिक्शा के द्वारा जा रहे थे। पीछे से तेज गति से आ रहे मिलक बिलासपुर रोड खाता नगरिया पूल के निकट किसी अज्ञात बाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसमें महिला सहित पांच लोग घायल हो गए अज्ञात बाहन टक्कर मार कर फरार हो गया राहगीरों की मदद से लोगों को ई रिक्शा से बाहर निकाला।घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया। वहीं पर धर्मपुरा जीरो पॉइंट पर बाइक पर सवार दो युवकों को की बाइक में किसी अज्ञात बाहन ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें 108 एंबुलेंस से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया जिसमें गुलफाम ने बताया कि हम दोनों सगे भाई हैं।हम बरेली से अपने गांव ग्राम मुंशीगंज थाना स्वार को जा रहे थे। जिसमें मेरा भाई उस्मान पुत्र नवाब जान जो की गंभीर रूप से घायल हो गया।प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उस्मान को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

## प्रेमी के साथ रहने पर अड़ी चार बच्चों की मां

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव में उस वक्त सनसनी मच गई, जब चार बच्चों की मां अपने पति और परिवार को छोड़कर शाहबाद के प्रेमी के घर पहुंच गई।उसी के साथ रहने पर अड़ गई। महिला के इस कदम से दोनों परिवारों में तनाव का माहौल बन गया। मामला अब शाहबाद पुलिस तक पहुंच गया है। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने पति और बच्चों के साथ पिछले कुछ समय से हरियाणा के एक शहर में काम कर रही है। वहीं पर उसकी मुलाकात शाहबाद क्षेत्र के युवक से हुई, जो उसी स्थान पर काम करता था। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं।महिला का आरोप है कि वह पिछले करीब दो वर्षों से युवक के साथ रिश्ते में है। बताया जा रहा है कि हाल ही में महिला अपने चार बच्चों और पति को छोड़कर सीधे युवक के घर पहुंच गई। हालांकि जब वह वहां पहुंची तो युवक घर पर नहीं मिला। इसके बाद महिला सीधे शाहाबाद कोतवाली पहुंची। पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी बात रखी। युवक के परिजनों के काफी देर तक समझाने-बुझाने का प्रयास किया लेकिन महिला प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी रही। कोतवाली पुलिस का कहना है कि इस मामले में महिला की तरफ से एक प्रार्थना पत्र भी मिला है।

# सफेद वर्दी में छिपे फरिश्तों को कहें थैंक यू सिस्टर

- 12 मई को आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल को मनाया जाता है जन्मदिन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मरीज के इलाज के लिए जिस तरह डॉक्टर भरसक प्रयास करते हैं उसी तरह नर्स भी दिन-रात की परवाह किए बिना सेवा करती हैं और हर मर्ज की दवा बनती हैं। नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा और मानवता है। जहां एक व्यक्ति अपना सुख-दुख भूलकर दूसरों के जीवन में खुशियां भरने का प्रयास करता है। अस्पताल की सफेद वर्दी में नजर आने वाली ये 'सिस्टर्स' असल में वे फरिश्ते हैं, जो तब हमारा हाथ थामती हैं जब हम बीमारी और दर्द से टूट रहे होते हैं। नर्सें हेल्थ सेक्टर की रीढ़ मानी जाती हैं जो मरीजों की देखभाल से लेकर इलाज के दौरान डॉक्टरों की मदद तक अहम भूमिका निभाती हैं।



स्टॉफ नर्स सब कुछ छोड़कर मरीजों की देखभाल रखती है, डयूटी पर तैनात कौन से मरीज को कब दवा देनी है इसका भी खास ध्यान रखना होता है। - सीनियर नर्सिंग स्टाफ कविता।



डॉक्टर के बाद मरीज के तीमारदार स्टॉफ पर भरोसा करते है। इस पर स्टॉफ रोगियों की निस्वार्थ भाव से सेवा करता है। -मनदीप कौर, नर्सिंग स्टाफ।



मरीजों की देखभाल से लेकर इलाज के दौरान डॉक्टरों की मदद तक अहम भूमिका निभाती हैं। सभी नर्स अपना परिवार छोड़कर रोगियों का ध्यान रखती है। सेवा में सर्वोपरि रहती है। - महनाज जहां, पीएनसी वार्ड।



स्वास्थ्य सेवा में नर्सों के निस्वार्थ योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है. अस्पतालों में मरीजों की देखभाल, दवाओं का मैनेजमेंट और इमरजेंसी सेवाएं नर्सों की जिम्मेदारी हैं। -पारूल यादव, ओटी इंचार्ज।

# मंडल में 218 गो आश्रय स्थलों में 65,113 बेसहारा पशुओं को मिला सहारा

**4125 के लक्ष्य के सापेक्ष 7703 186.76 प्रतिशत गोवंशों की हुई सुपुर्दगी, रामपुर ने गोबर से कमाए 6.17 लाख रुपये**



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मंडल में बेसहारा और निराश्रित गोवंशों के संरक्षण की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। 12 मई को मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित गो आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक के आंकड़ों ने मंडल की एक बेहद सकारात्मक और मजबूत तस्वीर पेश की है।

वर्तमान में मंडल के 218 गो आश्रय स्थलों में कुल 65,113 गोवंशों को सुरक्षित आश्रय प्रदान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत मण्डल ने अभूतपूर्व सफलता दर्ज करते हुए निर्धारित लक्ष्य 4125 के मुकाबले 7703 गोवंशों को पशुपालकों की सुपुर्दगी में देकर 186.76 प्रतिशत का आंकड़ा छू लिया है।इसके साथ ही, गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने, हरे चारे की आपूर्ति सुनिश्चित करने और गर्मियों में गोवंशों के बचाव के लिए भी जमीनी स्तर पर व्यापक इंतजाम किए गए हैं।आंकड़ों के अनुसार मंडल में संभल जिला गोवंश संरक्षण में सबसे आगे है, जहां सर्वाधिक 27,768 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। इसके बाद बिजनौर में 14,658, मुरादाबाद में 10,781, अमरोहा में 8,647 और रामपुर में 3,259 गोवंशों को आश्रय मिला है। प्रशासन की मुस्तैदी का ही नतीजा है कि मण्डल के शहरी और ग्रामीण इलाकों को मिलाकर अब केवल 684 निराश्रित गोवंश ही ऐसे बचे हैं, जिन्हें आश्रय स्थलों तक पहुंचाना बाकी है। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों के 471 और शहरी क्षेत्रों के 213 गोवंश शामिल हैं, जिन्हें जल्द ही संरक्षित करने की योजना है।

### गोशालाएं बन रहीं आत्मनिर्भर, गोबर से हो रही बंपर कमाई



गो आश्रय स्थलों को केवल सरकारी अनुदान पर निर्भर रखने के बजाय उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। मुरादाबाद, अमरोहा और रामपुर के कान्हा और वृहद गो संरक्षण केंद्रों में सीबीजी (गोबर गैस प्लांट) सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं। रामपुर के गो आश्रय स्थल किरा में तो गोबर गैस प्लांट से 15 केवी का जनरेटर भी चलाया जा रहा है। गो उत्पाद और गोबर की बिक्री से मंडल में अच्छी आय हो रही है। रामपुर ने गोबर प्रबंधन से सर्वाधिक 6,17,636 रुपये, अमरोहा ने 5,40,600 रुपये और मुरादाबाद ने 82,829 रुपये की आय प्राप्त की है। इसके अलावा मुरादाबाद, बिजनौर और सम्भल में गोबर से लकड़ी (गोकास्ट), मूर्तियां, दीये और धूपबत्ती तैयार की जा रही है।

### चारे का पुख्ता इंतजाम, नेपियर घास से हरियाली

गोवंशों के भरण-पोषण के लिए भूसा संग्रहण और हरा चारा उगाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मंडल में कुल 5,36,396 .2 कुंतल भूसा संग्रहण के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 4,24,478 कुंतल 79 .14 प्रतिशत भूसे की व्यवस्था की जा चुकी है। इसमें अमरोहा जनपद ने अपने लक्ष्य का 100 .31 प्रतिशत और मुरादाबाद ने 94 .64 प्रतिशत हासिल कर लिया है। हरे चारे की निर्बाध आपूर्ति के लिए 372 .62 हेक्टेयर गोचर भूमि पर चारा उत्पादन किया जा रहा है। इसके अलावा विशेष अभियान चलाकर बाबूगढ़ प्रक्षेत्र, हापुड़ से नेपियर रूट और स्लिप मंगाकर लाभार्थियों को बांटी गई हैं। इसके तहत कुल 6,10,000 रूट का वितरण कर 16 हेक्टेयर क्षेत्रफल को आच्छादित किया गया है।

### गर्मी से बचाव और सुरक्षा पर खास जोर

आगामी हीट स्ट्रोक और भीषण गर्मी को देखते हुए गोशालाओं में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी जनपदों के गो आश्रय स्थलों में दरवाजे और खिड़कियों को टाट व बोरों से ढक दिया गया है, जिन पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है ताकि तापमान नियंत्रित रहे। संरक्षित गोवंशों के लिए छाया और ताजे पानी की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सुरक्षा और निगरानी के लिहाज से भी मण्डल काफी सतर्क है; कुल 216 गो आश्रय स्थलों में से 210 को सीसीटीवी कैमरों से लैस कर दिया गया है, ताकि गोवंशों की हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

## मुंह पर मास्क लगाकर बैंक कर्मियों ने जताया विरोध



नवाबगेट स्थित मैन शाखा में मुंह पर काला मास्क लगाकर कार्य करते बैंक कर्मी।

- 25,26 को भारत में हड़ताल पर रहेंगे बैंक कर्मी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आल इंडिया स्टेट बैंक, आफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन जायज मांगों को लेकर पूरे भारतवर्ष में आंदोलन की राह पर है। आगामी 25, 26 को पूरे भारतवर्ष में भारतीय स्टेट बैंक में हड़ताल रहेगी।

मंगलवार को बैंक कर्मियों ने मुंह पर मास्क लगाकर विरोध जताया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने बताया कि सभी बैंक कर्मियों ने मौन प्रदर्शन कर विरोध जताया है। सचिव उत्कर्षा सिंह ने बताया कि मुख्य शाखा के सभी सदस्यों ने मांगों के संबंध में प्रबंधन के विरुद्ध काला मास्क लगाकर कार्य कर स्टेट बैंक के सदस्यों ने विरोध प्रकट किया। विरोध प्रदर्शन में तरू राज सक्सेना, उत्कर्ष, शिवानी, अर्चना सिंह,अपूर्व जैन, यशु, निशा, वंशिका, राधिका, कम्मो अभिषेक, सिसोदी, सीएससी शाखा के सचिव रितेश त्रिवेदी, दिनेश सिंह, अमरदेव, रामेंद्र, गोले, प्रमोद कुमार, अक्षी अग्रवाल आदि शामिल रहे।

## किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

- समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



ज्ञापन देने जाते किसान। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के युवा जिला उपाध्यक्ष अरशद अली एडवोकेट के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारी ने तीन सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में यूरिया खाद किसानों को पूर्व की भांति दिया जाए। यूरिया खाद के साथ किसानों को जबरन दवाई की सीसी न दी जाए। प्राइवेट अस्पतालों और प्राइवेट स्कूलों की मनमानी मनचाही फीस लिए जाने का विरोध करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

प्राइवेट अस्पतालों प्राइवेट स्कूलों पर अंकुश लगाया जाए। छोटे किसान, मजदूर,व्यापारियों को घरेलू बिजली 300 यूनिट फ्री दी जाए। इस समय महंगाई चरम पर है। छोटे किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। इस समय महंगी दवाइयां महंगी पढ़ाई,महंगे बिजली के बिलों ने गरीब मजदूर गरीब व्यापारियों का जीना मुहाल कर रखा है। ज्ञापन के दौरान युवा जिला उपाध्यक्ष अरशद अली एडवोकेट ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि किसी भी किसान मजदूर छोटे व्यापारी की आर्थिक स्थिति खराब न हो सके। हमारे देश में हर 2 घंटे में एक किसान कर्ज में दबाकर आत्महत्या कर रहा है। यह जिम्मेदारी भी सरकार की है। कोई किसान आत्महत्या न करें। कर्ज में दबाकर प्रदर्शन करने वालों और ज्ञापन देने वालों में बिलाल खान, शाहरुख मियां, फैजान मियां, शकील अहमद, अजीज खान, राम सिंह, आशुतोष, मुरारी लाल, विनय कुमार अरविंद कुमार आदि शामिल रहे।

## धर्मपुरा में मस्जिद निर्माण को लेकर बढ़ा विवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** तहसील क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा में मस्जिद के निर्माण को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। गांव के कुछ लोगों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी मिलक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव में स्थित पुरानी मस्जिद को बिना अनुमति तोड़कर उसका आकार पहले से दोगुना कर दिया गया है।उस पर डबल स्टोरी निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि पुरानी मस्जिद का स्वरूप पहले छोटा था।उसके ऊपर दूसरी मंजिल नहीं थी, लेकिन अब वहां सरिया और पिलर खड़े कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि घरौनी सर्वे के दौरान लिए फोटो एवं दस्तावेज तहसील में उपलब्ध हैं, जिनसे पुराने निर्माण की स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना अनुमति हो रहे निर्माण से गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। भविष्य में कानून व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। शिकायतकर्ताओं ने अपने पत्र में यह भी मांग की है कि यदि निर्माण अवैध पाया जाए तो उसे हटाया जाए तथा गांव की दोनों मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकरों को भी हटाने की कार्रवाई की जाए, जिससे गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे। क्षेत्राधिकारी मिलक राजवीर सिंह परिहार ने बताया कि मामला संज्ञान में है निर्माण रुकवा दिया गया है जांच कर विधिक कार्रवाई की आएगी।

## संगठन की मजबूती पर भी जोर दिया

जागरण मोर्चा कार्यालय



पंचायत को संबोधित करते वक्ता। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भाकियू की पंचायत में खाद की कमी और कीटनाशक की गुणवत्ता पर सवाल आरोप लगाया कि दुकानों पर नकली और मिलावटी कीटनाशक बेचा जा रहा है। शिकायतों के बाद भी संबंधित अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

मंगलवार को प्रदेश कैंप कार्यालय पर हुई पंचायत में ब्लाक अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह ने कहा कि साठा धान की बुवाई पर पाबंदी के बाद किसानों ने कई हजार एकड़ क्षेत्रफल में मक्का की बुवाई की है।

मक्का की फसल में कीट प्रकोप है। बचाव के लिए किसान दवा का छिड़काव कर रहे हैं पर कोई असर नहीं रहा है। मंडल उपाध्यक्ष ने कहा कि बाजार और दुकानों पर नकली कीटनाशक बेचा जा रहा है।

इसी तरह समितियों पर खाद की भी कमी है चेतावनी दी कि शीघ्र समय का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।पंचायत में संगठन की मजबूती पर भी जोर दिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष राम बहादुर, रामावतार लोधी, मोहम्मद मुस्तकीम , सिद्ध नेता, रघुवर सिंह,चौधरी आनंद पांडे, अनमोल पांडे भी मौजूद रहे।

## कारीगरों के सपनों को मिलेगा आकार बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

- मिट्टी से बने उत्पादों की गुणवत्ता एवं बाजार में मांग बढ़ेगी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में पारंपरिक माटीकला को बढ़ावा देने एवं कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला कौशल विकास योजना के तहत जनपद में 15 दिवसीय विशेष शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

योजना के तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में माटीकला कार्य से जुड़े कुम्हार एवं परंपरागत कारीगरों को आधुनिक तकनीक, आकर्षक डिजाइन, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन एवं विपणन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे कारीगरों के उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार होगा, बाजार में मांग बढ़ेगी तथा उनकी आय में वृद्धि होगी। ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया योजना से बेरोजगार युवाओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलने के साथ पारंपरिक कुम्हार कला को नई पहचान मिलेगी। प्रशिक्षण प्राप्त कारीगर अपने उत्पादों को बेहतर तरीके से बाजार तक पहुंचा सकेंगे, जिससे आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलेगी।उन्होंने बताया कि जनपद को 15 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है तथा इच्छुक कुम्हार एवं परंपरागत कारीगर 29 मई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों का चयन जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा तथा आर्थिक रूप से कमजोर प्रजापति समाज, अत्यंत पिछड़े वर्ग एवं बीपीएल परिवारों के सदस्यों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होना आवश्यक है।

## बैठक को लेकर पूर्व तैयारियों की समीक्षा

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति की बैठक में कार्यवाहक सभापति गोविन्द नारायण शुक्ल की अध्यक्षता में 15 मई को मुरादाबाद में प्रस्तावित है। बैठक की तैयारियों के संबंध में विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक में समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही नवीन शासनादेशों एवं समिति द्वारा समीक्षा किए जाने वाले अन्य विषयों पर अधिकारियों के साथ आवश्यक विचार-विमर्श भी किया गया।मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक सूचनाएं, अभिलेख एवं प्रगति विवरण समय से तैयार रखें।शासन की प्राथमिकताओं से संबंधित कार्यों की प्रगति संतोषजनक बनाए रखें। जिससे समिति बैठक के दौरान सभी जानकारियां व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की जा सकें।

प्रदर्शन | देश की महिलाएं अब जागरूक हो चुकी

## भाजपा हमेशा महिलाओं के अधिकारों एवं सम्मान के लिए प्रतिबद्ध : सुभाष भटनागर

जागरण मोर्चा कार्यालय



सपा कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित न होने दिए जाने के विरोध में दूसरे दिन स्वार विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं ने समाजवादी पार्टी के सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी के कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने एकजुट होकर नारी सम्मान, महिला अधिकारों एवं महिला सशक्तिकरण के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी एवं सम्मान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिसका विरोध महिलाओं के अधिकारों की उपेक्षा के समान है।कार्यक्रम के दौरान विधानसभा प्रभारी सुभाष भटनागर एवं सह प्रभारी दिलीप अरोड़ा ने मीडिया के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा यह विषय देश की आधी आबादी की आवाज है। भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं के अधिकारों एवं सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रही है।

ब्लॉक प्रमुख हरीवाला जी ने यह भी कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हो चुकी हैं और वे उन राजनीतिक दलों को कभी माफ नहीं करेंगी जो महिला आरक्षण और महिला सम्मान के मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी तथा मातृशक्ति के अधिकारों पर किसी प्रकार का समझौता नहीं होने दिया जाएगा।

### यह रहे मौजूद

पारुल अग्रवाल, सह संयोजक श्वेता शर्मा, अमृता रंधावा, शकुंतला लोधी, डॉली रंधावा, हेमलता मौर्य, पूनम मौर्य, केसर मौर्य, पूजा शर्मा, मनु सक्सेना,राजबाला, सुमन देवी, आशा देवी, पूनम देवी, हिरदेश्वती, जमुना देवी, पूनम सैनी,शकुंतला सैनी, रामदेव सैनी, वंदना शर्मा, पवन कुमार,पंकज सैनी,देवेंद्र दिवाकर, राजेश शर्मा, गौरव शर्मा, विजेंद्र सैनी,अमित सक्सेना,महेंद्र सैनी मौजूद रहे।

### एक नजर

#### नर्सिंग सेवा ईश्वर सेवा से भी बढ़कर है

**चन्दौसी।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में नर्सिंग विभाग के छात्र-छात्राओं की ओर से अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पवन शर्मा ने कहा कि नर्सिंग दिवस हम फ्लोरेंस नाइटिंगल की याद में मनाते हैं। इन्हें लेडी विद द लैंप के नाम से भी जाना जाता है। आज के दिन नर्सों के योगदान को सम्मान देने व उनकी भूमिका के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनोज तोमर ने कहा कि नर्सिंग सेवा ईश्वर सेवा के भी बढ़कर हैं। अस्पतालों में चिकित्सक मरीजों की दवाइयों व खानपान का ध्यान रखने के लिए नर्सिंस को कहते हैं। जिसे वह पूरी दक्षता के साथ करती हैं। नर्सिंग दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारं कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रजनी, स्वाति, लक्ष्मी ने सीपीआर थीम पर शानदार प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। इसके अलावा वंशिका, मुनीश, दीपक, मुस्कान की भी प्रस्तुति सराहनीय रही।

### विकसित भारत युवा संसद में उन्नति चौधरी ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

# नगर की बेटी उन्नति चौधरी ने लखनऊ विधानसभा में दिया ओजस्वी भाषण, सदन में गूंज उठीं तालियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माई भारत के बैनर तले उत्तर प्रदेश विधानसभा, लखनऊ में आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 में नगर की बेटी उन्नति चौधरी ने अपने प्रभावशाली भाषण से सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय बजट 2026 : विकसित भारत 2047 की ओर भारतीय युवाओं के मार्ग को सुदृढ़ बनाना विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रदेशभर से चयनित 300 युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया।


विधान सभा में विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में बोलती उन्नति चौधरी।

कार्यक्रम में नगर की मयूर विहार आवास विकास कालोनी निवासी उन्नति चौधरी पुत्री हुकुम सिंह ने जनपद संभल का प्रतिनिधित्व करते हुए विधानसभा में जूरी मेंबर्स, स्पीकर एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के समक्ष अपने विचार बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। उनके ओजस्वी भाषण के दौरान पूरा सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्नति की इस उपलब्धि पर संभल की नोडल अधिकारी डॉ. रीता सिंह एवं नेहरू युवा केंद्र मुरादाबाद मंडल के डिप्टी डायरेक्टर अंकित कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्नति चौधरी मिशन शक्ति की सशक्त मिसाल हैं। उन्होंने साबित कर दिया है कि बेटियां आज हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं। साथ ही उसने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्नति ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता नूतन चौधरी को देते हुए कहा कि उनकी मां ने हमेशा उन्हें कठिन परिस्थितियों से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं उनके दादा शिव सिंह एवं भाई हृदय चौधरी ने भी इसे पूरे परिवार और जिले के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्नति चौधरी की इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे संभल जनपद में खुशी और गौरव का माहौल है।

# एमआरपी का मुद्दा उपभोक्ता के साथ समाज को कर रहा प्रभावित

जागरण मोर्चा कार्यालय


डीएम को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारी।

**ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई की ओर से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि हमारा संगठन समय-समय पर ऐसे मुद्दे उठाता रहता है, जो उपभोक्ताओं या पूरे समाज को प्रभावित करते हैं ग्राहक पंचायत अधिकतम खुदरा मूल्य के कमजोर तंत्र को लेकर चिंतित हैं।

पंचायत उत्पादन लागत का मुद्रण, फर्स्ट सेल प्राइस, भ्रमित डिस्काउंट पर प्रतिबंध लगाने, एमआरपी मुद्रण के लिए ऊपरी सीमा निर्धारित करने वाला कानून बनाने को कार्य कर रही हैं। आज एमआरपी मुद्रण सबसे बड़ी समस्या है और यह पद्धति में पारदर्शिता की कमी, कमजोर प्रवर्तन और संरचनात्मक से उक्त हैं, व्यापारी मनमाने एमआरपी से लाभान्वित हो रहे हैं और उपभोक्ता अपनी आय खो रहा है। एमआरपी का मूल मुद्दा यह है कि कंपनियां जानबूझकर बहुत उच्च एमआरपी मुद्रित करती हैं और फिर छूट प्रदान करके ग्राहक से पैसा वसूलती है। एमआरपी को उपभोक्ताओं के लिए सार्थक और लाभकारी बनाने, नियम बनाने को एक स्वतंत्र प्राधिकरण, बोर्ड या आयोग के गठन करने, मौजूदा कानून में आवश्यक संशोधन करने, कड़ाई से अनुपालन करने, कठोर सजाकी मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष देवेंद्र वार्ष्णेय, विनीत भटनागर, महावीर प्रसाद, सीमा आर्य, अभिषेक अग्रवाल, सोनू कुमार गुप्ता, पारस वार्ष्णेय, आयुष वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# खेलों से होता सर्वांगीण विकास: पालिकाध्यक्ष

### पुरस्कार पाकर खिले विजेता खिलाड़ियों के चेहरे , आईटीआई में संपन्न हुआ प्रमाण पत्र- पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरण समाररोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने प्रशिक्षणर्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी ने प्रशिक्षणार्थियों को जीवन में निरंतर मेहनत एवं आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया।


राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करती पालिकाध्यक्ष।

पुरस्कार वितरण समारोह में रंगोली प्रतियोगिता में पूजा, यशिका, मोनी सिंह, शिवानी कश्यप, झलक शर्मा, काजल व शोभा भारती ने प्रथम, गायत्री, शिवानी, मीना व अंशिका ने द्वितीय, पल्लवी पाल, सलोनी, हिमांशु, दीपांशु, रमन कुमार व आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम एवं मानव शक्ति का कुशल प्रबंधन विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता में झुलक शर्मा ने प्रथम, शिवानी कश्यप ने द्वितीय, उमा शंकर ने तृतीय, हमारा संविधान विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता में सुभाष कुमार ने प्रथम, नंदनी ने द्वितीय व दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बेस्ट जॉप मेकिंग प्रतियोगिता में विद्युकार, वायरमैन, फिटर एवं ईपीडी ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर पुरुष वर्ग में उमाशंकर ने प्रथम, अजय ने द्वितीय, शक्ति संह ने तृतीय, वहीं महिला वर्ग में प्रीति ने प्रथम, तनिष चौधरी ने द्वितीय, सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर पुरुष वर्ग में सचिन ने प्रथम, ललतेश द्वितीय, रवि कुमार ने तृतीय, महिला वर्ग में तनिष चौधरी ने प्रथम, सलोनी ने द्वितीय, नीरज ने तृतीय शाटपुट पुरुष वर्ग में रमन कुमार ने प्रथम, पंकज यादव ने द्वितीय, अंशुल मौर्य ने तृतीय, महिला वर्ग में स्वाति यादव ने प्रथम, पारुल ने द्वितीय, तनिष चौधरी ने तृतीय स्थान, लांग जंप पुरुष वर्ग में रमन कुमार ने प्रथम, अजय ने द्वितीय, राघव यादव ने तृतीय, महिला वर्ग में तनिष चौधरी ने प्रथम, अनु ने द्वितीय, प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो पुरुष वर्ग में कन्हैया वार्ष्णेय, आकाश कुमार, रमन कुमार, सोहिल शर्मा, अभिजीत शंखधार, अंकित यादव, लिंकन यादव, आदि की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में नीतू, शिवानी, सलोनी, नेहा, रौनक, गायत्री, पल्लवी पाल की टीम विजेता रही। रस्साकशी पुरुष वर्ग में रोहित, तुषार, अनमोल, राहुल, विनीत, ओमेंद्र, दीनानाथ, सचिन शर्मा की टीम विजेता रही। जबकि महिला वर्ग में चंचल, विनीता, अन्नू, निधि, राधिका भारती, ज्योति, रितु एवं मानसी बघेल की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में रोहित, सिद्धार्थ वार्ष्णेय, जोगेश, विनीत, तुषार, राहुल, विशाल व अंशुल कुमार की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रिया बघेल, तनिष चौधरी, खुशी, लकी, पल्लवी पाल, रौनक, सलोनी व अंशिका वार्ष्णेय की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डा. नरेंद्र सिंह पाल, अशोक कुमार, अनिल कुमार, राखी, मनोज कुमार, पंकज कुमार, धीरज सक्सेना, दीपमाला, मुकेश कुमार, सुधीर सिंह, शिवम, उपेंद्र सिंह, योगेंद्र स्वरूप, मुकेश कुमार, संजीव सक्सेना, कुलदीप गोपाल, सुधाकर मिश्रा, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने मोबाइल हैक कर खाते से रुपये निकालने पर तीन आरोपी दबोचे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना गुन्नौर पुलिस ने मोबाइल हैक कर भिन्न-भिन्न खातों से 159700 रुपये का फ्रांड करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

निर्मल सैन पुत्र सुकुमार निवासी गलसी जिला पूर्वा वर्दमान ने पोर्टल पर शिकायत करते हुए कहा कि उनके विभिन्न खातों से मोबाइल हैक कर 159700 रुपये का फ्रांड कर लिया है। पुलिस ने पोर्टल पर शिकायत को गंभीरता से लिया और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने तीन आरोपी सुमित निवासी ग्राम हुमायुंपुर थाना गुन्नौर, अमित निवासी ग्राम अजीजपुर थाना जरीफनगर जनपद बदायूं, सत्यवीर निवासी ग्राम शाहनपुर थाना बिसौली जनपद बदायूं को सैजान मुस्लिम से हैदराबाद वाले मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह तीनों ने बिहार बंगाल राज्य से विकास नाम व्यक्ति के संपर्क पर मोबाइल हैक कर खातों से रुपये उड़ाते थे। तीनों आरोपियों ने जनसेवा केंद्र संचालक जितेंद्र निवासी बिजुआनंगला थाना गुन्नौर के जनसेवा केंद्र से 4 अप्रैल को क्यूआर कोड प्राप्त कर उसमें 59596 रुपये प्राप्त किए। जिसमें 75 हजार रुपये लेकर तीनों ने आपस में बांट लिए तथा अन्य रुपये जनसेवा केंद्र संचालक को कमीशन के तौर पर दे दिए। जबकि 50 हजार रुपये विकास के खाते में भेज दिए। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# जनगणना की प्रक्रिया में भागेदारी निभाने को व्यापारियों से की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई की ओर से हमारी जनगणना, हमारा विकास अभियान के तहत नगर के व्यापारियों को जागरुक करने को कार्यक्रम का आयोजन किया।

जिसमें व्यापार मंडल के व्यापारी नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय के कैंप कार्यालय पर पहुंचे। जहां व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि जनगणना किसी भी क्षेत्र के विकास का आधार होती है। सटीक आंकड़ों से ही सरकार को व्यापारियों और आम जनता के लिए बेहतर नीतियां और योजनाएं बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वह जनगणना की प्रक्रिया में सक्रिय भागेदारी निभाएं और सही जानकारी साझा करें। क्योंकि व्यापारिक हितों की रक्षा और शहर के बुनियादी ढांचे का विकास सीधे तौर पर जनसंख्या के सही आंकड़ों पर निर्भर करता है। समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी ने कहा कि नगर पालिका द्वारा बाजार में भ्रमण कर व्यापारियों को हमारी जनगणना हमारा विकास शीर्षक के पत्रक वितरित किए जाएगा। व्यापारियों ने भी इस पहल का स्वागत किया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रभात कृष्णा, शाह आलम मंसूरी, तुषार कुमार, निशांत शर्मा, डीपी वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा आदि रहे।


पालिकाध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर कार्यक्रम में मौजूद व्यापारी। -जागरण मोर्चा

# न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में सुनाई 10 वर्ष की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**▸ दोषी पर 28 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया**

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषी को 10 वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी को 28 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि थाना जुनावई क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी। जिसमें कहा कि 20 अप्रैल 2022 की शाम 6 बजे उसकी 14 वर्षीय भतीजी को गांव का ही जयकुमार, राजमाला पत्नी किताब सिंह, किताब सिंह बहला-फुसलाकर भगा ले गए। उक्त लोग उनकी पुत्री को वापस नहीं कर रहे थे। आरोपी ने उनकी पुत्री को वापस करने की बात कहीं थी, मगर वापस नहीं की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। विवेचना में जयकुमार पर पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं का अपराध पाते हुए पुलिस ने विवेचना न्यायालय ने दाखिल कर दी। उक्त मुकदमें की सुनवाई न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना और पाक्सो एक्ट में आरोपी को दोषी पाया। न्यायालय ने दोषी को 10 वर्ष का कारावास से दंडित किया है। साथ ही दोषी पर 28 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

# जाम से निजात को वन-वे प्लान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्घोग व्यापार मंडल द्वारा सीओ को ज्ञापन सौंपकर नगर में जाम से निजात के लिए ई-रिक्शा का रूट प्लान बनाने की मांग की थी।

इसी के तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी के नेतृत्व में नगर के मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं जाममुक्त बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस द्वारा विशेष कार्ययोजना लागू की जा रही है। इसके अंतर्गत नगर क्षेत्र में ई-रिक्शा संचालन को नियंत्रित करते हुए आवश्यकतानुसार वन-वे व्यवस्था एवं वैकल्पिक रूट लागू किए जाएंगे। अत्यधिक भीड़भाड़ एवं संकरे मार्गो को ई-रिक्शा प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर वहां ई-रिक्शा प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाएगा। इसके साथ बिना नंबर प्लेट, बिना रजिस्ट्रेशन एवं नियम विरुद्ध संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान एवं सीज की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाकर मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। यातायात पुलिस द्वारा नियमित मानिटरिंग एवं चेकिंग अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाएगा। ई-रिक्शा संचालन के लिए लागू की जा रही कार्ययोजना के सफल परिणाम प्राप्त होने पर इसे पूर्ण रूप से लागू किया जाएगा, जिससे नगर क्षेत्र के मुख्य बाजारों में आमजनमानस को जाम की समस्या से निजात मिल सके तथा यातायात व्यवस्था सुचारु एवं सुरक्षित बनी रहे।


पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश देते यातायात प्रभारी निरीक्षक। -जागरण मोर्चा

# कलक्ट्रेट में आकांक्षात्मक विकास खंडों की समीक्षा बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नीति आयोग के अंतर्गत चयनित आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्ड असमोली व गुन्नौर में संचालित विभिन्न योजनाओं व निर्धारित सूचकांकों पर विभागवार समीक्षा की गई।

बैठक में डीपीएमयू प्रभारी श्यामा कुमार ने बताया कि नीति आयोग के अंतर्गत जनपद के दो विकास खंड असमोली व गुन्नौर शामिल हैं। इन विकास खंडों में स्वास्थ्य, कृषि, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, आईसीडीएस सहित 11 विभागों के 38 विभिन्न पैरामीटर्स के आधार पर मूल्यांकन एवं रैंकिंग की जाती है। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने सभी संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित सूचकांकों में सुधार को लक्ष्य आधारित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आगामी बैठक में राष्ट्रीय रैंकिंग से संबंधित डेटा के साथ समीक्षा पुस्तिका उपलब्ध कराई जाए। ताकि प्रगति का बेहतर मूल्यांकन किया जा सके। बैठक में पीएम एक्सीलेंस अवार्ड से संबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। जिस पर जिलआधिकारी ने दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संस्थागत प्रसव, एएनसी एवं एनक्यूएएस, आईसीडीएस विभाग के अंतर्गत सैम एवं मैम बच्चों की स्थिति तथा कृषि विभाग के अंतर्गत एफपीओ से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डा. तरुण पाठक, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, कृषि उपनिदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, आईटीआई प्रधानाचार्य स्तुति गुप्ता सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। -जागरण मोर्चा

## दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सज़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** मूंढापांडे क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 24 दिसंबर 2019 को आरोपी सत्यभान उर्फ किन्नू एक किशोरी को बहला-फुसलाकर हवाई पट्टी के पास ले गया और वहां दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। विशेष न्यायाधीश छाया शर्मा की अदालत में चली सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने प्रभावी पैरवी की। साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने सत्यभान को दोषी पाते हुए उम्रकैद और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया।

# लंबित मांगों पर बैंककर्मियों का प्रदर्शन


प्रदर्शन करते ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया स्टाफ फेडरेशन कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन के आह्वान पर मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक की चंदौसी शाखा में कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रशासनिक कार्यालय के समक्ष एकत्र हुए कर्मचारियों ने काला मास्क लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों ने बैंक प्रबंधन की उदासीनता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो 25 और 26 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में स्थायी पदों पर आउटसोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त करना, मैसेंजरों और सशस्त्र गार्डों की नई नियुक्ति करना तथा वर्ष 2019 के बाद नियुक्त कर्मियों के लिए इंटर-सर्कल ट्रांसफर की सुविधा बहाल करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नई पेंशन योजना (NPS) के तहत कर्मचारियों को पेंशन फंड मैनेजर चुनने का विकल्प देने और चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना में सुधार की भी मांग की। आंचलिक सचिव गिरेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में शिवानी, तूलिका और दिनेश सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर पसरा सन्नाटा

**ठाकुरद्वारा।** तहसील क्षेत्र में सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर इस समय सन्नाटा पसरा हुआ है। बाजार में गेहूं के दाम सरकारी समर्थन मूल्य से अधिक मिलने के कारण किसान सरकारी क्रय केंद्रों की बजाय खुले बाजार में अपनी फसल बेचने को प्राथमिकता दे रहे हैं। इससे सरकारी खरीद व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मंडी समिति स्थित सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर इस वर्ष चार केंद्र संचालित किए गए हैं। अब तक इन केंद्रों पर लगभग तीन हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। बताया जा रहा है कि खुले बाजार में गेहूं के बेहतर दाम मिलने से किसानों ने सरकारी खरीद केंद्रों पर आना लगभग बंद कर दिया है। यही कारण है कि अधिकतर केंद्रों पर पूरे दिन सन्नाटा बना रहता है। तहसील क्षेत्र में कुल 16 केंद्रों पर गेहूं खरीद की व्यवस्था की गई है, लेकिन अपेक्षा के अनुरूप किसान नहीं पहुंच रहे हैं। मंडी समिति में स्थापित पाच प्रमुख खरीद केंद्रों पर सोमवार व मंगलवार को एक भी किसान गेहूं बेचने नहीं पहुंचा। केंद्रों पर कर्मचारी मौजूद रहे, लेकिन खरीद कार्य नहीं हो सका। केंद्र प्रभारियों का कहना है कि शुरुआत में कुछ दिनों तक खरीद ठीक चली, लेकिन बाद में किसानों का रुझान बाजार की ओर बढ़ गया।

# पीतल कारोबारी के घर एक करोड़ की डकैती, रिपोर्ट दर्ज

## अकबर कंपाउंड में छह नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे के बल पर दिया वारदात को अंजाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** नागफनी थाना क्षेत्र के बंगला गांव अकबर कंपाउंड में सोमवार तड़के करीब 3:40 बजे छह नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने पीतल कारोबारी के घर में डकैती डाल दी। डिजिटल लॉक खोलकर घर में घुसे बदमाश 1.20 करोड़ की नकदी, छह तोला सोना समेत सवा करोड़ से अधिक का माल समेट कर ले गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बाहर निकले तो कारोबारी के बेटे ने पीछा किया, लेकिन बदमाश दो कारों में सवार होकर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक विभाग की फील्ड यूनिट बुलाकर जांच पड़ताल कराई। एडीजी रमित शर्मा और डीआईजी मुनिराज जी ने भी घटना स्थल पर पहुंच का मौका मुआयना किया और परिजनों ने जानकारी ली। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ डकैती की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





डिलारी थाना क्षेत्र के ढकिया नगर पंचायत निवासी इमरान करीब सात साल से मुरादाबाद में रहते हैं। यहां वह पीतल कारोबार करने के साथ ही प्रॉपर्टी का काम भी करते हैं। दो साल पहले ही उन्होंने नागफनी के बंगला गांव स्थित अकबर कंपाउंड में अपना मकान बनाया है। जहां वह पत्नी और चार बच्चों के साथ रहते हैं। इमरान ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उन्हें जिगर कालोनी स्थित एक प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करानी थी। इसके लिए 1 करोड़ 20 लाख रुपये रख रखे थे। इसमें से कुछ रकम उनकी खुद की थी, जबकि कुछ रिश्तेदारों और परिचितों से उधार लिए थे। इमरान के अनुसार रविवार देर रात वह अपने बड़े बेटे अरीब के साथ एक कमरे में सो रहे थे। दूसरे कमरे में दोनों बेटियां सो रही थी। जबकि पत्नी सीमा छोटे बेटे अरकान को लेकर ड्राईंग रूम में सो रही थी। इमरान के अनुसार सोमवार तड़के करीब 3:40 बजे छह नकाबपोश बदमाश मकान के गेट में लगे डिजिटल लॉक को खोल कर घर के अंदर घुस गए और पहली मंजिल पर स्थित ड्राइंगरूम तक पहुंच गए। आरोपियों ने पिस्टल और तमंचे के बल पर पूरे परिवार को बंधक बना लिया। इसके बाद बेड के पास छोटी टेबल पर रखी एक करोड़ बीस लाख रुपये की कनदी और करीब छह तोला सोना लूट लिए। बाद में आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर निकाल ली और घर के तीन मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में ले लिए। करीब दस मीनट तक लूटपाट करने के बाद बदमाश पूरे परिवार को एक कमरे में बंद करके भागने लगे। इमरान के बेटे अरीब ने दरवाजा अंदर से बंद नहीं होने दिया। बदमाशों के निकलने के बाद उसने घर से स्कूटी निकाल कर पीछा किया और बंगला गांव

**डिजिटल लॉक खोलकर घर में घुसे बदमाश, 1.20 करोड़ की नकदी और छह तोला सोना ले गए बदमाश**



पानी टंकी के पास तक पहुंच गया। लेकिन तब तक बदमाश वहां खड़ी दो कारों में बैठकर नागफनी थाने की ओर भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही नागफनी पुलिस मौके पर पहुंची और उच्चाधिकारियों को सूचना दी। इतनी बड़ी डकैती की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-

**एडीजी और डीआईजी भी घटना स्थल पर पहुंचे, परिजनों से बातचीत कर ली जानकारी**

फानन में एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एएसपी अभिनव द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा भी दोपहर में घटना स्थ्ज़ल पर पहुंच कर मौका मुआयना किए। इस संबंध में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मामले में पीड़ित की तहरीर के आधार पर नागफनी थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ डकैती की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रारंभिक जांच में कुछ क्ल्यू मिला है, जिसके आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# गंदगी और जलभराव के बीच निकली बारात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में हो रही गंदगी एवं जल भराव के बीच होकर बारात गुजरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।वही वीडियो वायरल होने से जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की पोल खोल नजर आ रही है।

मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया के खड़कवंशी व्हाट्सएप ग्रुप पर एक वीडियो वायरल हुई, वायरल वीडियो में गंदगी एवं जल भराव के बीच बारात होकर गुजरती दिखाई दे रही है, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है की वायरल वीडियो



गंदगी एवं जल भराव में होकर गुजरती बारात। –जागरण मोर्चा

**▸ वीडियो हुआ वायरल, ग्रामीणों में भारी रोष**

हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रुखालू का है। ग्राम रुखालू के एक मार्ग पर गंदगी एवं जल भराव होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि गांव में 2 दिन पूर्व बारात आई थी जो गंदगी एवं जल भराव के बीच होकर गुजरी। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी रोष व्याप्त है, वहीं ग्रामीणों ने अधिकारियों से समस्या का समाधान करने की मांग की है। वायरल वीडियो जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सफाई के प्रति गंभीरता को दर्शा रही है जहां एक और देश के प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत का नारा दे रहे हैं वही गांव में गंदगी के अंबार लगे हैं।

## टीवीएस के कार्यक्रम में ग्राहकों को सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** एपी टीवीएस ऑटोमोबाइल्स द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टीवीएस मोटर्स के टीएम हर्ष यादव ने शिरकत की और कंपनी की लोकप्रिय 'राइडर बाइक' की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अपनी आधुनिक तकनीक और शानदार लुक के कारण यह बाइक युवाओं और ग्राहकों के बीच पहली पसंद बनी हुई है।इस अवसर पर शोरूम से बाइक खरीदने वाले ग्राहकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, बेहतर सेवा प्रदान करने वाले मैकेनिकों को भी पुरस्कृत किया गया। शोरूम स्वामी अंकित बंसल और विशाल गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एक्सप्रेसवे के अंडरपास में जलभराव, ग्रामीण परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास से जल निकासी की व्यवस्था न होने से जलभराव की समस्या बनी हुई है। किसानों के साथ ही ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि तहसील क्षेत्र के 25 गांवों से होकर गुजर रहे गंगा एक्सप्रेसवे का अंडरपास मंगरौला के नजदीक बना हुआ है। इस अंडरपास से मंगरौला व दौलतपुर कला के ग्रामीणों का आवागमन होता है। हल्की बूंदाबांदी में भी अंडरपास पानी से भर जाता है। इसकी वजह जल निकासी की व्यवस्था न होना बताया जा रहा है, जिसके चलते दोनों गांवों का संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। तमाम ग्रामीणों व किसानों को प्रतिदिन



अंडरपास में जलभराव। –जागरण मोर्चा

अंडरपास से होकर गुजरना पड़ता है। एक-दूसरे गांव में शिक्षा ग्रहण करने जाने वाले स्कूली बच्चे भी जल भराव से होकर गुजरते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरपास बहुत नीचा बनाया गया है। चारों तरफ से पानी के साथ मिट्टी आने से यहां कीचड़ जमा हो जाती है, जिससे दलदल भी हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि गंगा एक्सप्रेसवे पर लगभग सभी जगह अंडरपास नीचे बना दिए गए हैं, जिसकी वजह से बरसात में पानी भरने से लोग परेशान हो रहे हैं। मंगरौला गांव निवासी सुनील कुमार, काविंद्र व पुष्पेंद्र कुमार का कहना है कि गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण करने

**▸ गांव मंगरौला के नजदीक बनी दिक्कत, अधिकारियों से समाधान की गुहार लगाई**

वाली कंपनी के अधिकारियों से जलभराव की समस्याओं को बताया गया था लेकिन, उन्होंने निराकरण का कोई उपाय नहीं किया। जिसका खामियाजा दोनों गांवों के करीब पांच हजार लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

यूपीडा के एक्सईएन राकेश कुमार मोगा से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता के बाद अंडरपास के जल भराव की समस्या का समाधान कराया जाएगा। जल निकासी का समुचित इंतजाम होने से समस्या से स्थाई रूप से मुक्ति मिल जाएगी।

## ऑल दिव्यांग विकास संगठन ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** ऑल दिव्यांग विकास संगठन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव और जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार भारती के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान दिव्यांगों ने सहायक विकास अधिकारी सत्येंद्र सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में दिव्यांगों के लिए आवास सहायता राशि बढ़ाकर ढाई लाख रुपये करने, पेंशन को 5000 रुपये मासिक करने और निःशुल्क शिक्षा जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं। इसके अलावा अंत्योदय राशन कार्ड, बिजली-पानी के बिल में छूट और रोजगार से जोड़ने की मांग भी की गई।

# एक माह से ठप पड़ी पेय जल आपूर्ति से आक्रोशित ग्राम वासियों का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** ब्लाक क्षेत्र के गांव भदौरा में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत जल आपूर्ति की जा रही थी। जिससे ग्रामवासियों और विशेष रूप से ऐसे गरीब लोगों को जिनके घरों में समर सेविल या विद्युत कनेक्शन नहीं है। पेय जल आपूर्ति का लाभ मिल रहा था।

पहले ये लोग सरकारी नलों से पानी पीने का काम करते थे लेकिन अब सरकारी नलों की जरूरत न होने से वे ठप हो गए हैं। पिछले एक माह से जल आपूर्ति तकनीकी खराबी के कारण ठप पड़ी हुई है। जरूरत मंद गरीब लोगों को दूसरे लोगों के घरों से पानी मांगकर लाना पड़ रहा है। जिससे जहां एक ओर आम आदमी



प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

पीने के पानी के लिए परेशान है। वहीं पशुओं के लिए दूर दराज से पानी ढोने के लिए विवश हैं। कई बार जिम्मेदारों से इस समस्या की शिकायत की जा चुकी है। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। सभी ने एक स्वर से अतिशीघ्र तकनीकी खराबी दूर करके जल आपूर्ति सुचारु करने की मांग की। नाराज ग्रामीणों ने गांव में ही जोरदार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा, अजहरुद्दीन सैफी, लाखन सिंह, होशियार अली, लोचन सिंह, आशिफ अली, देवराज सिंह, जुल्फी, हुसियार, उबेश, आनंद, बाखीर, जफरु, गुलफान अली आदि मौजूद रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा के ग्राम रतूपुरा निवासी अवरार हुसैन ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर विदेश में नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, गांव के ही मोहसिम ने सऊदी अरब में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे 2.18 लाख रुपये और पासपोर्ट लिए।सऊदी पहुंचने पर युवक को न तो वादा की गई नौकरी मिली और न ही वेतन, बल्कि उसे मजदूरी पर लगा दिया गया। परिजनों का आरोप है कि वापस बुलाने के बदले आरोपी ने 50 हजार अतिरिक्त मांगे और जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल युवक का संपर्क परिवार से टूट गया है, जिससे परिजन चिंतित हैं।

# केमिस्ट एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्टस एसोसिएशन ने मंगलवार को राष्ट्रीय आह्वान पर गाव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के प्रांगण में अध्यक्ष संदीप कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में एकत्र हुए और अपनी मांगों से संबंधित उप जिला अधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार मनोज कुमार को सोपा।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि देशभर में 12.40लाख से अधिक केमिस्ट्स है, उन्होंने मांग करते हुए कहा कि 28/8/2018 की अधिसूचना वापसी हो, इसी के साथ उन्होंने मांग करते हुए कहा कि ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाई जाए।



केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्टस एसोसिएशन ज्ञापन सौंपते हुए। –जागरण मोर्चा

**▸ 26 मई को एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद की दी सूचना**

**▸ ऑनलाइन दवा बिक्री का किया विरोध**

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दवाइयां मगाने पर कोई शिकायत होती है तो मेडिकल संचालकों पर दोष दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अपनी मांगे पूर्ण करने के लिए 26 मई को पूरे देश में एकदिवसीय मेडिकल बंद रखे जाएंगे।

ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष संदीप कुमार अग्रवाल, महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता, अनुज अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, गिरीश कुमार अग्रवाल, सुधीर चौहान, शहाबुद्दीन, निजाम, मोहम्मद नासिर आदि लोग मौजूद रहे।

**भक्ति** पांच वर्ष की आयु में कठोर तप से प्रसन्न हुए भगवान विष्णु, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया ध्रुव चरित्र का वर्णन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव उधनपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का राशन डीलर लखन सिंह ने फीता काटकर क्या शुभारंभ।

श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक देव कृष्ण महाराज ने प्रवचन करते हुए बताया की राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव को अपनी सौतेली माता सुरुचि के द्वारा अपमानित किया गया। जब वह अपने पिता की गोद में बैठना चाहते थे तो सौतेली माता के कठोर वचनों ने बालक ध्रुव के हृदय को आहत कर दिया। दुखी होकर जब धुर्व अपनी माता सुनीति के पास पहुंचे तब माता ने उन्हें भगवान की शरण में जाने का मार्ग बताया। माता के उपदेश से प्रेरित



कथा व्यास। –जागरण मोर्चा

होकर मात्र पांच वर्ष की आयु में ध्रुव वन की ओर निकल पड़े। मार्ग में देव ऋषि नारद मुनि ने ध्रुव को समझने का प्रयास किया लेकिन ध्रुव के अटल संकल्प को देखकर उन्हें ओम नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का उपदेश दिया ।इसके बाद धुर्व ने कठोर तपस्या आरंभ की उनकी तपस्या इतनी कठिन थी कि तीनों लोक विचलित हो उठे। अंततः भगवान विष्णु स्वयं प्रकट हुए भगवान ने ध्रुव को दर्शन देकर



कथा सुनते हुए श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

उन्हें अटल पथ प्रदान किया जो आज ध्रुव तारे के रूप में आकाश में स्थित है।महाराज ने कहा कि ध्रुव प्रसंग हमें यह संदेश देता है कि जीवन में कितनी भी बाधाएं हैं यदि व्यक्ति के भीतर दृढ़ निश्चय भक्ति और विश्वास हो तो वह परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। युवा पीढ़ी को ध्रुव के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। ताकि वह अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रह सके। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन में बढ़ चढ़कर भाग लिया पूरा पंडाल जय श्री राधे राधे तथा हरि बोल के जयकारों से गूंज उठा।

# कुन्डलपुर तीर्थ यात्रा को टीएमयू से दमोह के लिए रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** भगवान महावीर जंयती महोत्सव समिति, मुरादाबाद एवं मुख्य आयोजक मनीष जैन (गंज), पंकज जैन द्वारा 150 श्रद्धालुओं को मध्य प्रदेश के दमोह में स्थित श्री बड़े बाबा कुन्डलपुर की तीर्थ यात्रा का आयोजन किया।

इस तीर्थ यात्रा को टीएमयू कैंपस से मुरादाबाद के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बतौर मुख्य अतिथि, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शक्ति दुबे एवं टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने हरी झंडी दिखाकर दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए बसों को रवाना किया। श्रद्धालुओं के संग जीवीसी मनीष जैन और ऋचा जैन भी तीर्थ यात्रा में शामिल



हैं। तीर्थ यात्रा में शामिल श्रद्धालु बस से दिल्ली रेलवे स्टेशन और वहां से ऊर्जाधानी एक्सप्रेस से दमोह पहुंच कर श्री बड़े बाबा का आशीर्वाद लेंगे। श्री 1008 आदिनाथ भगवान बड़े बाबा कुन्डलपुर की प्रतिमा 2,000 वर्ष से भी अधिक प्राचीन है, जिसका नव्य और भव्य निर्माण आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में कुछ वर्ष पूर्व कराया गया था।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने कहा, तीर्थ यात्रा के समय धाम यानी तीर्थ स्थान, धामी यानी पूज्य भगवान, धामवासी यानी तीर्थ स्थान पर रहने वाले लोगों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। इस मौके पर फर्स्ट लेडी वीना जैन, ऋचा जैन, जहान्वी जैन, मुरादाबाद जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी

**▸ जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया बोले, तीर्थ यात्रा के समय धाम, धामी, धामवासी के प्रति रखना चाहिए सम्मान का भाव**

रही। सभी श्रद्धालुओं का ढोल बजाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के अल्पाहार की व्यवस्था एवं कार्यक्रम का आयोजन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर महावीर जिनालय समिति की ओर से किया गया। यात्रा प्रस्थान के समय संदीप जैन, नीलम जैन, उषा जैन, जयरानी जैन, राजेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि श्रद्धालुओं का यह दल कुन्डलपुर में श्री बड़े बाबा का आशीर्वाद लेकर 14 मई को मुरादाबाद के लिए वापसी करेगा।

# संपादकीय

## पीएम की कोरोना-सी अपील

प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह देश से अपील की है और कुछ हिदायतें भी दी हैं, उनसे स्पष्ट है कि संकट गहरा रहा है। हालात सामान्य की परिधि से बाहर निकल चुके हैं। ईरान युद्ध का बेहद गंभीर असर भारत पर भी महसूस होने लगा है। प्रधानमंत्री ने कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान जैसी अपील कई बार की थी, उसी तरह वह अब कह रहे हैं कि कारपूलिंग करें, सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें, जहां मेट्रो उपलब्ध है, वहां उसी से सफर करें और अधिक से अधिक विद्युत वाहनों का उपयोग करें। प्रधानमंत्री को यहां तक हिदायत देनी पड़ी है कि 'वर्क फ्रॉम होम' करें, ऑनलाइन बैठकें करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आज फिर 'जरूरत' बन गई है। गैर-जरूरी यात्राएं न करें और कमोबेश 1 साल के लिए विदेश में छुट्टी मनाने, घुमक्कड़ी करने और शादियां करने को स्थगित कर दें। यह देशहित में होगा। चाहे कोई भी त्योहार या घरेलू समारोह हो अथवा निवेश के मद्देनजर सोने की खरीद भी न करें। इससे विदेशी मुद्रा बचेगी, लिहाजा यह भी देशहित में होगा। बेशक प्रधानमंत्री मोदी की चिंताएं समझ में आ रही हैं। ईरान युद्ध समाप्त नहीं हो पा रहा है। युद्धविराम के ढोंग में जो हमले किए जा रहे हैं, वे युद्ध ही हैं। अमरीका और ईरान की अपनी-अपनी नाकेबंदी के वैश्विक प्रभाव सामने आ रहे हैं। अमरीका में ही पेट्रोल के दाम 7.5 फीसदी बढ़ गए हैं, जबकि अमरीका में तेल संकट नहीं है। ब्रिटेन में डीजल के दाम 33 फीसदी बढ़ाने पड़े हैं और घर को गरम रखने के लिए एलपीजी का उपयोग बंद कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया में नहाने में शॉर्ट शॉवर, सप्ताहांत में ही वाशिंग मशीन चलाने और सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट बंद करने जैसी कुछ व्यवस्थाएं देश पर लागू की गई हैं। चीन, फ्रांस, स्पेन, इटली जैसे देशों को भी पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम बढ़ाने पड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी आम उपभोक्ता के लिए पेट्रोल, डीजल, गैस के दाम बढ़ाने की भूमिका तैयार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत में कच्चे तेल के बड़े-बड़े कुएं नहीं हैं। हमें तेल आयात करना ही पड़ेगा। युद्ध के कारण और कच्चा तेल लगातार महंगा होने के कारण भारत की तेल कंपनियों को 30,000 करोड़ रुपए माहवार का घाटा झेलना पड़ रहा है। हररोज का औसतन घाटा 1600 करोड़ रुपए का है। सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर जो टैक्स घटाया था, उससे ही सरकार को हर माह 14,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। भारत को तेल, गैस आदि विदेशों से आयात करने पड़ते हैं। अभी देश 93 लाख करोड़ रुपए का आयात कर रहा है। हमारा व्यापार घाटा भी करीब 11.3 लाख करोड़ रुपए सालाना है। आर्थिक और कारोबारी हालात, ईरान युद्ध के कारण, बदतर होते जा रहे हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री को कोरोना महामारी जैसी अपील करनी पड़ी है। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर यह हिदायत दोहराई है कि हर घर में तेल की मात्रा कम करें। ऐसा करने से स्वस्थ रहेंगे और देश पर भी खाद्य तेल आयात करने का बोझ नहीं बढ़ेगा। प्रसंगवश याद दिला दें कि हमारे दर्जन भर जहाज, टैंकर अब भी होर्मुज के समंदर पर फंसे हैं। हमारे कुछ नाविक मारे गए हैं और घायल भी हुए हैं। ईरान और अमरीका धमकियां दे रहे हैं और होर्मुज जलमार्ग का नाजायज फायदा उठा रहे हैं। भारत ऐसा देश है, जहां 2025-26 में 6.40 लाख करोड़ रुपए का सोना आयात किया गया। हम विदेश यात्राओं पर ही 3.65 लाख करोड़ रुपए खर्च कर देते हैं। यदि इन पर कुछ रोक लगाएंगे, तो विदेशी मुद्रा बचेगी। 2025-26 में हमने कच्चे तेल के आयात पर 10.35 लाख करोड़ रुपए खर्च किए। चूंकि ईरान युद्ध के कारण कच्चा तेल 50 फीसदी महंगा हो गया है, लिहाजा अब हमें तेल के आयात पर करीब 17 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। बोझ देश की अर्थव्यवस्था पर ही पड़ेगा। विश्व बैंक का आकलन है कि युद्ध के कारण 2026 में ऊर्जा की कीमतों में 24 फीसदी तक बढ़ोतरी होगी और वस्तुओं के दामों में 16 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। विश्व मंदी के कगार पर है, क्योंकि लगभग सभी देशों की आर्थिक गति धीमी हो गई है। प्रधानमंत्री साफ करें कि भविष्य में क्या होने वाला है। आम आदमी को भविष्य की चिंता सता रही है।

# महिला आरक्षण में देरी का दोषी कौन?

नारी शक्ति वंदन विधेयक, जिसे महिला आरक्षण विधेयक भी कहते हैं, शायद पहला संविधान संशोधन विधेयक है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शासन तंत्र संभालने के बाद पारित नहीं हो पाया। एक बार जब जीएसटी अधिनियम के संदर्भ में राज्यसभा में संख्या सरकार के पक्ष में नहीं थी, तो भी उसे पारित करवाने में सरकार सफल रही थी। प्रश्न यह है कि इस बार नारी शक्ति वंदन विधेयक क्यों पारित नहीं हो पाया। क्यों अंतिम समय में यह विधेयक गिर गया और सरकार को इससे संबद्ध अन्य दो विधेयक भी वापस लेने पड़े। इस बात को समझने के लिए हमें इस विधेयक को उसके एतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समझना पड़ेगा। वर्ष 2023 में 'महिला आरक्षण कानून' बना जिसके अंतर्गत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। यह कानून तो बन गया, लेकिन लागू नहीं हो पाया था। इसका कारण यह रहा कि इस कानून में यह कहा गया था कि यह कानून नई जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया (निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण) के बाद ही लागू किया जा सकेगा। सर्वविदित ही है कि जनगणना वर्ष 2021 में होनी थी, जो कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित हो गई और अब उस जनगणना की प्रक्रिया जारी है, जो वर्ष 2028 से पहले पूर्ण नहीं हो सकेगी। जहां तक परिसीमन की प्रक्रिया का सवाल है, वह जनगणना पूर्ण होने पर ही की जा सकेगी, क्योंकि संसदीय क्षेत्रों और विधानसभा क्षेत्रों की सीमाओं का निर्धारण जनगणना के बाद ही संभव हो सकता है। ऐसे में पूर्व में बने महिला आरक्षण कानून के आधार पर व्यावहारिक रूप से महिलाओं को आरक्षण इन सभी प्रक्रियाओं (जनगणना और परिसीमन) के बाद ही संभव है, और यह काम आने वाले 2029 के चुनावों तक संभव नहीं हो सकता था।

ऐसे में महिला आरक्षण कानून को जल्दी लागू करने की दृष्टि से सरकार एक नवीन महिला आरक्षण अधिनियम (नारी शक्ति वंदन विधेयक) लेकर आई, जिसमें यह प्रावधान था कि लोकसभा और विधानसभाओं के क्षेत्रों का परिसीमन 2011 की जनगणना के आधार पर ही कर दिया जाए। यह विधेयक 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत के अभाव में पारित नहीं हो पाया और इस प्रकार महिला आरक्षण कानून के आधार पर निकट भविष्य में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए संभव नहीं होगा। इस विषय को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच बहुत कड़ा रोष है, और साथ ही साथ महिलाओं के मन में भी इस बात की टीस है। लेकिन संविधान के अनुसार जब तक महिला आरक्षण को लागू करने के संबंध में रुकावटों को संसद के द्वारा दूर नहीं किया जाता, महिलाओं के लिए विधायिका में आरक्षण का मार्ग जल्दी नहीं खुलेगा। इस बात को समझने की आवश्यकता है कि




क्या विपक्ष के पास कोई ठोस कारण है, जिसके आधार पर उन्होंने इस विधेयक के विरोध में वोट दिया, या यह विरोध मात्र राजनीति से प्रेरित है? विपक्षी दलों के इस संबंध में क्या तर्क हैं? क्या संसद से खारिज वर्तमान विधेयक में संशोधन अथवा स्पष्टीकरण कर महिला आरक्षण के मुद्दे पर कोई समाधान निकल सकता है? विपक्ष ने संसद और संसद के बाहर इस विधेयक के संबंध में कुछ तर्क सामने रखे हैं, इन तर्कों की प्रासंगिकता को भी समझने की जरूरत है। वर्तमान में जिन 230 लोकसभा सदस्यों ने विधेयक के खिलाफ वोट डाला है, उनमें से कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस आदि शामिल हैं। विपक्षी सदस्यों खासतौर पर तमिलनाडु के महत्वपूर्ण राजनीतिक दल डीएमके का कहना है कि यदि जनसंख्या के आधार पर लोकसभा की सीटों का पुनर्वितरण होता है तो उन्हें लोकसभा में अनुपातिक रूप से कम प्रतिनिधित्व मिलेगा क्योंकि पिछले दशकों में तमिलनाडु जैसे दक्षिण के राज्यों ने सफलतापूर्वक जनसंख्या पर नियंत्रण किया है, जबकि उत्तर के राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार आदि में जनसंख्या वृद्धि तेजी से हुई है।

इस आपत्ति के निवारण हेतु सरकार ने संसद में 50 प्रतिशत फार्मूला सुझाया है, जिसके अनुसार दक्षिण के राज्यों को भी उनकी वर्तमान संख्या के अनुपात में 50 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें मिलेंगी। इस फार्मूले के आधार पर कर्नाटक को वर्तमान में 28 के स्थान पर 42, तमिलनाडु को 39 के स्थान पर 59, आंध्र प्रदेश को 25 के स्थान पर 38, तेलंगाना को 17 के स्थान पर 26 तथा केरल को 20 के स्थान पर 30 सीटें मिलेंगी। पूर्व में भी श्री एनके सिंह की अध्यक्षता में, पंद्रहवें वित्त आयोग ने वित्तीय संसाधनों का बंटवारा करने हेतु, जनसंख्या से इतर अन्य मापदंडों को स्थान दिया था, जिससे जनसंख्या कम होने पर भी उन्हें केंद्र से पर्याप्त हिस्सा प्राप्त हो सका था। इसका अभिप्राय यह है कि केंद्र सरकार ने जब यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी राज्य को भी सीटों का नुकसान नहीं होगा, तो ऐसे में इस अधिनियम का विरोध इस आधार पर करना सर्वथा अनुचित है। इसके अतिरिक्त कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल यह कह रहे हैं कि वे वास्तव में महिला आरक्षण के विरोध में नहीं हैं, लेकिन वर्तमान अधिनियम में महिला आरक्षण को परिसीमन और जनगणना के साथ जोड़ा जाना सही नहीं है। कांग्रेस का तर्क है कि इस बिल में महिलाओं के लिए आरक्षण को देशव्यापी परिसीमन प्रक्रिया (निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं को फिर से तय करना) के साथ जोड़ दिया गया है, जिसका महिलाओं के सशक्तिकरण से कोई लेना-देना नहीं है। उनका तर्क है कि यह भारत के चुनावी नक्शे को बदलने का एक प्रयास है। लेकिन यह सही तर्क इसलिए नहीं है कि 2023 में पारित अधिनियम में भी आरक्षण को जनगणना और परिसीमन के साथ जोड़ा गया था। 17 अप्रैल 2026 को खारिज किए गए अधिनियम में तो इस संदर्भ में परिसीमन के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई थी, ताकि परिसीमन को जल्दी से पूर्ण करते हुए महिला आरक्षण को जल्द लागू किया जा सके। यह पहली बार नहीं है कि 1951 से शुरू होकर परिसीमन का काम किया गया हो। परिसीमन की प्रक्रिया एक नियमित काम रहा है। 1951 के बाद, यह 1961 में किया गया, फिर 1971 में। हालांकि, 1976 में एक संवैधानिक संशोधन के जरिए परिसीमन की प्रक्रिया को 2001 तक के लिए रोक दिया गया था। 2002 और 2008 के बीच सीमित परिसीमन किया गया था, जिसमें लोकसभा सीटों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया गया था। यह संवैधानिक संशोधन 2026 में खत्म हो गया है और इसलिए अब नए परिसीमन का समय आ गया है।

इसलिए, कांग्रेस का यह तर्क कि महिलाओं के लिए आरक्षण को देशव्यापी परिसीमन (चुनाव क्षेत्रों की नई सीमाएं तय करना) के काम से जोड़ा जा रहा है, सही नहीं है, क्योंकि यह एक संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा है, न कि कोई अपनी मर्जी से किया जाने वाला काम। यह एक जरूरी प्रक्रिया है, जिसके बिना महिलाओं के लिए आरक्षण और महिलाओं का राजनीतिक सशक्तिकरण मुमकिन नहीं है। कांग्रेस का यह तर्क कि सरकार महिलाओं के लिए आरक्षण को परिसीमन को आगे बढ़ाने के लिए एक बहाने के तौर पर इस्तेमाल कर रही है, जिससे कुछ खास इलाकों को राजनीतिक फायदा हो सकता है, सही नहीं ठहरता, क्योंकि अगर यह बिल खारिज भी हो जाता है, तो भी 2026 के बाद, जब जनगणना पूरी हो जाएगी, तभी परिसीमन किया जा सकेगा। मौजूदा कानून के तहत, 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के आंकड़ों के आधार पर नया परिसीमन करना जरूरी है। 17 अप्रैल को बिल खारिज होने के बाद, सिर्फ 2011 की जनगणना के आधार पर केवल परिसीमन जल्दी करने का काम ही रुका है। मौजूदा बिल को खारिज करके, कांग्रेस ने चुनाव क्षेत्रों की नई सीमाएं तय करने के काम को सिर्फ स्थगित ही किया है।

# सोने व ईंधन का संयम

खाड़ी युद्ध से उपजे हालात व बाधित वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के बीच प्रधानमंत्री का ईंधन के उपयोग व सोने की खरीद में संयम बरतने का आह्वान निस्संदेह, वक्त की जरूरत है। लेकिन तेलंगाना के बाद बडोदरा से दूसरी बार उनके राष्ट्र को संबोधन व इसके समय को लेकर सवाल भी उठे हैं। निस्संदेह, हालात काफी दिनों से चुनौतीपूर्ण बने हैं, रुपये में तेज गिरावट व महंगे कच्चे तेल के आयात की वजह से हमारा विदेशी मुद्रा भंडार काफी दबाव में रहा है। आलोचक सवाल उठा रहे हैं कि इस घोषणा के लिये विधानसभा चुनाव परिणामों का इंतजार क्यों किया गया। कुछ लोगों का मानना है कि सत्ता शीर्ष से किया गया आह्वान कई बार देश में असुरक्षाबोध पैदा करता है, जिसका नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। दरअसल, इससे कृत्रिम संकट पैदा करने वाले तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं। इससे चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी को भी बढ़ावा मिलता है। इसमें दो राय नहीं कि देश बड़ी मात्रा में कच्चा तेल व सोना आयात करता है। जाहिर बात है जब इनकी वैश्विक कीमतें बढ़ती हैं तो इन दोनों के कारण भारी दबाव देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। निस्संदेह, विषम वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन की बचत, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देना और आयात पर निर्भरता कम करना चुनौतियों से मुकाबले के लिये समझदारी भरे उपाय हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि पिछले



डेढ़ माह में सरकार विधानसभा चुनावों में व्यस्त रही। इस दौरान आर्थिक प्रबंधन का मुद्दा हाशिये पर चला गया। अब इन चुनौतियों से मुकाबले के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन लोगों से विदेशों में शादियां टालने, सोना खरीदने से बचने के लिये कहना बताता है कि रुपये में तेज गिरावट से सरकार चिंतित है। कहा जा रहा है कि बार-बार अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का दावा करने वाली सरकार को जनता से व्यवहार में संयम बरतने का आग्रह करने की जरूरत आखिर क्यों पड़ी। दरअसल, आशंका यह भी है कि इन कदमों के ऐसे भी नतीजे निकल सकते हैं,जिनकी उम्मीद न की गई हो। निर्विवाद रूप से सोना भारतीय संस्कारों में है। वहीं भारत में आभूषण उद्योग लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया है। ऐसे में सोने की खरीद में गिरावट से संपन्न निवेशकों के मुकाबले श्रमिकों को ज्यादा नुकसान पहुंच सकता है। वहीं दूसरी ओर वर्क-फ्रॉम होम की नीति, काम करने वालों के बड़े तबके के लिए व्यावहारिक नहीं है। निस्संदेह, किसी भी आसन्न संकट में नागरिकों की जिम्मेदारी मायने रखती है। यह हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। लेकिन सवाल यह है कि मंत्रियों के कारों के काफिलों पर भी अंकुश लगेगा.. क्या शासन प्रशासन की शाहखर्ची पर लगाम लगेगी...। यदि ऐसा नहीं होता तो जनता की स्वतःस्फूर्त पहल प्रभावित होगी। वैसे भी नागरिक जिम्मेदारी एक हद तक तो प्रभावी हो सकती है,लेकिन वह किसी आपातकालीन योजना का विकल्प नहीं हो सकती। सरकार को भी अपनी आर्थिक नीतियों पर पुनर्विचार की जरूरत है। जहां तक सोने की खरीद पर संयम का सवाल है तो उससे देश में गहरा भावनात्मक लगाव जुड़ा रहा है। सोना हमारी संस्कृति, परंपरा, बचत और पारिवारिक समारोहों में गहरे तक शामिल रहा है। लेकिन सदियों से सम्मोहित करते सोने का आयात विदेशी मुद्रा भंडार पर गहरा असर डालता है। ऐसे में राष्ट्र हितों के मद्देनजर जीवन यापन करना, राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने जैसा है। विगत में कई बार जब देश पर संकट आया तो लोगों ने राष्ट्र की संप्रुभता की रक्षा के लिये सोना तक दान किया। आंकड़े बताते हैं कि देश में हर साल छह सौ से सात सौ टन सोना आयात होता है, लेकिन निर्यात का प्रतिशत ना के बराबर है। बताया जाता है कि देश का नब्बे फीसदी सोना आयात होता है। यह सोना अर्थव्यवस्था में सक्रिय न होकर घरों में एकत्र हो जाता है। एक अनुमान के अनुसार देश के घरों में करीब 27 हजार टन सोना जमा है। बड़ी मात्रा में डॉलर खर्च करके आयात होने वाला सोना देश के चालू खाते और विदेशी मुद्रा भंडार पर प्रतिकूल असर डालता है। ऐसे में सोने पर संयम अर्थव्यवस्था को संबल देने में मददगार हो सकता है।

## किसने कितना मुंह मोड़ा

आर्थिक संकट हमें जो सिखाता है, उसे हम सामान्य परिस्थितियों में नहीं सीख पाते, इसलिए रास्ते वे मजबूत होते हैं, जहां मिट्टी को पत्थर बनाया जाता है। आर्थिक संकट की कोख से अगर सख्त फैसले जन्म लेंगे, तो यह तेरी हस्ती का पैमाना होगा, वरना टूट कर तो बेशकीमती मोती भी बिखर जाते हैं। अपने बिखरे मोतियों को समेटने का प्रयास हिमाचल के एहसास में परखा जा रहा है, तो सोचना यह भी होगा कि देर सबेर सरकारों को अपना चरित्र बदलना होगा। समझा यह जा रहा है कि मंत्रियों-विधायकों के पे बिल से कुछ खींचने के बाद, कडक़ फैसलों से भविष्य सींचने की कोशिश जारी है। इसी संदर्भ में हिमाचल में अधिकारियों-कर्मचारियों के सेवा विस्तार पर रोक लगा दी या पुनर्नियुक्ति के सफर रोक दिए गए। हालांकि एक्सटेंशन या री-इंप्लॉयमेंट और री-एंगेजमेंट के माध्यम से रेवडियां खूब बंटीं, लेकिन अब ऐसे फैसलों की कलम को पसीना आने लगा है। सरकारी बागीचे में आई पतझड़ ने, उजाड़ दिए भंवरों के दिन और महीने। फैसले ने पूर्व में मिला सेवा विस्तार अभी उखाड़ा नहीं, फिर भी तय समय के बाद यह तिलिस्म भी ढह जाएगा। दरअसल हिमाचल में हर सरकार ने अपने लिए तिलिस्म के महल बनाए, लेकिन हर अजूबा पहले भारी पड़ रहा है। ये जो शिमला की गलियां हैं, यह शासकों को सुनने नहीं देती, ये जो नगाड़े स्वागत में बजते हैं, ये कानों को बिलकुल कच्चा कर देते हैं, इसलिए सीनियर अधिकारियों की नस्ली परंपराए हिमाचल को अपनी अंगुलियों पर नचाती हैं। असली नौकरी तो नौकरी की अवधि खत्म होने पर है। इन घुंघरुओं को खामोश रहने को तहजीब सिखा दी, वरना कभी दीवारों के भी कान होते थे। दूसरी ओर सरकारी नौकरी के अनुभव में पले पारितोषिक कहां आज तक सरकारों को अपनी चार दीवारी से बाहर निकलने देते। फाइलें सचिवालय की खामोशी में हुड़दंग मचाती हैं और सत्ता की मजबूरियां शहादत के भंवर में लहूलुहान हो जातीं। बहरहाल आर्थिक कसौटियों की समीक्षा में हिमाचल के फैसलों की समीक्षा भी हो रही है, तो सोचना यह पड़ेगा कि वे कौन से बटेर थे, जिन्होंने पूरा खेत उजाड़ा। जाहिर है सरकारी नौकरी के महंगे शौक खजाने पर भारी पड़े हैं। चुनाव की दहलीज मापती आज तक की सरकारों ने खजाने को कत्लगाह न बनाया होता, तो उधार की छलांगों में टांगें न टूटतीं। अब अगर नौकरी का सेवा विस्तार रुका, तो यह कौन बताएगा कि ऐसी कौन सी पद्धति या फरमाइश थी, जिसने चंद अधिकारियों-कर्मचारियों को पलकों पर बैठाए यह एहसास ही होने नहीं दिया कि सरकार ने उनसे कभी मुंह मोड़ा। कर्मचारियों-अधिकारियों की साख बनने की कोशिश ने हिमाचल को हमेशा पछाड़ा है। ये जो सत्ता के कार्यकाल के अंतिम दो वर्ष होते हैं, ये खजाने को गुमनाम कर देते हैं। आज तक कौन संतुष्ट हुआ।

## वैश्विक संकट के दौर में दूरगामी सोच का परिणाम है प्रधानमंत्री की अपील

वैश्विक संकट के चलते देश-दुनिया की इकोनोमी पर पड़ने वाले संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशवासियों से दूरदृष्टियुक्त अपील से कोरोना काल की याद ताजा हो रही है तो पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की तत्कालीन अन्न संकट के दौरान सप्ताह में एक दिन के उपवास के आग्रह की और चला जाता है।

ऐसा नहीं है कि भारत विदेशी मुद्रा के मामलें में संकट में हो बल्कि वास्तविकता तो यह है कि 10 अप्रेल, 2026 के आंकड़ों की ही बात करें तो भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार आज उच्चतम स्तर पर है। 700 बिलियन अमेरिकी डालर से अधिक का विदेशी मुद्रा भण्डार भारत के पास है। एक मोटे अनमुन के अनुसार आगामी 11 माह से अधिक समय तक आयात मांग की पूर्ति इस राशि से आसानी से हो सकती है। विदेशी मुद्रा भण्डार से एफसीए यानी कि विदेशी मुद्रा संपत्ति, स्वर्ण भण्डार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में आरक्षित राशि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। पर इसके सबके बावजूद भविष्य के संभावित संकट के हालातों से निपटने की आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की



जाती है तो यही दूरदृष्टि कहलाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भविष्य के वैश्विक हालात साफ दिखाई दे रहे हैं। हालातों में सुधार की संभावना निकट भविष्य में दिखाई भी नहीं दे रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केवल एक वर्ष के लिए अनावश्यक खर्चों में कटौती का आग्रह देशवासियों से किया है। इसमें ईंधन बचाना, सोना नहीं खरीदने, विदेशी यात्राओं व विदेशों में शादी नहीं करने, खाने के तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत तक की कटौती व खेती में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक की कटौती करने का सुझाव प्रमुख है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशवासियों से आग्रह को लेकर आलोचक भले ही मृद्दा बनाने का प्रयास करें पर वैश्विक हालात आज सबके सामने हैं। देशवासियों को मालूम है कि पेट्रोलियम उत्पादों इनमें कच्चे तेल से लेकर गैस आदि आदि शामिल है आदि के लिए आयात पर निर्भरता अधिक है। देश में 979 अरब अमेरिकी डॉलर का सालाना आयात होता है जिसमें से करीब 38 प्रतिशत आयात केवल और केवल पेट्रोलियम पदार्थों पर ही हो रहा है। सोना-चांदी और इलेक्ट्रोनिक्स के साथ ही फर्टिलाइजरों के मामलें में भी विदेशों पर निर्भरता अधिक है। करीब 10 प्रतिशत राशि सोने के आयात पर खर्च होती है। यदि समग्र रुप से देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के सिकन्दराबाद से देशवासियों से जो आग्रह किया है वह ऐसा नहीं है जो किसी भी तरह से देशवासियों के लिए दुबिधाजनक हो। वैश्विक संकट के चलते देश-दुनिया की इकोनोमी पर पड़ने वाले संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशवासियों से दूरदृष्टियुक्त अपील से कोरोना काल की याद ताजा हो रही है तो पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की तत्कालीन अन्न संकट के दौरान सप्ताह में एक दिन के उपवास के आग्रह की और चला जाता है।

## गहनों से अधिक निवेश के लिए बढ़ी है सोने की मांग

भारत में प्राचीन काल से ही लोग स्वर्णाभूषणों के लिए सोने की खरीदारी करते रहे हैं। एक समय हमारा देश सोने के उत्पादन में भी अव्वल था। पर समय बदला और भारत के विश्वविख्यात कोलार खदानों के स्रोत सूख गये। देश को आयात पर निर्भर होना पड़ा, फिर भी सोने के प्रति लोगों की दीवानगी कम नहीं हुई। सोने की बढ़ती खपत को रोकने के लिए 1968 में गोल्ड कंट्रोल एक्ट बनाया गया था। इसका उद्देश्य सोने के आभूषणों के उत्पादन, वितरण, और भंडारण पर नियंत्रण करना था। इसके तहत जनता के लिए सोने की छड़ों और सिक्कों के रूप में सोना रखना निषिद्ध कर दिया गया। सुनारों को भी सौ ग्राम से अधिक सोना रखने की मनाही थी। इस कानून ने बड़े पैमाने पर तस्करी को जन्म दिया। आखिरकार सरकार ने 1990 में इस कानून को निरस्त





कर दिया। इसके बाद से भारत में सोने के आयात में लगातार वृद्धि होने लगी। वर्ष 2000-2001 में भारत ने 471 टन सोने का आयात किया था, जो 2012-2013 तक 1,000 टन से अधिक हो गया। वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में सोने का आयात 721.03 टन रहा। यह आयात हमारे व्यापार घाटे को बढ़ा रहा है।

गहने बनाने के अतिरिक्त सोने की वैसी कोई खास उपयोगिता नहीं है। पर एक नयी बात देखने में आ रही है कि अब लोग सोने की खरीदारी गहनों के अतिरिक्त निवेश के लिए भी करने लगे हैं। सोना संकट या अनिश्चित भविष्य का साथी है। सारी दुनिया में लोग सोने को संकट के समय का सहारा मानते हैं। इसलिए युद्ध, दुर्भिक्ष या महामारी के दौरान सोने की कीमत बढ़ जाती है। पिछले कुछ वर्षों में सोने की मांग बढ़ी और उसके दाम बुलंदियों पर जा पहुंचे हैं। इससे भारतीय भी चौकन्ने हो गये और वे भी अब सोने में निवेश करने लगे हैं। 'वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल' की 2026 की पहली तिमाही की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में निवेश के उद्देश्य से 151 टन सोना खरीदा गया, जो पिछले वर्ष से 10 प्रतिशत अधिक है।

वहीं सोने की छड़ों और सिक्कों की मांग में 54 प्रतिशत की तेजी आयी, जबकि स्वर्णाभूषणों की मांग में 19.5 प्रतिशत की कमी आयी। इस तरह भारत के इतिहास में पहली बार निवेश के लिए सोने की मांग गहनों की मांग से ज्यादा हो गयी। कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच लोगों ने सोने पर अपना भरोसा जताया। इटीएफ में भी लोगों ने खूब पैसा लगाया। मार्च की तिमाही में इसमें 186 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो ऐतिहासिक थी।

निवेश के लिए ग्राहकों की बढ़ती रुचि के कारण सोने के घरेलू दाम में लगभग दोगनी वृद्धि हो गयी है, जबकि भारतीय शेयर बाजारों से रिटर्न महज 2.5 प्रतिशत ही रहा। सो, इस समय लोग शेयर बाजारों की जगह सोने या रियल एस्टेट में निवेश कर रहे हैं। सोने में निवेश से उन्हें मोटे रिटर्न की उम्मीद है, जो संभव भी है।

## एक नजर



### बसंतकुंज के सिटी फॉरेस्ट का काम शुरू 10 करोड़ से बनेगा 'ऑक्सीजन हब'

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के ग्राम घैला स्थित बसंतकुंज योजना के 20 एकड़ में सिटी फॉरेस्ट बनाने का काम शुरू हो गया है। यह पार्क राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास और गोमती नदी के पीछे एक वर्ष में बनकर तैयार होगा। पार्क कच्चा निर्माण करके जंगल की तरह विकसित किया जाएगा। प्राधिकरण ने सिटी फारेस्ट बनाने का काम एक कंपनी को दिया है। इसे विकसित करने में करीब 10 करोड़ रुपये खर्च आएगा। पार्क में घूमने के लिए कच्चा पाथवे बनेगा। फल, छाया, फूल, जंगली व ऑक्सीजन देने वाले एक लाख से अधिक पौधे मियावाकी पद्धति से लगाए जाएंगे। जंगली पेड़-पौधों सुंदरता बढ़ाएंगे।

### हिमंता बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ/ गुवाहाटी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को असम पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नवनिर्वाचित राजग सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिमंता बिस्वा सरमा एवं मंत्रिमंडल के नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। गुवाहाटी हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय कलाकारों ने वाद्ययंत्रों और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ उनका अभिनंदन किया, जबकि पारंपरिक परिधान में मौजूद महिलाओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने जयकारों के साथ मुख्यमंत्री योगी का अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने भी हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया।

# 1000 जिंदगियां, एक संकल्प... इस नर्सिंग ऑफिसर के हौसले ने बहाई बदलाव की बयार

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** दुनिया भर में आज यानी 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नर्सों (नर्सिंग ऑफिसर्स) के अमूल्य योगदान को सम्मान देने और उनके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है।

दरअसल, बीते वर्षों में कई बार नर्सिंग ऑफिसर्स (नर्सों) ने आगे बढ़कर स्वास्थ्य व्यवस्था में अहम योगदान दिया, जो मानव जाति के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हुईं। इतिहास के पन्ने इस बात के गवाह हैं। हालिया उदाहरण कोरोना का वह दौर रहा है जिसे मौजूदा पीढ़ी कभी भुला नहीं सकती। यही वजह है कि चिकित्सा जगत में नर्सिंग ऑफिसर (नर्स) असली नायक के तौर पर जाने और माने जाते हैं।

ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर यूपी के एक शख्स की बात, जिसने श्वेत वर्दी में टीबी मुक्त लखनऊ का संकल्प लिया और 1000 हजार से अधिक जिंदगियों के पोषण की व्यवस्था की। हम बात कर रहे हैं,स्वास्थ्य सेवाओं और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले केजीएमयू के डिप्टी नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट प्रदीप गंगवार की। प्रदीप गंगवार आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है, उनके मानवीय कार्यों की चौतरफा सराहना हो रही है। उन्होंने अपने प्रशासनिक और चिकित्सकीय दायित्वों के साथ-साथ जनकल्याण के क्षेत्र में सेवा और समर्पण का एक ऐसा उदाहरण पेश किया है। जो लोगों के लिए नजीर है। चिकित्सकीय सेवाओं के अलावा प्रदीप गंगवार ने भारत सरकार के 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत एक बड़ी मानवीय पहल की। जिसको नाम दिया टीबी मुक्त लखनऊ। उन्होंने अब तक करीब 1000 टीबी से ग्रसित गरीब व जरूरतमंद मरीजों को पोषक आहार पोटली वितरित की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों को इलाज के साथ-साथ सही पोषण प्रदान करना रहा है, जिससे मरीजों को जल्द से जल्द स्वस्थ होने में मदद मिल सके। स्वास्थ्य और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके इसी समर्पित योगदान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से 'राजकीय सम्मान' से भी नवाजा गया है। यह सम्मान उनके जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राजधानी लखनऊ को टीबी मुक्त करने के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के डिप्टी नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट प्रदीप गंगवार ने एक खास रास्ता निकाला। उन्होंने साल 2025 से टीबी रोग से पीड़ित मरीजों को गोद लेना शुरू किया, 1 साल में ही मरीजों का यह आंकड़ा बढ़कर 1000 पहुंच गया।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**जागरण मोर्चा कार्यालय, खटीमा।** ग्राम पंचायत भुड़ाई में सोमवार देर शाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी की सहभागिता रही। इस अवसर पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, स्वाभिमान, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समस्त उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया तथा समृद्ध संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।ऐसे प्रेरणादायी आयोजन समाज में एकता, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सतीश भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## 13 सूत्रीय मांगों को लेकर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का प्रदर्शन



उपजिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन देते राजकीय जूनियर शिक्षक संघ शाखा खटीमा के सदस्य।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ शाखा खटीमा के ब्लॉक कार्यकारिणी एवं सदस्य शिक्षकों ने तहसील प्रांगण में एकत्रित होकर अपनी 13 सूत्रीय मांगों तथा टीईटी अनिवार्यता के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया।

शिक्षकों ने ज्ञापन में टीईटी अनिवार्यता से मुक्त किए जाने की मांग उठाई। इसके साथ ही उच्चीकृत विद्यालयों के पृथक संचालन, न्यूनतम तीन पदोन्नति, अंग्रेजी विषय के शिक्षक की नियुक्ति, पुरानी पेंशन बहाली, अंतरराज्यीय स्थानांतरण की सुविधा, गोल्डन कार्ड से ओपीडी इलाज की सुविधा तथा चयन एवं प्रोन्नत वेतन पर वेतन वृद्धि सहित 13 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से रखा गया। उन्होंने अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूरी करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जितेन्द्र प्रताप सिंह, राजकुमार राणा, भानूप्रताप गुप्ता, अशोक कुमार, साधना विश्वकर्मा, शंकर सिंह बिष्ट, मंजू हनेरी, आशा बल्दिया, तारावती, सावित्री बिष्ट, नन्दा बिष्ट, शोभा बल्दिया, रेखा दिगारी, सुनीता राणा, गणेश राणा, गजेन्द्र तोमर, जाहिद कन्नोजिया आदि रहे।

## यूपी में खाद की कमी नहीं ....बोले कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही यूरिया की कालाबाजारी पर रासुका के तहत होगी कार्रवाई

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** खरीफ 2026 सीजन में किसानों को समय से गुणवत्तापूर्ण बीज और उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रदेशभर में व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों को धान, उड़द, मूंग, तिल और मोटे अनाजों के बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही दलहन और तिलहन फसलों के मिनी किट भी वितरित किए जाएंगे।

कृषि भवन में सोमवार को संपन्न समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री ने बताया कि इस खरीफ सीजन में कुल 1,96,117 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य तय किया गया है। इनमें 15 मई से 80 हजार क्विंटल धान बीज का वितरण शुरू होगा। राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत 49,129 क्विंटल दलहन बीज तथा मूंगफली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 57,446 क्विंटल बीज अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद की कालाबाजारी और तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे मामलों में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

किसानों को वैज्ञानिक खेती की जानकारी देने के लिए 15 मई को कानपुर में पहली मंडलीय किसान गोष्ठी आयोजित होगी। इसमें चित्रकूट, झांसी और कानपुर मंडल के किसान और कृषि वैज्ञानिक भाग लेंगे। इसके बाद 21 मई को लखनऊ में राज्य स्तरीय किसान गोष्ठी होगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। वर्तमान में 27.54 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है, जिसमें 12 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 4.79 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 3.66 लाख मीट्रिक टन एसएसपी और 91 हजार मीट्रिक टन पोटाश शामिल है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे खाद की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की चिंता न करें और संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करें।

## महिलाओं के पर्स-चेन चुराने वाले हरियाणा के पलवल गैंग के पांच सदस्य पकड़े

**जागरण मोर्चा कार्यालय, लखनऊ।** लखनऊ में ई-रिक्शा और टैंपो में महिलाओं के गहने व पर्स चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। हरियाणा के पलवल से जुड़े इस गैंग के पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें तीन महिलाएं शामिल हैं। ई-रिक्शा और टैंपो में सफर करने वाली महिलाओं के पर्स व बैग से गहने चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का मड़ियांव पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने हरियाणा के पलवल जिले से जुड़े गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से सोने जैसे पीली धातु के जेवरात और 29,400 रुपये नकद बरामद हुए हैं। बरामद आभूषण की कीमत करीब नौ लाख बताई जा रही है।

## चंपावत प्रकरण पर कांग्रेस की राजनीति बेनकाब : रुचि भट्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट खटीमा पहुंचीं, जहां भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ. विनीता सक्सेना के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। प्रेस वार्ता में चंपावत प्रकरण को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों और कथित षड्यंत्र पर भाजपा महिला मोर्चा ने कड़ा विरोध जताया। प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि कांग्रेस लगातार प्रदेश की जनता को भ्रमित करने और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की साफ छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि चंपावत मामले में जांच एजेंसियों द्वारा कई तथ्यों का खुलासा किया जा चुका है, जिससे कांग्रेस की राजनीति पूरी तरह बेनकाब हो गई है।प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी ने कहा कि महिला मोर्चा ऐसे किसी भी षड्यंत्र को नाकाम करेगा और आने वाले चुनाव में कांग्रेस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जिला अध्यक्ष डॉ. विनीता सक्सेना ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए मजबूती से खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष केवल झूठी राजनीति और भ्रम फैलाने का कार्य कर रहा है, जबकि भाजपा जनता के विश्वास और विकास की राजनीति करती है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि संगठन की शक्ति ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और महिला मोर्चा हर स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस की साजिश और नकारात्मक राजनीति को भलीभांति समझ चुकी है तथा आने वाले समय में जनता इसका करारा जवाब देगी।इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय प्रभारी बबली चौहान, जिला महामंत्री प्रीति धीर, जिला उपाध्यक्ष नीलू गुप्ता, चंपावत सह प्रभारी विमला मंडेला, हेमा जोशी, शकुंतला, मंजू नेगी, रेखा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मध्य पूर्व संकट पर मायावती ने जाहिर की चिंता, केंद्र और राज्य सरकारों से आम जनता को बचाने की अपील

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मायावती ने मध्य पूर्व एशिया में व्याप्त तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुये केंद्र और राज्य सरकारों से जन हित में उचित कदम उठाने की अपील की है। मायावती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से 'संयम' बरतने की अपील का हवाला देते हुए कहा कि इससे साफ है कि भारत के सामने संकट केवल पेट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस जैसे पेट्रोलियम पदार्थों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक बड़े आर्थिक संकट का रूप ले सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि इस संकट से करोड़ों भारतीयों का जीवन प्रभावित होगा और स्थिति के और बिगड़ने की भी संभावना है।

बसपा प्रमुख ने अपने बयान में कहा कि कोरोना काल की मार के बाद देश की लगभग सौ करोड़ जनता पहले से ही रोज़ी-रोटी के संकट से जूझ रही है। ऐसी स्थिति में जनता के पास और अधिक संयमित होने या खोने के लिए कुछ खास नहीं बचा है।

उन्होने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से अपील की कि इस विकट परिस्थिति में गरीब और मेहनतकश परिवारों को थोड़ी राहत देकर उनका सहारा बनें। उन्होंने कहा कि सरकारों को खुद ही कुछ बेहतर उपाय करने चाहिए ताकि जनता को इस संकट से उबारा जा सके। उन्होंने इसे जन और देशहित में उचित बताया और कहा कि यही आम जन की भावना है।

## 14 मई से वाराणसी-चंडीगढ़ के बीच चलेगी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे प्रशासन ने वाराणसी और चंडीगढ़ के मध्य आरक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे की ओर से 04227/04228 वाराणसी-चंडीगढ़-वाराणसी विशेष एक्सप्रेस का संचालन 14 मई से 13 जुलाई तक किया जाएगा।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार गाड़ी संख्या 04227 वाराणसी-चंडीगढ़ विशेष एक्सप्रेस 14 मई से 12 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार और रविवार को वाराणसी जंक्शन से सुबह 11:05 बजे प्रस्थान करने के साथ अगले दिन सुबह 4:20 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी।

वहीं गाड़ी संख्या 04228 चंडीगढ़-वाराणसी विशेष एक्सप्रेस 15 मई से 13 जुलाई 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को चंडीगढ़ से सुबह 6 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 12:55 बजे वाराणसी जंक्शन पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन कुल 18-18 फेरों के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन में कुल 19 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 12 एसी तृतीय श्रेणी, 5 एसी द्वितीय श्रेणी तथा 2 एसएलआर कोच शामिल होंगे। मार्ग में यह विशेष गाड़ी मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, रायबरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, रुड़की, सहारनपुर और अंबाला कैंट जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी।

## खटीमा पुलिस को बड़ी सफलता, चोरी की 4 मोटरसाइकिलों के साथ युवक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय




**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार' के तहत खटीमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की चार मोटरसाइकिलों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर एवं क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खटीमा और वरिष्ठ उप निरीक्षक खटीमा के निर्देशन में थाना खटीमा पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 141/26 धारा 303(2) बीएनएस में कार्रवाई करते हुए आरोपी आशीष मंडल पुत्र अशोक मंडल, उम्र 22 वर्ष, निवासी बंगाली कॉलोनी थाना झनकईया को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। आरोपी को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपी के पास से बरामद हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस काला रंग नंबर UK06M7669, हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस काला रंग नंबर UK06BA3578, हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस काला रंग नंबर UP25CK1636, ग्लैमर मोटरसाइकिल लाल रंग नंबर UK06AK6998 बरामद हुई है।गिरफ्तारी टीम में शामिल पुलिसकर्मी में उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल प्रभारी चौकी बाजार, कांस्टेबल ललित सिंह कन्याल ईशाक मोहम्मद मोहन सिंह बोरा मौजूद रहे।

**लापरवाही** ग्रामीणों को रोकने पर महिलाएं दिखा रही दराती,बैरियर पर चैकिंग स्टाफ ले रहे नींद

# वन निगम की लाट से बक्कल की आड़ में हो रहा सोखता चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय



ड्यूटी के दौरान बैरियर पर सोता बन कर्मी। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** वन निगम की लाट से बक्कल की आड़ में ग्रामीण सोखता चोरी कर रहे है।ग्रामीणों को रोकने पर गांव की महिलाएं बैरियर में तैनात स्टाफ को दराती दिखा कर डरा धमका रहे है वही बैरियर पर तैनात स्टाफ ड्यूटी की जगह चद्दर तान कर सोता मिला।

बताते चले कि सुरई रेंज की लाट संख्या 137 में साल के पेड़ का कटान वन निगम कर रहा है लाट स्थल ऊंची महुवट गांव की आबादी से लगा होने के कारण रात दिन महिलाएं लट्ठों के बक्कल उतारने की आड़ में जम कर सोखता चोरी कर रहे है।सोखता चोरी रोकने में वन विभाग और वन निगम दोनों ही विफल हो रहे है।सुरई रेंज की लाट संख्या 137 के बगल में ऊंची महुवट बैरियर से सैकडो महिलाएं रात दिन सोखता और बक्कल चोरी कर रही है।बैरियर पर तैनात महिला स्टाफ प्रीति भरी धूप में वाहनों की चेकिंग के साथ ही इन महिलाओं को रोकने का प्रयास कर रही है लेकिन वही बैरियर पर तैनात पुरुष स्टाफ गंगा बिस्ट ड्यूटी के दौरान बैरियर पर सोते नजर आ रहे है।इसी बैरियर से बग्गा चौवन से कटान की लकड़ी लाने वाले वाहन भी गुजर रहे है जिनकी चेकिंग एक गंभीर और संवेदनशील काम है।इसमें लापरवाही देखने को मिल रही है। मामले में एसडीओ संचिता वर्मा ने बताया कि बैरियर पर अतिरिक्त स्टाफ लगाया जाएगा,चोरी रोकने के लिए कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## यूपी के पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश शुरू

**जागरण मोर्चा कार्यालय, लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को नई पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सत्र 2026-27 के लिए स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। लखनऊ, गोरखपुर, सैफई, फतेहपुर और सहारनपुर स्थित पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा 6, 9 और 11 की कुल 518 संभावित रिक्त सीटों पर दाखिले होंगे। खास बात यह है कि सहारनपुर और फतेहपुर के नए स्पोर्ट्स कॉलेजों में पहली बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रदेश सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया है। अभ्यर्थी स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ वेबसाइट और खेल साथी पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क 200 रुपये निर्धारित किया गया है। इस बार आवेदन के लिए यूडाइस पोर्टल से जारी पर्मानेंट एजुकेशन नंबर (पीईएन) अनिवार्य कर दिया गया है।

## सिटी कॉन्वेंट स्कूल के आकांक्षा मुरारी एवं प्रिंस खोलिया ने राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

जागरण मोर्चा कार्यालय



देहरादून में राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड एवं कांस्य पदक प्राप्त करते विद्यार्थी।

**खटीमा।** सिटी कॉन्वेंट स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं आकांक्षा मुरारी एवं प्रिंस खोलिया ने दिनांक 8 से 11 मई 2026 तक देहरादून में आयोजित 23वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की प्रतिभा राना ने भी कांस्य पदक जीत कर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय को गौरवंतित किया।प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के बीच दोनों विद्यार्थियों ने अद्भुत आत्मविश्वास, अनुशासन, तकनीकी दक्षता एवं खेल भावना का परिचय देते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि ने विद्यालय परिवार में खुशी एवं उत्साह का वातावरण बना दिया।स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय लौटने पर दोनों खिलाड़ियों का विद्यालय परिसर में भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्राचार्य शुभ्रा सक्सेना तथा एडमिन ऑफिसर राजेश जोशी ने विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ एवं मालाएं पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य शुभ्रा सक्सेना ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने बताया कि आकांक्षा मुरारी एवं प्रिंस खोलिया दोनों ही विद्यार्थी शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल क्षेत्र में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि सिटी कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थी समय-समय पर विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। इस अवसर पर विद्यालय की कराटे कोच भावना कन्याल भी उपस्थित रहीं। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर ही यह सफलता संभव हो सकी है। विद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## एक नजर

### श्रीराम की तस्वीर पर आपत्तिजनक पोस्ट, मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

**पूरनपुर।** युवक द्वारा भगवान श्रीराम की तस्वीर पर पैर रखकर सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के युवक ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह भगवान श्रीराम की तस्वीर का अपमान करता दिखाई दे रहा है। तस्वीर वायरल होने के बाद हिंदू संगठनों और स्थानीय लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई। सूचना मिलने पर पुलिस ने वायरल फोटो की जांच शुरू की। जांच में फोटो सही पाए जाने के बाद पुलिस ने कढैया कनपारा निवासी विजेंद्र को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद उसके खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। बाद में पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अधिकारियों ने लोगों से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट न करने और शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम की पाठशाला में छात्राओं ने पूछे सवाल

## अधिकारियों ने दिए जवाब



गांधी प्रेक्षा गृह में डीएम की पाठशाला कार्यक्रम के तहत बच्चों से रूबरू होते जिला अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मंगलवार को गांधी प्रेक्षागृह में "डीएम की पाठशाला" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पूर्व उन्होंने गांधी स्टेडियम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ स्टेच्यू का अनावरण किया तथा विभिन्न सरकारी कार्यालयों के लिए योजना के लोगोयुक्त बेंचों को रवाना किया।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने अधिकारियों से सीधे संवाद कर शिक्षा, महिला सुरक्षा, कन्या भ्रूण हत्या और करियर से जुड़े सवाल पूछे। अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा सोनी के सवाल पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पीसीपीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी, जबकि पुलिस बनने संबंधी प्रश्न पर अपर पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल ने यूपीएससी तैयारी के बारे में बताया। जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और शिक्षा के महत्व को समझाया। इस दौरान विकास भवन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ गलियारे का उद्घाटन भी किया गया, जहां बाल विवाह, महिला शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग बनाई गई हैं।

# प्रेमी ने शादी करने से किया इनकार, टंकी पर चढ़ी किशोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ शादी की जिद पर अड़ी किशोरी को टंकी से नीचे उतारा

**पूरनपुर।** एक युवक ने किशोरी से शादी करने से इन्कार कर दिया। इससे नाराज नाबालिग किशोरी पानी की टंकी पर चढ़ गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवक ने किशोरी को शादी करने का आश्वासन देकर बमुश्किल पानी की टंकी से नीचे उतारा। पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में लिया है।

मामला माधोटांडा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव निवासी एक किशोरी का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों फोन पर बातचीत करते थे। जब किशोरी ने युवक से शादी करने के लिए कहा। जिस पर युवक ने शादी करने से मना कर दिया। युवक के धोखा देने से आहत किशोरी मंगलवार को सुवह आबादी के बाहर बनी पानी की टंकी पर चढ़ गई। किशोरी को पानी की टंकी पर खड़ा देख ग्रामीणों में खलबली मच गई। सूचना पर युवक और किशोरी के परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने किशोरी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह प्रेमी युवक को मौके पर बुलाने और शादी करने की जिद पर अड़ी रही। सूचना पर माधोटांडा पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने युवक को मौके पर बुलाकर किशोरी से वार्ता कराई। युवक द्वारा किशोरी को शादी का आश्वासन दिया गया। इसके बाद प्रेमी युवक ने पानी की टंकी पर चढी किशोरी को नीचे उतारा। पुलिस दोनों को थाना लेकर पंहुची है। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। जानकारी जुटा जा रही है।



कीचड़ के चलते ग्रामीणों का निकलना हुआ मुश्किल। -जागरण मोर्चा

# दियूरियाकला-दिलावरपुर चकमार्ग पर जलभराव से आवागमन वाधित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई-दियूरियाकला मार्ग से दिलाबरपुर जाने वाला लिंक रोड गांव तक कच्चा है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बरसात के दिनों में तो समस्याएं ओर बढ जाती है। कच्चे मार्ग का पक्का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा हाईवे के लिंक चकरोडों को पक्का निर्माण कराए जाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। उसके बावजूद कई चक मार्ग ऐसे हैं जहां अभी तक निर्माण की बात तो दूर खडंजा तक भी नहीं लगाया गया है। घुंघचाई-दियूरियाकला रोड से दिलाबरपुर गांव जाने वाला लिंक रोड कच्चा है। इस चकरोड से नरायनपुर, दिलावरपुर, फत्तेपुर, घुंघचाई, सिमराया, मटैहना सहित कई गांवों के लोगों का आवागमन होता है। लेकिन चकरोड पर गड्ढे व कीचड हो जाने से लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। बरसात के दिनों में यह कच्चा चकरोड दलदल का रूप ले लेता है। यह चकरोड घुंघचाई-दियूरिया हाईवे को जोडता है। बारिश के दौरान जलभराव और दलदल होने से आए दिन वाहन फंसकर पलट जाते है। मनरेगा से इस चकरोड को बेहतर कर दिया जाता है। लेकिन कुछ दिनों बाद इसको काट कर लोग अपने खेतों में मिल लेते हैं, सड़क कच्ची है जिसको पक्की बनाए जाने की लंबे अरसे से मांग हो रही है।

# समझौते के बाद मिला युवक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** वैवाहिक विवाद में कोर्ट में समझौता होने के कुछ घंटे बाद युवक का शव धार्मिक स्थल पर पडा मिला। सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव लुकटिहाई निवासी महेश कुमार की शादी शाहगढ निवासी सुषमा देवी के साथ हुआ था। उसका अपनी पत्नी से लंबे समय से विवाद चल रहा था। जिसका मामला पीलीभीत कोर्ट में विचाराधीन था। सोमवार को महेश अपने पिता रामचंद्र के साथ कोर्ट पहुंचा था। वंहा 93000 हजार रुपये कोर्ट में जमा किए। बताया जा रहा है कि कोर्ट परिसर में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई और समझौता भी हो गया। इसके बाद कोर्ट से निकलने के बाद महेश ने पिता से कहा कि तुम घर चलो, मैं बाद में आता हूं। इसके बाद दोनों अलग हो गए। रामचंद्र घर पहुंच गए, लेकिन महेश देर रात तक वापस नहीं लौटा। मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई, मगर कोई जवाब नहीं मिला। इससे परिवार की चिंता बढ़ गई। रातभर परिजन और रिश्तेदार उसकी तलाश में जुटे रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

मंगलवार सुबह माधोटांडा क्षेत्र के गांव करनापुर में स्थित एक धार्मिक स्थल पर युवक का शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। पुलिस ने शव की पहचान महेश कुमार के रूप में कराई,घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। शव देखते ही स्वजन में चीख-पुकार मच गई। मां और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव में भी घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। मृतक के परिवार ने उसके ससुरालियों पर जहर देकर अपहरण कर ले जाकर हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि महेश शांत स्वभाव का युवक था। कोर्ट में समझौता होने के बाद परिवार खुश था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत की खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया। अब पूरे मामले की सच्चाई पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आ सकेगी।

# शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए सौंपा मांग पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने पर्यटन मंत्री को लिखा पत्र

**पूरनपुर।** ग्राम महुआ गुन्दे निवासी एवं पूर्व मंडल महामंत्री भाजपा, जिला पंचायत प्रत्याशी वार्ड नंबर आठ अचलेन्द्र मिश्रा के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है।

केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत हरिपुर ता० चांदूपुर स्थित बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण कराने का अनुरोध किया है।जिसमे कहा गया है कि यंहा आस पड़ोस के अलावा दूरदराज क्षेत्र के भक्त पूजा अर्चना करने के लिए आते है। यंहा पर रोजाना धार्मिक अनुष्ठान होते रहते है। पत्र में केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि अचलेन्द्र मिश्र द्वारा भेजे गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण की मांग की गई थी। इस संबंध में उन्होंने पर्यटन विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्रवासियों में इस पहल को लेकर खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि मंदिर के सौंदर्यीकरण से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और मजबूत होगी। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है और इसके विकास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# जन्मदिन पर छात्राओं को बांटीं किताबें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**माधोटांडा।** समाजसेवी आरबी सिंह ने अपने जन्मदिन को सेवा और शिक्षा के नाम समर्पित किया। कलीनगर क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत माधोटांडा में आर्थिक रूप से कमजोर एवं होनहार छात्राओं को कक्षा नौ से 12 तक का पूरा स्कूल सिलेबस,किताबें, कॉपी और पेन वितरित किए।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इसके बाद मिठाई और फल भी वितरित किए गए। पढ़ाई का पूरा कोर्स पाकर छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। इस दौरान मौजूद लोगों ने आरबी सिंह के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। समाजसेवी ने वताया कि कक्षा एक से आठ तक के सरकारी स्कूलों में बच्चों को मुफ्त शिक्षा और



जन्म दिन मनाते आरबी सिंह। -जागरण मोर्चा

पुस्तकें मिल जाती हैं। लेकिन कक्षा नौ से 12 तक कई गरीब परिवार आर्थिक तंगी के कारण बच्चों की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए वह हर वर्ष अपने जन्मदिन के अवसर पर जरूरतमंद छात्राओं को मुफ्त सिलेबस उपलब्ध कराते हैं, ताकि उनकी शिक्षा बीच में न रुके और वे अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा ही समाज और देश के विकास की सबसे मजबूत नींव है। कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं और अभिभावकों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि इससे पहले भी आरबी सिंह बरेली, शाहजहांपुर और पीलीभीत समेत कई जिलों में गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, आर्थिक सहायता और रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

# लाठीचार्ज की निंदा, भाकियू ने दी मुकदमे वापस न होने पर आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक मंगलवार को जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह के आवास पर हुई। बैठक में बूंदीभूड गांव में शराब की दुकान के विरोध के दौरान महिलाओं और ग्रामीणों पर हुए कथित लाठीचार्ज की निंदा की गई।

जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि ग्रामीणों ने पहले ही प्रशासन को गांव में शराब की दुकान न खोलने के लिए कई बार ज्ञापन दिए थे, लेकिन उनकी मांगों को अनदेखा कर जबरन दुकान खोलने का प्रयास किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्दोष ग्रामीणों और महिलाओं पर



न्यायिक उपजिलाधिकारी हेमंत चौधरी को ज्ञापन सौंपते किसान। -जागरण मोर्चा

लाठीचार्ज कर अत्याचार किया गया है। संगठन ने ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई। इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन न्यायिक उपजिलाधिकारी हेमंत चौधरी को सौंपा गया। मंजीत सिंह ने चेतावनी दी कि यदि मुकदमे वापस नहीं हुए तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा। बैठक में सर्वेश कुमार वर्मा, बालकराम वर्मा, बलजीत सिंह चीमा, निर्मल सिंह, शमीम अली उर्फ सोनू सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भंडारे के आयोजन में उमड़ा भक्ति का सैलाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर भक्ति और उत्साह के माहौल से सराबोर रहा। कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया। बच्चे कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कार और सामूहिकता की भावना को बढ़ाते हैं। भंडारे के दौरान पूरे परिसर में स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। अंत में सभी ने प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# रात में घंटों बिजली कट, लोग परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर से लेकर देहात क्षेत्र के बिजली उपकेंद्रो से जुड़े दर्जनों गांवों में सोमवार रात बिजली आपूर्ति बदहाल हो गई। शाम से शुरू हुई कटौती पूरी रात तक चलती रही। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बिजली संकट के चलते लोग रात भर जागने को मजबूर रहे। घरों में पंखे, कूलर और पानी की मोटरें बंद रहने से स्थिति और खराब हो गई। कई गांवों में पेयजल संकट भी खड़ा हो गया। मोबाइल फोन चार्ज न होने से लोगों को संपर्क बनाए रखने में दिक्कत हुई। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली



बिजली ठीक करते बिजली कर्मचारी।

▶ बार बार बिजली की हो रही कटौती से परेशान दिखे लोग

विभाग की ओर से कटौती को लेकर कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। अचानक आपूर्ति बंद होने से लोगों को रात भर अंधेरे में समय बिताना पड़ा। गांव के लोगों ने बताया कि गर्मी और मच्छरों के कारण अधिकांश परिवार घरों के बाहर बैठने को मजबूर रहे। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। हल्की बारिश या तकनीकी खराबी होते ही घंटों कटौती शुरू हो जाती है। इससे खेती-किसानी का काम भी प्रभावित हो रहा है। किसानों का कहना है कि नलकूप न चल पाने से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से विद्युत व्यवस्था में सुधार कर निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लाइन में तकनीकी खराबी आने के कारण आपूर्ति बाधित होने की बात कही है। अधिकारियों का कहना है कि खराबी दूर कर आपूर्ति सामान्य कर दी गई है।

# नीट रद्द व्यवस्था की विफलता : नोमान अली

**पूरनपुर।** समाजवादी छात्र सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी ने NEET 2026 परीक्षा रद्द होने पर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लाखों छात्रों की मेहनत और सपनों के साथ खिलवाड़ हुआ है। पेपर लीक, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार के कारण युवा मानसिक तनाव और आर्थिक बोझ झेल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने में विफल रही है। वारसी ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।



नोमान अली वारसी।

### युवती को ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** घुंघचाई के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में वताया है कि गांव निवासी युवक शिवा उसकी पुत्री को पांच दिन पहले बहला फुसलाकर भगा ले गया था। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नही चल सका। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में युवती की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।




# स्कूल की रसोई का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**पूरनपुर।** माधोटांडा के प्राथमिक विद्यालय नम्वर एक में पुलिस की लापरवाही का फायदा उठाकर चोरों ने रसोई घर का ताला तोडकर हजारो का सामान चोरी कर लिया है। घटना की जानकारी स्कूल खुलने के दौरान हुई। तहरीर में वताया गया है कि नौ मई को की रात अज्ञात चोरो ने विद्यालय की रसोई का दरवाजा तोड कर छतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद खिडकी तोड कर अंदर घुस आए। चोर एक गैस सिलेंडर,पांच थालियां,एक तसला,फ्राईपेन सहित हजारो का सामान चोरी कर लिया। सुवह मौके पर जाकर देखा तो चोरों ने किचन में काफी तोड़फोड़ की, मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

# डीएम ने किया वाटर प्यूरीफायर स्टॉल का उद्घाटन और शिविर का जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मंगलवार को विकास भवन पहुंचकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियों का निरीक्षण किया।

उन्होंने टेडी बेयर निर्माण प्रशिक्षण शिविर और ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का जायजा लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं व युवतियों से संवाद किया तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डीएम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित वॉटर प्यूरीफायर स्टॉल का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराने और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें।



वॉटर प्यूरीफायर स्टॉल का फीता काटकर उद्घाटन करते डीएम। -जागरण मोर्चा

▶ डीएम ने महिलाओं को दिया स्वरोजगार का मंत्र

# कुत्ते के काटने के बाद नहीं लगवाए टीके, हालत बिगड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कुत्ते के काटने पर ग्रामीण ने इलाज नही कराया। जिससे उसकी हालत बिगड गई। उनको अस्पताल में भर्ती कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर निवासी हरद्वारी लाल को कुछ दिन पहले एक कुत्ते ने काट लिया था। परिजनों के अनुसार घटना के बाद उन्होंने नजरअंदाज करते हुए एंटीरेबीज के टीके नहीं लगवाए। सुबह हरद्वारी लाल को तेज घबराहट और बेचैनी होने लगी। और उनमे कुत्ते के लक्षण दिखाई देने लगे। देखते देखते उनकी हालत बिगड़ने लगी। इससे परिवार में खलबली मच गई। आस पडोस के लोग आए गए। हालत खराब होने से घबराए परिजन आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उनका उपचार शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने वताया कि कुत्ते के काटने के बाद शुरू में उन्होंने इसे सामान्य घटना समझकर नजरअंदाज कर दिया था। चिकित्सकों का कहना है कि कुत्ते, बंदर या अन्य जानवर के काटने पर तत्काल घाव को अच्छी तरह साफ करना चाहिए और बिना देरी किए एंटीरेबीज टीके लगवाने चाहिए। लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में चिंता का माहौल है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से जागरूक रहने और किसी भी जानवर के काटने पर तुरंत अस्पताल पहुंचकर उपचार कराने की अपील की है।

# बदायूं की वाटर वूमेन शिप्रा पाठक का दूसरे बड़े मंगल पर हरित महाअभियान रहा जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगल पर राजधानी में पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां "वाटर वूमेन" के नाम से पहचान बना चुकीं पर्यावरण प्रेमी शिप्रा पाठक ने अपने विशाल हरित अभियान से पूरे शहर का ध्यान आकर्षित किया। शिप्रा पाठक के अभियान में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल ने पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद दिया।पंचतत्व संस्था के माध्यम से उन्होंने विभिन्न बड़े मंगल भंडारों में लगभग 45 हजार हरी पत्तलों और 5 हजार हनुमान चालीसा से अभिमंत्रित पौधों का निःशुल्क वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया।





सुबह से ही पंचतत्व संस्था के स्वयंसेवक वाहनों के माध्यम से राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचे और बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित भंडारों में हरी पत्तलों तथा पौधों का वितरण किया। बर्लिंगटन चौराहे सहित कई प्रमुख स्थलों पर श्रद्धालुओं को पौधे प्रसाद स्वरूप भेंट किए गए। इस दौरान श्रद्धालुओं में पौधों को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इन पौधों को केवल पौधा न समझें बल्कि हनुमान जी का प्रसाद मानकर उनका संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाले वर्षों में बच्चों और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ ऑक्सीजन प्रदान करेगा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद करेगा। उन्होंने लोगों से बड़े मंगल के अवसर पर कम से कम पांच पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की।

शिप्रा पाठक ने कहा कि उनकी संस्था का उद्देश्य केवल पौधे बांटना नहीं बल्कि लोगों के भीतर प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। उन्होंने बताया कि इस बार बड़े मंगल के आयोजनों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता मिली है। कई सामाजिक संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन भी इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि आज लगभग आठ हजार प्लास्टिक की पत्तलों के उपयोग को रोका गया और उनके स्थान पर पर्यावरण अनुकूल हरी पत्तलों का उपयोग कराया गया। इससे प्लास्टिक प्रदूषण कम होगा और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यदि धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में प्लास्टिक का उपयोग बंद हो जाए तो पर्यावरण को होने वाले नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। अभियान के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक कृष्ण गोपाल भी पहुंचे और उन्होंने स्वयं हरी पत्तलों तथा पौधों का वितरण किया। उन्होंने वाटर वूमेन शिप्रा पाठक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता है और शिप्रा पाठक जिस समर्पण के साथ समाज को जागरूक कर रही हैं, वह अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों को प्रकृति संरक्षण से जोड़ना समाज के लिए सकारात्मक दिशा देने वाला प्रयास है। अभियान में शामिल स्वयंसेवकों का उत्साह भी देखने लायक था। देर रात तक पौधों और पत्तलों की व्यवस्था में जुटे स्वयंसेवकों ने पूरे समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। शिप्रा पाठक ने सभी स्वयंसेवकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि वाटर वूमेन शिप्रा पाठक इससे पहले भी कई बड़े पर्यावरण अभियानों को लेकर चर्चा में रह चुकी हैं। गोमती नदी संरक्षण अभियान से लेकर अयोध्या से रामेश्वरम तक लगभग 13 हजार किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्राये कर उन्होंने पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया था। उनकी इस यात्रा को देशभर में सराहा गया और उन्हें "वाटर वूमेन" की पहचान मिली।

## 45 हजार हरे पत्तल और पांच हजार अभिमंत्रित पौधे बांटे

गौरतलब है कि पिछले मंगलवार को भी शिप्रा पाठक ने 55 हजार हरी पत्तलों के वितरण के साथ इस विशेष पर्यावरण अभियान का शुभारंभ किया था। लगातार दूसरे बड़े मंगल पर हुए इस महाअभियान ने राजधानी में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना शुरू कर दिया है। राजधानी लखनऊ में बड़े मंगल पर चला यह अभियान अब सामाजिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण की नई मिसाल बनता जा रहा है। वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो धार्मिक आयोजनों के माध्यम से भी समाज और पर्यावरण दोनों की सेवा की जा सकती है।

# कमरे में जमीन पर पड़ा मिला था कर्मचारी का शव, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत

## जिला अदालत के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का गार्ड रूम में सोमवार को पड़ा मिला शव

- नम आंखों से बरेली में हुआ सुधीर कुमार के शव का अंतिम संस्कार
- मायके वालों के साथ बरेली पहुंची पत्नी, अंतिम संस्कार के बाद लौटी वापस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पत्नी की प्रताड़ना से परेशान अदालत के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने सोमवार को करीब तीन बजे अदालत के गार्ड रूम में फंदे पर लटककर आत्म हत्या कर ली। लेकिन उसका शव कर्मचारियों ने देखा तो जमीन पर पड़ा था। पुलिस ने देर रात करीब 10 बजे पोस्टमॉर्टम कराया तो सामने आया कि हैंगिंग से ही उसकी मौत हुई है। मंगलवार को बरेली में उसके शव का अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों को रो करकर बुरा हाल है।



अंतिम संस्कार के समय सुधीर की पत्नी नतीशा अपनी मायके वालों के साथ पहुंची और संस्कार के बाद मायके लौट गई। परिवार समेत अन्य रिश्तेदार भी इस तरह के व्यवहार को देखकर दंग रह गए। परिजनों ने बातया कि उसे पति की मौत का जरा भी गम नहीं था।

अलापुर कस्बे के मूल निवासी महेंद्र पाल सिंह सालों पहले अपने परिवार के साथ बरेली में रहने लगे। वह पुलिस विभाग में एसआई के पद पर शाहजहांपुर में तैनात हैं। उनके तीन बेटे थे। बड़ा बेटा सुधीर कुमार तीन साल पहले अदालत में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्त हुए थे। उनकी पहली नियुक्ति सहसवान में हुई। वर्ष 2024 में उनकी शादी नतीशा के साथ हो गई। शादी के कुछ समय बाद ही सुधीर व नतीशा में अनबन होने लगी। पत्नी की प्रताड़ना इस कदर बढ़ गई कि सुधीर ने अपनी जीवन लीला को समाप्त करने का कदम उठा लिया। उसके इस कदम से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मंगलवार को शव जब अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया तो हर आंख नम हो गई। पत्थर दिल पत्नी कुछ देर के लिए पति के अंतिम दर्शन करने के लिए मायके वालों के साथ बरेली पहुंची और वापस लौट गई।

### आत्महत्या का उकसाने की धारा में पत्नी समेत ससुरालियों पर दर्ज हो सकती है रिपोर्ट

अंतिम संस्कार के बाद भी परिवार के सदस्य बेसुध हैं। एक नजदीकी रिश्तेदार ने बताया कि अभी थाना पुलिस को तहरीर नहीं दी गई। परिवार कुछ शांत हो जाए तब पुलिस को तहरीर दी जाएगी। जिसने सुधीर को आत्म हत्या के उकसाया है उसके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। दोषियों को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। मामले की जांच पुलिस कर रही है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलती है तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। जो भी दोषी होगा उसे छोड़ा नहीं जाएगा।

–हरेंद्र सिंह, इंसपेक्टर

## पुलिस को रुपयों से भरा बैग मिला, पीड़ित को लौटाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाने से संचालित पीआरवी 7841 को एक अज्ञात बैग मंगलवार को दातागंज तिराहे के पास मिला। बैग को पीआरवी के कर्मचारियों ने थाना सिविल लाइंस को सुपुर्द किया। प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन हरेन्द्र सिंह ने बैग खोलकर देखा तो बैंक पासबुक पर अंकित खाताधारक व्यक्ति का नाम रामविलास मिश्रा पुत्र महाराम मिश्रा ग्राम पाठक नगला थाना उसहैत को सूचना दी गयी। रामविलास सूचना मिलने पर थाने पर पहुंचे। बताया कि मैं अपनी बाइक से बदायूं से दवाई लेकर अपने गांव जा रहा था। मेरा बैग बाइक के पीछे बधा था, बैग की तनी टूट जाने के कारण बैग कहीं रास्ते में गिर गया। इस बात की मुझे कोई जानकारी नहीं हो पायी थी। रामविलास ने अपने बैग को पहचानते हुए कहा कि यही मेरा बैग है। बैग को रामविलास के सामने चैक किया गया जिसमें से 1,31,000 रुपये, पैन कार्ड , बैंक पासबुक, चैक बुक व आधार कार्ड मिले।



## महेश नवमी की तैयारी को बैठक, बनाई गई रणनीति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिल्सी।** नगर के महेश नवमी महोत्सव 2026 के लिए माहेश्वरी बंधुओं की एक बैठक माहेश्वरी इन्टर कालेज में मंगलवार को आयोजित हुई।

माहेश्वरी बंधुओं ने सर्व समिति से महेश नवमी महोत्सव के लिए अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी बाबा को चुना गया। दीपक बाबा ने बताया कि इस वर्ष महेश नवमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इस अवसर पर राकेश माहेश्वरी सराफा, सपिल मालपानी, मुकुल मालपानी, चन्दसेन माहेश्वरी, सचिन असावा, अवधेश लड्डा, गौरव माहेश्वरी, अदित्य माहेश्वरी, हर्ष सोमानी, सचित तोषनीवाल, प्रखर माहेश्वरी, अखिल मालपानी, प्रफुल्ल मालपानी आदि बन्धु उपस्थित रहे एवं युवा टीम हर्ष सोमानी के साथ बड़ी ही धूमधाम से महेश नवमी महोत्सव मनाया जायेगा।

## उपजिलाधिकारी शंखपुरी की सख्ती से तहसील में मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली, बदायूं।** तहसील बिसौली में नवागत उपजिलाधिकारी साईं आश्रित शंखपुरी के पदभार संभालते ही प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उनकी सख्त कार्यशैली से तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगनी शुरू हो गई है, जिससे आम जनता में राहत की लहर है।



नवागत उपजिलाधिकारी।

उपजिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सीधे सुनी जा रही हैं और उनका त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। पहले जहां लोगों को अपनी शिकायतों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था, वहीं अब मौके पर ही समाधान मिलने से लोगों का भरोसा प्रशासन पर बढ़ा है। साफ शब्दों में दलालों और भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को चेतावनी दी है कि यदि वे तहसील परिसर में दिखाई दिए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस सख्ती के चलते दलालों में हड़कंप मचा हुआ है और उनकी सक्रियता में भारी कमी आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय बाद तहसील में एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी की तैनाती हुई है, जो बिना किसी दबाव के निष्पक्ष कार्य कर रहे हैं। उपजिलाधिकारी की इस पहल से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ी है और आम जनता को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

## सीएमओ ने किया अस्पतालों का औचक निरीक्षण, ड्यूटी के गायब मिले कर्मचारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सीएमओ डॉ. मोहन झा ने मंगलवार को विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वजीरगंज, घटपुरी, बगरैन और नौली हरनाथपुर में भारी अव्यवस्था देखने को मिली। ड्यूटी से नदारद मिले डॉक्टरों और कर्मचारियों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सीएमओ ने सभी का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।

सीएमओ डॉ. मोहन झा ने मंगलवार सुबह स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण की शुरुआत घटपुरी सीएचसी से हुई यहां 6 कर्मचारी ड्यूटी से नदारद मिले। इसके बाद सीएचसी वजीरगंज, पीएचसी बगरैन और नौली हरनाथपुर पहुंचे जहां वजीरगंज के 8 कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले। बगरैन पीएचसी तैनात डॉक्टर सुबह 8 बजे के बजाय 10 बजे अस्पताल पहुंचे। वहीं, नौली हरनाथपुर केंद्र पर एलटी और फार्मासिस्ट ड्यूटी से नदारद मिले। सीएमओ ने केंद्रवार उपस्थिति पंजिका और सफाई व्यवस्था की भी बारीकी से जांच की। सफाई में कमी और स्टाफ रजिस्टर में गड़बड़ी पाए जाने पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों की सेवा में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अनुपस्थित कर्मियों का उस दिन का वेतन काटने का आदेश जारी कर दिया गया है।



## घर में मिला बृद्धा का कंकाल रूपी शव, पोस्टमॉर्टम को भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर की काशीराम कॉलोनी में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। कूड़ा बीनकर जीवनयापन करने वाली वृद्धा पतंग देवी का घर के अंदर कंकाल रूपी शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

कई दिनों से घर से बाहर न निकलने पर लोगों को शक हुआ, जबकि मंगलवार को खेलते समय बच्चों ने दरवाजे से झांककर अंदर देखा तो खाट पर कंकाल पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को दी। कोतवाल कमलेश मिश्र पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दरवाजा तुड़वाया। कमरे में तेज बदबू फैली हुई थी तथा चारों ओर कूड़े के ढेर लगे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से कस्बा मुड़िया निवासी पतंग देवी अपने पति रामनिवास वाल्मीकि के साथ पिछले करीब दस वर्षों से काशीराम आवास के ब्लॉक-1 स्थित क्वार्टर नंबर 7 में रह रही थी। चार वर्ष पूर्व पति की मौत के बाद वह अकेली रह गई थी और कूड़ा बीनकर अपना पेट पालती थी। मोहल्ले वालों के अनुसार वह पिछले करीब दस दिनों से दिखाई नहीं दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बालिकाओं को दी सरकारी योजनाओं की जानाकरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, नए कानून और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मंगलवार को मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल प्रियंका एवं महिला आरक्षी कृष्णा द्वारा नगर के रामलीला मैदान के समीप स्कूली बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला अपराधों से बचाव, साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया। इस दौरान पंपलेट वितरित कर नए कानून और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।

**गौसेवा** — ब्रह्मदत्त पहला गौशालाधाम जहां सैकड़ों गोवंशों को 24 घंटे पीने के पानी की ऑटोमेटिक व्यवस्था

# गोमाता जल सेवा का ब्रह्मदत्त गौशालाधाम में हुआ विधिवत शुभारम्भ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** दातागंज मार्ग स्थित श्रीमद ब्रह्मदत्त गौशालाधाम अब जनपद का पहला गौशाला धाम बन गया है, जहां पल रहे बेसहारा सैकड़ों गोवंशों के लिए पीने के पानी की 24 घंटे ऑटोमेटिक व्यवस्था की गयी है। गोमाता जल सेवा का विधिवत उद्घाटन करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि गऊ माता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं होती है। हमारे धर्मग्रंथों के अनुसार देशी गौमाता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। उनकी सेवा करके सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना हो जाती है। ब्रह्मदत्त गौशाला धाम आकर मन में एक अलग तरह की सुखद अनुभूति होती है। धाम में वास्तव में सैकड़ों गऊ माताओं की सेवा निस्वार्थ भाव से की जा रही है। अब आज यहां सभी गायों के लिए पीने के पानी की आटोमेटिक जल व्यवस्था का शुभारम्भ भी हो गया है। इससे चिलचिलाती गर्मी में भी हमारी गऊ माताओं के लिए 24 घंटे पीने का पानी उपलब्ध रहेगा। इस तरह ब्रह्मदत्त गौशाला धाम गऊ सेवा का अद्वितीय धाम बन गया है।





गोमाताओं के लिए जल सेवा की व्यवस्था करने वाले रूप नारायण एंड संस परिवार के अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारा परिवार गौशाला धाम से अनेक वर्षो से जुडा है। यहां आकर ऐसा एहसास होता है कि हम वृन्दावन आ गए हों। चारों ओर गायें और हर जगह कान्हा जी के मधुर मधुर भजन जब कानों में पड़ते हैं, तो मन को बहुत अच्छा लगता है। यह जल सेवा हमारे परिवार ने नहीं करी है, बल्कि कान्हा जी ने हमसे करवाई है। आगे भी कान्हा जी जैसा करवाएंगे, वैसा उनका आदेश हम मानते रहेंगे। कार्यक्रम के बीच में ही धाम में भूसा सेवा करने वाले परिवारों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री राधा रसिक विहारी मंडल बदायूँ के सूर्यप्रकाश एवं उनकी भक्त मंडली द्वारा प्रस्तुत किये गए मधुर भजनो का उपस्थित भक्तजनों ने खूब आनन्द लिया। गोपालक सचिन भारद्वाज "यशोधन" ने कहा कि इस गौशाला धाम का केवल एक ही उद्देश्य है कि हम किस तरह अपनी भावी पीढ़ी में गौसेवा के संस्कारो को जीवंत रख सकें। इसलिए इस धाम में ऐसे छोटे छोटे कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

### यह लोग रहे मौजूद

शशि गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अजय गुप्ता, सुभाष चंद्र गुप्ता, के एल गुप्ता, संजीव राधा प्रकाश, प्रेमप्रकाश अग्रवाल, इन्द्रेश रस्तोगी, उमेश रस्तोगी, प्रमोद राधा गोयल, अनिल जटवानी, रूपेंद्र सिंह लाम्बा, शरद सक्सेना, अमलेश गुप्ता, अशोक नारंग, मनीष जैन, आर . के . उपाध्याय, नीरज सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आरंभ किया गया। जिसमें कक्षा एक से कक्षा 3 तक की कक्षाओं में रंगोली आर्ट एंड क्राफ्ट मेहंदी, क्ले मॉडलिंग डांस, इंग्लिश स्पीकिंग की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। समर कैंप में प्रशिक्षण दे रही विद्यालय की शिक्षिका श्वेता शर्मा ने बताया बच्चों में टैलेंट की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो उसे निखारने की है। शिक्षिका सुंदरी, विनीता, स्वाती सक्सेना, दिव्या चौहान, सिम्मी, रीता, नीलोफर चेतना, नीलम, शगुफ्ता, सुरभि मिश्रा, कुमकुम मिश्रा, अर्चना रस्तोगी आदि सभी शिक्षकों ने बच्चों से बहुत ही अच्छे अच्छे कार्ड आर्ट एवं क्राफ्ट के उपयोगी साज सजा के सामान एंव किले मॉडलिंग में शिवलिंग, शिवजी व गणेश जी विभिन्न प्रकार के फूल एवं फल आदि बनवाए। छात्र-छात्राओं में आरव गौर, अंश कश्यप, आर्यन सिंह, अरहव हुसैन, अन्वी, अंशुमन, आशुतोष, अर्जुन सिंह, अनुभव, अनिका यादव, आर्यवीर, अर्णव कुमार, बिपाशा, दिव्यांशु, हर्ष यादव, जय यादव, कुलदीप यादव, मयंक, महक यादव, मुकेश, मिस्टी यादव, निशा यादव, पंकज कुमार शर्मा, साक्षी, शिव यादव, शिवांशी, शिवांग चौहान, तान्या पाठक का प्रदर्शन श्रेष्ठ रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मीनू बत्रा ने सभी शिक्षकों के परिश्रम व रुचि की प्रशंसा की एवं कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों की कल्पना शक्ति तीव्र होती है एवं सृजनात्मकता बढ़ती है।

## व्हीलचेयर क्रिकेट में यूपी बना तीन बार का चैंपियन, फाइनल में हरियाणा को 5 रन से हराया



**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा में आयोजित पांचवीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने हरियाणा को पांच रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान सोमजीत सिंह की अगुवाई में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरी बार राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाए। टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की टीम ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन 20 ओवर में आठ विकेट पर 186 रन ही बना सकी और उत्तर प्रदेश ने मुकाबला पांच रन से जीत लिया। उत्तर प्रदेश के अनिल सिंघानिया को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने महत्वपूर्ण 27 रन बनाने के साथ दो विकेट भी हासिल किए। जीत के बाद कप्तान सोमजीत सिंह ने इस सफलता का श्रेय टीम के सामूहिक प्रदर्शन, मेहनत और संघर्ष को दिया।

# पहले टेस्ट में बांग्लादेश से 104 रन से हारा पाकिस्तान





**ढाका।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ ढाका में खेले गए दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में 104 रन से जीत हासिल की है। शान मसूद की अगुआई में खेल रही पाकिस्तान टीम 268 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 163 रन पर सिमट गई। इस तरह बांग्लादेश ने 104 रन से पहले टेस्ट अपने नाम किया और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।

ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में हुए इस टेस्ट में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 413 रन बनाए थे। मोमिनुल हक ने 91 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने 12 चौके और दो छक्के की मदद से 101 रन की शानदार पारी खेली। मुशफिकुर रहीम ने 71 रन बनाए। इसके अलावा लिटन दास ने 31 रन और तस्कीन अहमद ने 19 गेंद में 28 रन की तूफानी पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद अब्बास ने पांच विकेट लिए। वहीं, शाहीन अफरीदी को तीन विकेट मिले। हसन अली और नोमान अली को एक-एक विकेट मिला।

413 रन का पीछा करते हुए पाकिस्तान की पहली पारी 386 रन पर सिमट गई। अजान अवैस ने 14 चौके की मदद से 103 रन बनाए। इसके अलावा इमाम उल हक ने 45 रन और अब्दुल्ला फजल ने 60 रन की पारी खेली। मोहम्मद रिजवान ने 59 रन और सलमान आगा ने 58 रन बनाए। कप्तान शान मसूद नौ रन और सऊद शकील खाता नहीं खोल सके। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने पांच विकेट झटके। वहीं, तस्कीन अहमद और तैजुल इस्लाम को दो-दो विकेट मिले। नाहिद को एक विकेट मिला।

बांग्लादेश को पहली पारी के आधार पर 27 रन की बढ़त मिली। अपनी दूसरी पारी में बांग्लादेश ने नौ विकेट पर 240 रन बनाए और पारी घोषित कर दी। मोमिनुल हक ने 56 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान नजमुल शांतो ने 87 रन बनाए। मुशफिकुर ने 22 रन और मिराज ने 24 रन की पारी खेली। इस तरह बांग्लादेश ने 267 रन की कुल बढ़त हासिल की और पाकिस्तान के सामने 268 रन का लक्ष्य रखा। पाकिस्तान की ओर से दूसरी पारी में नोमान अली और हसन अली ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, शाहीन को दो विकेट मिले। अब्बास ने एक विकेट लिया। जवाब में पाकिस्तान की दूसरी पारी 163 रन पर सिमट गई। अब्दुल्लाह फजल ने सबसे ज्यादा 66 रन बनाए। इसके अलावा कोई बल्लेबाज 50 का आंकड़ा नहीं पार कर सका। सलमान आगा ने 26 रन और रिजवान-अवैस ने 15-15 रन बनाए। इनके अलावा कोई पाकिस्तानी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। बांग्लादेश की ओर से नाहिद राणा ने पांच विकेट लिए। वहीं, तैजुल इस्लाम और तस्कीन अहमद को दो-दो विकेट मिले। मिराज ने एक विकेट लिया। दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट 16 मई से सिलहट में खेला जाएगा।

# दिल तोड़ने वाला रहा एलएसजी का सफर



**लखनऊ।** आईपीएल का मौजूदा सत्र लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के लिए बुरे सपने की तरह बीता। रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स से मिली हार के साथ टीम के लिए प्लेऑफ के दरवाजे पूरी तरह बंद हो गए। अंक तालिका में अंतिम पायदान यानी दसवें स्थान पर फिसल चुकी एलएसजी अगर आने वाले तीन मुकाबलों में जीत दर्ज नहीं कर सकी तो यह टीम का पांच साल के आईपीएल इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन होगा।

अभी तक के प्रदर्शन को आधार माना जाए तो बल्लेबाजी में मिचेल मार्श (11 मैच में 377 रन) और गेंदबाजी में प्रिंस यादव (11 मैच में 16 विकेट) को छोड़कर अन्य कोई खिलाड़ी चमक नहीं बिखेर सका। एकजुटता का अभाव लखनऊ सुपरजायंट्स के इस सत्र में खराब प्रदर्शन का सबसे बड़ा कारण रहा। इसके अलावा 27 करोड़ी ऋषभ पंत को लेकर भी कई सवाल उठे।

11 मैच में 27.88 की औसत से 251 रन बनाने वाले पंत भले ही टीम से सबसे अधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे, लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लगाए एकमात्र अर्धशतक (नाबाद 68) के अलावा उनका बल्ले से बड़ा योगदान नहीं आया। पंत की कप्तानी को लेकर भी तमाम सवाल उठे कि उन्होंने खिलाड़ियों का उपयोग सही ढंग से नहीं किया। इस कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 15 मई को लखनऊ सुपरजायंट्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच होने वाले मुकाबले में खेलने को लेकर महेंद्र सिंह धोनी पर संशय बना हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धोनी पूरी तरह फिट है और नेट्स पर अभ्यास कर रहे हैं।

लखनऊ के खिलाफ चेन्नई में रविवार को होने वाले मुकाबले में उनके खेलने की संभावना थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में अगर धोनी 15 मई को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच खेलने नहीं आते हैं तो प्रदेश के प्रसंशकों को खासी निराशा होगी। इसका असर टिकटों की ब्रिकी पर भी पड़ सकता है। आईपीएल में शुरुआती मुकाबले हारने वाली चेन्नई सुपरकिंग्स ने लय वापस पाकर प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी जताई है।

लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम 15 मई चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए सोमवार शाम लखनऊ पहुंच गई है। टीम प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को टीम के खिलाड़ी अभ्यास की जगह आराम को तरजीह देंगे। टीम के 13 मई को इकाना स्टेडियम में अभ्यास करने की जानकारी है। 13 मई को चेन्नई की टीम लखनऊ आएगी और 14 मई को शाम के सत्र में अभ्यास करके तैयारियों को अंतिम रूप देगी।

## 'अश्लील' इशारे पर एक्शन, आरसीबी स्टार टिम डेविड पर कार्रवाई, मैच फीस का 30 प्रतिशत कटा



**चंडीगढ़।** आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के ऑलराउंडर टिम डेविड एक नए विवाद में फंस गए हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए रोमांचक मुकाबले के दौरान मैदान पर 'अश्लील' इशारा करने के कारण उन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दो डिमेरिट अंक भी दिए गए हैं।

यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा था, जिसमें आरसीबी ने आखिरी समय में दो विकेट से जीत हासिल की थी। मैच के दौरान टिम डेविड का एक इशारा कैमरे में कैद हो गया, जिसे आईपीएल अधिकारियों ने अनुचित माना। इसके बाद मैच रेफरी अमित शर्मा ने मामले की समीक्षा की और खिलाड़ी को दोषी पाया।

आईपीएल की आचार संहिता के नियम 2.6 के तहत किसी भी खिलाड़ी को ऐसा इशारा, भाषा या व्यवहार करने की अनुमति नहीं है जो अश्लील, अपमानजनक या आपत्तिजनक माना जाए। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और मैच रेफरी द्वारा दी गई सजा को मान लिया। आईपीएल दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट लीगों में से एक है और यहां खिलाड़ियों के व्यवहार पर खास नजर रखी जाती है। मैदान पर खिलाड़ियों से सिर्फ अच्छा प्रदर्शन ही नहीं बल्कि अनुशासित व्यवहार की भी उम्मीद की जाती है। यही कारण है कि आईपीएल प्रबंधन किसी भी तरह की अनुचित हरकत पर तुरंत कार्रवाई करता है।

## खाने-पीने की चीजों ने बिगाड़ा बजट अप्रैल में 3.48% पर पहुंची महंगाई दर

**नई दिल्ली।** खाने-पीने की चीजों के महंगे होने से अप्रैल में भारत की खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.48 प्रतिशत हुई। महंगाई दर आरबीआई के 4% के लक्ष्य से अभी भी नीचे है, लेकिन टमाटर और पर्सनल केयर उत्पादों की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है।

भारत में आम आदमी को महंगाई के मोर्चे पर हल्का झटका लगा है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह बढ़कर 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने यानी मार्च में यह आंकड़ा 3.4 प्रतिशत पर था। इस बढ़ोतरी के पीछे मुख्य वजह खाने-पीने की चीजों, विशेषकर रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों की कीमतों में आया उछाल है। हालांकि, अर्थव्यवस्था के लिए राहत की बात यह है कि समग्र महंगाई दर अब भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चार प्रतिशत के लक्ष्य के काफी नीचे है।




# 26 रन बनाते ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर लेंगे क्लासेन



**अहमदाबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के अनुभवी बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन गुजरात टाइटंस के खिलाफ बड़ी उपलब्धि हासिल करने के करीब हैं। क्लासेन अगर गुजरात के खिलाफ 26 रन बना लेते हैं तो वह आईपीएल में 2000 रन पूरे कर लेंगे।

आईपीएल 2026 में मंगलवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच मुकाबला नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। एसआरएच 14 अंक के साथ दूसरे और गुजरात 14 अंक के साथ तीसरे नंबर पर है। जो भी टीम ये मुकाबला जीतेगी वो 14 अंक के साथ ही पहले स्थान पर काबिज आरसीबी को पीछे छोड़ 16 अंक के साथ पहला स्थान हासिल कर लेगी, इसलिए मैच के रोमांचक होने की उम्मीद है। गुजरात और एसआरएच के बीच होने वाले मुकाबले में ऑरेंज कैप होल्डर और एसआरएच के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। क्लासेन ने 2018 से शुरू हुए अपने आईपीएल करियर में अब तक 60 मैच खेले हैं और 42.91 की औसत और 166.44 की स्ट्राइक रेट से 1974 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से दो शतक और 12 अर्धशतक निकले हैं। गुजरात के खिलाफ क्लासेन अगर 26 रन और बनाने में कामयाब रहते हैं तो उनके 2000 आईपीएल रन हो जाएंगे और इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वे सातवें दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बन जाएंगे।

क्लासेन सीजन में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वह 11 मैचों की 11 पारियों में 494 रन बना चुके हैं। गुजरात के खिलाफ छह रन बनाते ही इस सीजन उनके 500 रन पूरे हो जाएंगे। क्लासेन इस सीजन में 500 रन के आंकड़े को छूने वाले पहले बल्लेबाज बन सकते हैं। ऐसा पहली बार होगा जब क्लासेन किसी सीजन में 500 रन के आंकड़े को छूएंगे। कुल रनों के हिसाब से क्लासेन का यह सर्वश्रेष्ठ सीजन है।

क्लासेन से पहले आईपीएल में 2000 या उससे ज्यादा रन जिन दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने बनाए हैं उनमें एबी डिविलियर्स (2008 से 2021 के बीच 184 मैचों में 5162 रन), फाफ डुप्लेसिस (2012 से 2025 के बीच 154 मैचों में 4773 रन), क्विंटन डिकॉक (2013 से 2026 तक 118 मैचों में 3,441 रन), डेविड मिलर (2012 से 2026 तक 150 मैचों में 3251 रन), जैक कैलिस (2008 से 2014 के बीच 98 मैचों में 2427 रन), और जेपी डुमिनी (2009 से 2018 के बीच 83 मैचों में 2029 रन) का नाम शामिल है।

## दुनिया मां बनने के बाद खिलाड़ियों को वापसी में मदद करती है लेकिन विनेश को रोका जा रहा है : साक्षी



**नयी दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के साथ खेलों में वापसी को लेकर चल रहे विवाद में विनेश फोगाट का समर्थन करते हुए कहा कि दुनिया भर में मां बनने के बाद महिलाओं को वापसी के लिए नियमों में ढील दी जा रही है, वहीं दूसरी ओर विनेश की राह रोकने की कोशिश हो रही है।

डब्ल्यूएफआई द्वारा अयोग्य घोषित किए जाने के बावजूद विनेश गोंडा में आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पहुंचीं। महासंघ ने उन्हें लंबा कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा कि डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के बाद वापसी करने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य छह महीने की नोटिस अवधि पूरी किए बिना उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती। दस महीने के बेटे की मां विनेश ने नोटिस का जवाब देते हुए पीछे हटने से इनकार कर दिया है, जबकि डब्ल्यूएफआई अपने रुख पर कायम है। यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर डब्ल्यूएफआई के तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ हुए चर्चित आंदोलन के दौरान साक्षी, विनेश की करीबी सहयोगी थीं। हालांकि बाद में विनेश के कांग्रेस में शामिल होने के बाद दोनों के रास्ते अलग हो गए। साक्षी ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा, ''मुझसे इस मुद्दे पर राय मांगी गई थी और मैं पिछले दो-तीन दिनों से सोच रही थी, क्योंकि विनेश एक राजनीतिक दल की विधायक हैं और मेरा किसी भी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं है।




## सेंसेक्स 1456 अंक टूटा, निफ्टी 23450 से नीचे पहुंचा



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को भी भारी गिरावट दर्ज की गई। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स लगभग 1500 अंक टूट गया, वहीं निफ्टी 24400 के नीचे आ गया। आइए बाजार की चाल के बारे में विस्तार से जानते हैं।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और प्रधानमंत्री की ओर से देश के लोगों से की गई मितव्ययिता की अपील के बाद घरेलू शेयर बाजार की भावनाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। सेंसेक्स मंगलवार को 1,456.04 अंक गिरकर 74,559.24 पर बंद हुआ तो निफ्टी 436.30 अंक गिरकर 23,379.55 पर आ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर 95.63 (अस्थायी) पर आ गया।

सोमवार के बाद मंगलवार को भारतीय भारतीय शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 2% तक लुढ़क गए। रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचने, तेल की चढ़ती कीमतों और विदेशी निवेशकों की बेरुखी से बाजार को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा।

सेंसेक्स 1,456 अंक से अधिक गिरकर 74,559 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 436 अंक से अधिक गिरकर 23,379 पर बंद हुआ। बाजार में उतार-चढ़ाव मापने वाला सूचकांक इंडिया वीआईएक्स 4% बढ़कर 19.26 हो गया। इस गिरावट के कारण बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी आई, जिससे यह घटकर 457 लाख करोड़ रुपये गया। बाजार में आई इस सुनामी का असर लगभग सभी प्रमुख सेक्टर्स पर पड़ा है, लेकिन इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) और रियल्टी शेयरों ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे खींचने का काम किया।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।